राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्षः 08 अंकः 123 पृष्ठः 12

RNI : HARHIN/2016/68417

actionindiaharyana@gmail.com हरियाणा संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group



किर्गिस्तान रिपब्लिक के वित्त मंत्री से मुलाकात करते हुए विदेश मंत्री एस. जयशंकर।

## मणिपुर में हिंसा थमी... कर्फ्यू जारी



**टीम एक्शन इंडिया/इंफाल**

**मणिपुर** में मैतेई आरक्षण विवाद को लेकर भड़की हिंसा के बाद शुक्रवार को यहां हालात नियंत्रण में हैं। राज्य के 16 में से 8 जिलों में कर्फ्यू जारी है। सेना के 55 कॉलम और असम राइफल्स की टुकड़ी तैनात कर दी गई है। हिंसा में अब तक कुछ लोगों के मारे जाने की सूचना है। हालांकि, इसे लेकर अब तक कोई पुष्टि नहीं की गई है। सौ से ज्यादा लोग घायल हैं। मोबाइल इंटरनेट बेमियादी रूप से बंद कर दिया गया है। अपरिहार्य हालत में दंगाइयों को देखते ही गोली मारने के आदेश दिए हैं। साथ ही मणिपुर जाने वाली ट्रेनों को रोक दिया गया है। उधर, अब तक राज्य में 11 हजार लोगों को राहत कैंपों में शिफ्ट किया गया।

मणिपुर के बाद मेघालय में भी झड़प, 16 गिरफ्तार: मेघालय की राजधानी शिलांग में भी कुकी और मैतेई समुदाय के कॉलेज स्टूडेंटस में झड़प हो गई। बताया जा रहा है कि दोनों समुदाय के बीच मारपीट भी हुई। पुलिस ने इस मामले में 16 लोगों को गिरफ्तार किया है।

## मुरैना में 6 लोगों की गोली मारकर हत्या



**टीम एक्शन इंडिया/मुरैना**

**मुरैना** के लेपा भिड़ोसा गांव में शुक्रवार सुबह एक परिवार के 6 लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने बताया कि गांव के 2 परिवारों के बीच पिछले 10 साल से रंजिश चल रही है। इसके चलते ही शुक्रवार को एक परिवार ने दूसरे परिवार पर फायरिंग कर दी। 3 पुरुष और 3 महिलाएं मारी गई हैं, सभी एक ही परिवार के हैं। 3 लोग घायल हैं। इसी गांव के रविंद्र सिंह कांग्रेस विधायक हैं। मुरैना में हुए हत्याकांड का वीडियो सामने आया है। इसमें हमलावर लोगों को लाठियों से पीट रहे हैं। कुछ लोग बंदूक और लाठियां लेकर सड़क पर खड़े हैं। इसी बीच एक युवक आता है और एक के बाद एक 9 लोगों को गोली मार देता है। गोली लगने के बाद सभी लोग जमीन पर पड़े दिख रहे हैं। घटनास्थल पर बच्चे भी थे, जिन्हें एक महिला ने आवाज लगाकर घरों के अंदर बुला लिया। इस महिला की आवाज भी वीडियो में आ रही है। फायरिंग में लेस कुमारी पत्नी वीरेंद सिंह, बबली पत्नी नरेंद्र सिंह तोमर, मधु कुमारी पत्नी सुनील तोमर, गजेंद्र सिंह पुत्र बदलू सिंह, सत्यप्रकाश पुत्र गजेंद्र सिंह व संजू पुत्र गजेंद्र सिंह है।

# आतंकवाद सबसे बड़ा खतरा: मोदी

### बम-बारूद के बगैर ये समाज को भीतर से खोखला करने की आतंकी साजिश

**टीम एक्शन इंडिया/कर्नाटक**

**कर्नाटक** विधानसभा चुनाव प्रचार के आखिरी राउंड में पीएम नरेंद्र मोदी ने इस वक्त की देश की सबसे चर्चित फिल्म केरल स्टोरी पर बात की। पीएम ने कहा कि केरल देश का इतना खूबसूरत राज्य है। ऐसे में वहां चोरी-छिपे किस तरह की आतंकी साजिश रची जा रही थी। उसे पूरी दुनिया देख रही है। यही नहीं पीएम ने कांग्रेस का आतंकवादियों के लिए क्या रुख रहता है। इस पर बात करते हुए कहा कि जब भी आतंकवाद पर कार्रवाई होती है कांग्रेस के पेट में दर्द होने लगता है। नरेंद्र मोदी ने बेल्लारी में हुई रैली में भाषण की शुरूआत जय बजरंग बली के जयकारे के साथ की। इसके बाद उन्होंने कहा कि कांग्रेस को मेरे जय बजरंग बली बोलने से भी आपत्ति है। बेल्लारी में पीएम मोदी ने करीब 47 मिनट का भाषण दिया।



**'सूडान से कर्नाटक के भाई-बहनों को सुरक्षित लाए'**

**सूडान** में मौजूदा गृह युद्ध को देखते हुए कर्नाटक के कई लोगों को भारत सुरक्षित वापस लाया गया है। इस पर पीएम ने कहा कि सूडान की स्थिति देखकर बड़े-बड़े देशों ने भी अपने नागरिकों को वहां से निकालने से मना कर दिया था लेकिन भारत सरकार अपनी कोशिशों में लगी हुई थी। हमने ऑपरेशन कावेरी चलाया और ऐसी-ऐसी जगहों से हमारे लोगों को वापस लाए जहां विमान तक उतरना मुश्किल हो रहा था और ऐसे मुश्किल समय में कांग्रेस ने देश का साथ नहीं दिया।

पिछले करीब एक हफ्ते में मोदी का यह तीसरा कर्नाटक दौरा है।

**आतंकवाद पर प्रहार:** पीएम नरेंद्र मोदी ने अपने संबोधन पर आतंकवाद के खात्मे पर खुलकर बात की। उन्होंने कांग्रेस के आंतकवाद को लेकर रवैये पर कहा कि जब भी आतंकवाद पर कार्रवाई होती है कांग्रेस के पेट में दर्द होने लगता है। पीएम ने कर्नाटक को देश का नंबर वन राज्य बनाने के लिए कहा, कि इसके लिए सुरक्षा व्यवस्था, लॉ एंड ऑर्डर सबसे प्रमुख आवश्यकता है। कर्नाटक का आतंकवाद से मुक्त रहना भी उतना ही जरूरी है। भाजपा हमेशा से आतंकवाद के खिलाफ कठोर रही है।

**फिर से बजरंग बली की जय-जयकार:** कांग्रेस के घोषणा पत्र को लेकर पीएम ने कहा कि कांग्रेस के घोषणापत्र में ढेर सारे झूठे वादे हैं, ये तालाबंदी और तुष्टिकरण का बंडल है। बता दें कांग्नेस ने कुछ दिनों पहले अपना घोषणा पत्र जारी किया था। जिसमें उन्होंने पीएफआई जैसे आतंकी संगठन को बैन करने का वादा किया है। मगर साथ में उन्होंने बजरंग दल पर भी प्रतिबंध की बात कह दी थी जिसको लेकर भाजपा ने काफी विरोध जताया। अब पीएम हर रैली में जय बजरंग बली के जयकारे लगवा रहे हैं।



हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल का जन्मदिवस कई मायनों में खास रहा। मुख्यमंत्री ने कहा कि अनंतकाल से संत महापुरुषों ने सदैव सामाजिक बुराइयों के खिलाफ जन जन को जागरूक करने का काम किया है।

## शरद पवार ही एनसीपी के अध्यक्ष रहेंगे

**टीम एक्शन इंडिया/मुंबई**

**एनसीपी** का नया अध्यक्ष चुनने के लिए 16 सदस्यीय कोर कमेटी की शुक्रवार को मुंबई में मीटिंग हुई। सूत्रों के मुताबिक मीटिंग में पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव प्रफुल्ल पटेल ने पवार का इस्तीफा खारिज करने के लिए प्रस्ताव पेश कर उनसे फैसला वापस लेने का अनुरोध किया। कमेटी के बाकी सदस्यों ने भी इस प्रस्ताव का समर्थन किया और पवार का इस्तीफा नामंजूर कर दिया। शरद पवार ने अपना इस्तीफा वापस ले लिया। शरद पवार भी कह चुके हैं कि नया अध्यक्ष चुनने के लिए 16 सदस्यीय कमेटी जो फैसला लेगी, उन्हें वह मंजूर होगा।

## राजौरी एनकाउंटर में पांच जवान शहीद



**टीम एक्शन इंडिया/श्रीनगर**

**जम्मू-कश्मीर** के राजौरी में सुरक्षाबलों और आतंकवादियों के बीच शुक्रवार सुबह से चल रही मुठभेड़ में सेना के 5 जवान शहीद हो गए हैं। सुबह तक दो जवानों की शहादत की खबर थी। घायल हुए तीन और जवानों की भी मौत हो गई हे। इस तरह यह आंकड़ा 5 हो गया। एक अन्य जवान घायल है। एनकाउंटर करीब 9 घंटे से चल रहा है। यह सुबह 7:30 बजे शुरू हुआ। सूत्रों ने बताया कि सेना ने 2-3 आतंकवादियों को इस इलाके में घेर रखा है। ये वही आतंकी हैं, जो पुंछ में सेना के ट्रक पर हुए अटैक में शामिल थे। राजौरी में दोनों ओर से फायरिंग जारी है। इसी दौरान आतंकवादियों ने ब्लास्ट किया, जिसमें आर्मी जवान शहीद हो गए। जम्मू-कश्मीर के डीजीपी दिलबाग सिंह और एडीजीपी जम्मू मुकेश सिंह भी राजौरी पहुंच गए हैं जहां एनकाउंटर चल रहा है। राजौरी में एनकाउंटर गोवा के पणजी में चल रही एससीओ मीटिंग से पहले शुरू हुआ। इस मीटिंग में पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो भी शामिल हुए। भारत के विदेश मंत्री से उनकी मुलाकात भी हुई। इस मुलाकात के कुछ ही मिनटों के बाद जयशंकर ने भुट्टो के सामने कहा- आतंकवाद दुनिया के लिए सबसे बड़ा खतरा है।

## क्या घाटी में पहुंच रही तालिबान के कब्जे वाली यूएस एम16, एम4 राइफलें?

**टीम एक्शन इंडिया/जम्मू कश्मीर**

2021 में अमेरिका के अफगानिस्तान छोड़ने के बाद 'नाटो' सेनाओं के अनेक हथियार और गोला-बारूद वहीं पर छूट गए थे। तालिबान के कब्जे में आए वे घातक हथियार, अब पाकिस्तान के रास्ते जम्मू-कश्मीर तक पहुंच रहे हैं। इस आशंका ने भारत की सुरक्षा एवं खुफिया एजेंसियों की नींद उड़ा दी है। गत दिनों पुंछ में हुए हमले की जांच के दौरान यह बात सामने आई है कि तालिबान के पास मौजूद अमेरिकन M16 राइफल व M4 कार्बाइन जैसे हथियार, जम्मू-कश्मीर में सक्रिय पाकिस्तानी आतंकी संगठन 'लश्कर-ए-तैयबा' और 'जैश-ए-मोहम्मद' के हाथ लगे हैं। हालांकि अभी इनकी संख्या तय नहीं है। इनके अलावा अफगानिस्तान में बड़े पैमाने पर इस्तेमाल हुई 'स्टील बुलेट' पहले से ही घाटी में मौजूद हैं। अफगानिस्तान से नाटो सैनिकों के वापस लौटने के बाद '85 बिलियन डॉलर' के एयरक्रॉफ्ट, बख्तरबंद गाड़ियां, रॉकेट डिफेंस सिस्टम, मशीन गन और असॉल्ट राइफल सहित भारी मात्रा में गोला बारूद पर तालिबान का कब्जा हो गया था।





# 'जजपा के समर्थन से चल रही सरकार'

## 100 में से 99 मांगों को मनवा चुकी और मौका मिलते ही बुजुर्गों की 51 सौ रुपए की पेंशन का सपना भी पूरा करवाएंगे

**टीम एक्शन इंडिया/कैथल**
शुक्रवार को प्रदेश के डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने कलायत विधानसभा क्षेत्र के गांव जाखौली में स्थित प्राचीन श्री रसमंगल तीर्थ पर आयोजित वैसाख पूर्णिमा उत्सव में शिरकत की। कार्यक्रम के समापन पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा हरियाणा में भाजपा की सरकार को लेकर दिए गए बयान पर दुष्यंत चौटाला ने खुलकर बोलते हुए कहा कि जजपा के समर्थन से हरियाणा में सरकार चल रही है। प्रदेश में किसी एक पार्टी की नहीं गठबंधन की सरकार है। हरियाणा प्रदेश में भाजपा और जजपा के बीच गठबंधन बरकरार है। जजपा गठबंधन के करार अनुसार 100 में से 99 मांगों को मनवा चुकी और मौका मिलते ही बुजुर्गों की 51 सौ रुपए की पेंशन का सपना भी पूरा करवाएंगे। उन्होंने कहा कि 2024 के विधानसभा चुनाव में गठबंधन को लेकर भाजपा और जजपा के नेता फाइनल निर्णय करेंगे। पहलवानों के मामले में बोलते हुए दुष्यंत



चौटाला ने कहा कि इस मामले में पोक्सो एक्ट और अन्य धाराओं में पहले ही मामला दर्ज है। वे चाहते हैं कि दिल्ली पुलिस पहलवानों के मामले में सख्त से सख्त कार्रवाई करे। कस्बा राजौंद में हुई लूटपाट व गोली कांड के विरोध में घायल दुकानदारों के परिजनों ने डिप्टी सीएम की गाड़ी का घेराव किया। कलायत के डीएसपी सज्जन सिंह ने राजौंद के लोगों को समझाने का भरस्क प्रयास किया। भीड़ को देखकर डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला गाड़ी से नीचे उतरे और लोगों को जल्द कार्रवाई का आश्वासन दिया। घायल सुनील की मां केलो देवी ने कहा कि डिप्टी सीएम ने उन्हें कोई ठोस कार्रवाई का आश्वासन नहीं दिया। वे उनके आश्वासन और पुलिस कार्रवाई से संतुष्ट नहीं है। इसके बाद पीड़ित परिवार की महिलाओं ने नारे लगाकर अपना विरोध दर्ज करवाया। इसी तरह मनरेगा मजदूर बीजेपी सीएम से मिलने के लिए पहुंचे थे। मनरेगा मजदूरों ने कहा कि डिप्टी सीएम उन्हें बिना सुने ही चले गए।

**दूसरे चरण में लगेंगे 15 लाख स्मार्ट मीटर :** ऊर्जा मंत्री रणजीत सिंह ने कहा है कि दूसरे चरण में 15 लाख स्मार्ट मीटर का आर्डर दे दिया गया है। पहले चरण में दस लाख मीटर लगाए गए थे। उन्होंने कहा कि पिछले आठ वर्षों से प्रदेश में बिजली के रेट नहीं बढ़ाए गए। रणजीत सिंह शुक्रवार को लोक निर्माण विश्राम गृह में दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम की ओर से आयोजित बिजली पंचायत के दौरान पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि बिजली पंचायत में विभिन्न जिलों से लोग अपनी बिजली संबंधी समस्याएं लेकर आते हैं। बिजली पंचायत में आने वाली समस्याओं में से अधिकतर का समाधान भी मौके पर ही कर दिया जाता है। प्रदेश के पास पर्याप्त बिजली उपलब्ध है। कुछ दिनों से मौसम के अनुकूल होने के चलते बिजली की मांग बहुत ज्यादा नहीं बढ़ी है, इसलिए खेदड़ पावर प्लांट की इकाइयों को भी बंद किया गया है। पानीपत की एक यूनिट में खराबी आई थी, जिसे ठीक कर लिया गया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में इस साल एक हजार करोड़ रुपये सब स्टेशन अपग्रेडशन पर खर्च किए जाएंगे। बिजली मंत्री ने कहा कि इस साल एक लाख सौलर कनेक्शन देने का लक्ष्य रखा गया है।

# मंत्री संदीप सिंह का लाई डिटेक्टर टेस्ट से इनकार

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**हरियाणा की जूनियर महिला कोच** के यौन उत्पीड़न के आरोपों से घिरे मंत्री संदीप सिंह ने पॉलीग्राफ (लाई डिटेक्टर) टेस्ट कराने से इनकार कर दिया है। उन्होंने तर्क दिया कि वे चंडीगढ़ पुलिस की एसआईटी की जांच में शामिल हो चुके हैं। संदीप सिंह ने अपने वकील के जरिए ये जवाब दाखिल किया। चंडीगढ़ पुलिस की एसआईटी ने कोर्ट में संदीप सिंह का पॉलीग्राफी टेस्ट कराने के लिए याचिका दायर की है। पुलिस ने याचिका में कहा है कि मंत्री के दावे पीड़ित महिला कोच के बयान का खंडन कर रहे हैं। ऐसे में मामले में सच्चाई का पता लगाने के लिए संदीप सिंह की ब्रेन मैपिंग जरूरी है। इससे पहले मामले की सुनवाई कर रहे जज के ट्रांसफर होने से पुलिस को फिर तारीख मिली थी। कोर्ट की ओर से सुनवाई के लिए 5 मई की डेट तय की गई थी। हालांकि महिला कोच के वकील ने कोर्ट से अपील की है कि मंत्री के मामले में जल्द सुनवाई के प्रावधान लागू किया जाए।



संदीप सिंह को इस मामले में 4 तारीखों में कोर्ट से मोहलत मिल चुकी है।

**प्वाइंट में दाखिल किया जवाब:** हरियाणा के पूर्व खेल मंत्री संदीप सिंह ने कोर्ट में प्वाइंट में अपना जवाब दाखिल किया है। इस जवाब में संदीप सिंह ने इस पूरे मामले को झूठा बताया है। उन्होंने लिखा है कि जूनियर महिला कोच के द्वारा लगाए गए सभी आरोप निराधार हैं।

वह इस मामले में चंडीगढ़ पुलिस एसआईटी का पूरा सहयोग कर रहे हैं। अभी तक वह 8 जनवरी से 11 जनवरी तक पुलिस जांच में शामिल हो चुके हैं। इसके अलावा वह इस मामले से जुड़े सभी दस्तावेज पुलिस को सौंप चुके हैं।

**31 दिसंबर 2022 को दर्ज हुआ केस:** जूनियर महिला कोच की ओर से यौन उत्पीड़न के संबंध में दी गई शिकायत पर 30 दिसंबर 2022 को पूर्व खेल मंत्री एवं पूर्व ओलंपियन और भारतीय हॉकी टीम के कप्तान रहे संदीप सिंह के खिलाफ केस दर्ज किया था। चंडीगढ़ की सेक्टर-26 थाना पुलिस ने संदीप सिंह के खिलाफ पीछा करने, अवैध रूप से बंधक बनाने, यौन उत्पीड़न और आपराधिक धमकी देने के आरोप में केस दर्ज किया है।



हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल चंडीगढ़ से पंचकूला जाते समय सड़क किनारे एक दिव्यांग महिला की समस्या सुनते हुए। मुख्यमंत्री ने महिला को मौके पर ही अपनी तरफ से आर्थिक सहयोग दिया और सरकारी योजनाओं का लाभ देने का भी भरोसा दिलाया।

## अगवानपुर फाटक के पास दुकान पर रिपेयरिंग के लिए पहुंचा डंपर चोरी

**गन्नौर।** रिपेयरिंग के लिए अगवानपुर फाटक के निकट स्थित दुकान पर पहुंचे डंपर को चोर चोरी कर ले गए। थाना गन्नौर में दुकान संचालक ने चोरी की शिकायत दी। गांव समसपुर गामड़ा के रहने वाले राजेश कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी अगवानपुर फाटक के पास साहिल एग्रो वर्कशॉप के नाम से दुकान है। 10 दिन पहले गांव भोगीपुर के रहने वाले पवन कुमार ने अपना डंपर उसके पास रिपेयरिंग के लिए खड़ा किया था। डंपर का रिपेयरिंग का काम चला हुआ था। 2 मई की रात उसकी दुकान के सामने खड़े डंपर को चोर चोरी कर ले गए। पुलिस ने राजेश कुमार की शिकायत पर अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# नवजात, महिलाओं के पोषण में सुधार, हरियाणा को मिलेगा स्कॉच अवार्ड

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
छह माह से 6 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों, गर्भवती महिलाओं, दूध पिलाने वाली माताओं के पोषण व स्वास्थ्य स्तर में सुधार लाने के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग, हरियाणा द्वारा चलाई जा रही मुख्यमंत्री दूध उपहार योजना को स्कॉच गोल्ड अवार्ड के लिए चुना गया है। महिला एवं बाल विकास मंत्री कमलेश ढांडा ने इसके लिए मुख्यमंत्री मनोहर लाल के दूरदर्शी विजन को इसका श्रेय एवं विभाग की मुख्यालय से लेकर आंगनवाडी स्तर पर कार्यरत अधिकारियों, कर्मचारियों को इसके लिए बधाई दी है। जानकारी देते हुए महिला एवं बाल विकास मंत्री कमलेश ढांडा ने कहा कि प्रदेश में महिलाओं, बच्चों में कुपोषण के बढ़ते खतरे को देखते हुए मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में कोरोना



काल में 5 अगस्त 2020 को मुख्यमंत्री दूध उपहार योजना शुरू की गई थी। इसके तहत आंगनबाड़ी केंद्रों पर चिन्हित बच्चों, गर्भवती महिलाओं, दूध पिलाने वाली माताओं में विटामिन ए व डी 3 की कमी को दूर करने के मकसद से स्किम्ड दूध को साल में 300 दिन उपलब्ध करवाने का लक्ष्य रखा गया था। विभाग के मुख्यालय व जिला स्तर की अधिकारियों की निगरानी व आंगनवाडी केंद्र पर कार्यरत कार्यकर्ता, सहायिकाओं के सहयोग से निरंतर लाभार्थियों के स्वास्थ्य, विशेषकर उनकी पोषण स्थिति में सकारात्मक सुधार देखने को मिला। राज्यमंत्री कमलेश ढांडा ने बताया कि प्रदेश में 6 माह से 6 साल तक के 9 लाख 23 हजार बच्चों, 2 लाख 88 हजार गर्भवती

**▶▶ कोरोना काल में 5 अगस्त 2020 को मुख्यमंत्री दूध उपहार योजना शुरू की गई थी**

महिलाएं व दूध पिलाने वाली माताओं को सप्ताह में छह दिन गुलाब, इलायची, चॉकलेट, वनीला, बटरस्कॉच व सादा दूध स्वाद में दूध उपलब्ध करवाया गया है। इस दूध के माध्यम से लाभार्थियों को प्रोटीन, कैलोरी, कैल्शियम, मैग्नीशियम, विटामिन बी 12, विटामिन ए व डी 3 की प्रचुर मात्रा मिली है, जिसके कारण प्रदेश में पोषण के नजरिए से सामान्य श्रेणी के बच्चों की संख्या में 3.67 प्रतिशत बढ़ोतरी हुई है, जबकि मध्यम रूप से कम वजन वाले बच्चों में 3.66 प्रतिशत कमी दर्ज की गई है।

# 'महाराणा प्रताप की जयंती पर देवी मंदिर से शुरू होगी शोभा यात्रा'

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**
वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती को लेकर सेक्टर 6 राजपूत धर्मशाला में शुक्रवार को एक पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया। जिसमें 7 मई को मनाई जा रहे जयंती को लेकर रूपरेखा तैयार की गई। इस मौके पर सतपाल राणा और राजकुमार राणा ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा है कि 7 मई को शोभा यात्रा पानीपत के ऐतिहासिक देवी मंदिर से शुरू होकर सलारगंज गेट, सीटी थाने के पास से होकर



गुजरेगी। जिसमें सैकड़ों की संख्या में युवा अपनी मोटरसाइकिलों पर केसरिया ध्वज लहरा करके महाराणा प्रताप के जयकारों के साथ राजपूत धर्मशाला में पहुंचेगे। सतपाल राणा ने कहा कि हालांकि शोभायात्रा में कोई भी हथियार लाठी-डंडे और पटाखे छोडने वाली मोटरसाइकिल पर पूरी तरह से प्रतिबंध रहेगा। इस अवसर पर युवा अध्यक्ष पिंटू राणा, प्रदीप राणा, यशपाल राणा, नंद किशोर पुंडीर, नसीब राणा, सुधीर राणा, अनूप राणा, राजेश राणा, अंकित राणा, जसबीर राणा, राजू राणा, गौतम सिंह व सोमबीर राणा आदि मौजूद रहे।

## खिलाड़ियों के समर्थन में किसान सभा ने किया अनशन

**हिसार।** किसान सभा ने शुक्रवार को लघु सचिवालय के समक्ष अनशन करके विरोध जताया गृह मंत्री अमित शाह को बर्खास्त करवाने, कुश्ती संघ के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह को गिरफ्तार करने व महिला खिलाड़ियों के साथ जंतर-मंतर पर दुर्व्यवहार करने वाले पुलिस अधिकारियों को निलंबित करने की मांग पर किसान सभा ने लघु सचिवालय के समक्ष अनशन करके विरोध जताते हुए गृह मंत्री अमित शाह व कुश्ती संघ के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह का पुतला जलाया।

# बुद्ध विचारधारा आगे बढ़ाने के लिए हुआ कार्यक्रम



**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर**
बादशाही रोड स्थित अम्बेडकर चौपाल में बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर अम्बेडकरवादी संगठन द्वारा बुद्ध विचारधारा को आगे बढ़ाकर जीवन में स्थान देने को लेकर कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता बबीता किल्सन ने की। कार्यक्रम को श्याम प्रकाश किलसन, पूनम टांक, डा. ओम सिंह, मनोज राठी आदि ने संबोधित किया। अम्बेडकर बौद्ध धर्म के एक बहुश्रुत, राजनेता और विद्वान थे। औपनिवेशिक युग के दौरान एक दलित परिवार में उनका जन्म हुआ था, विदेश में अध्ययन किया, एक दलित नेता बने, और 1935 में हिंदू धर्म से एक अलग धर्म में परिवर्तित होने के अपने इरादे की घोषणा की। अम्बेडकर ने बौद्ध धर्म के ग्रंथों का अध्ययन किया था। इसके अनुयायी नवयान बौद्ध धर्म को मौलिक रूप से भिन्न विचारों वाले एक संप्रदाय के रूप में नहीं, बल्कि बौद्ध धर्म के सिद्धांतों पर स्थापित नए आंदोलन के रूप में देखते हैं।

# हिसार में बिजली मंत्री ने सुनी समस्याएं

## कनेक्शन को लेकर एसडीओ और ग्रामीणों ने बहस, सबसे ज्यादा ट्यूबवैल कनेक्शन की शिकायतें आई सामने

**टीम एक्शन इंडिया/हिसार**
**हरियाणा के** हिसार में बिजली मंत्री रणजीत चौटाला ने जनता दरबार में समस्याएं सुनी। जिसमें अधिकतर समस्याएं ट्यूबवैल कनेक्शन की आई हुई थी। अधिकारियों को तुरंत समस्या का समाधान करने के आदेश दिए। जिन लोगों की समस्याओं का पिछली मीटिंग में समाधान हो गया था, वे बिजली मंत्री का मुंह मीठा करवाने भी पहुंचे। वहीं पानी सप्लाई को लेकर ग्रामीणों और एसडीओ में बहस हो गई। शहर की स्कॉलर कॉलोनी के लोगों ने सोसाइटी पर एडमिनिस्ट्रेटर नियुक्त किए जाने पर बिजली मंत्री का आभार जताया। यह मामला करीब 3 साल से ज्यादा समय से अटका हुआ था। ग्रीवेंस में भी यह मामला चल रहा था क्योंकि सोसाइटी की पूर्व प्रधान पर भ्रष्टाचार और धोखाधड़ी का मामला चल रहा है। इसलिए प्रधान के चुनाव नहीं हो रहे थे। अब नगर निगम कमिश्नर प्रदीप दहिया को एडमिनिस्ट्रेटर नियुक्त किया गया। जिसके बाद सोसाइटी की वोटिंग लिस्ट तैयार होगी।

**जीरो टॉलरेंस की नीति का परिणाम भुगत रहा:**



खरकड़ी गांव के विजय सिंह ने मंत्री के सामने दुखड़ा सुनाते हुए कहा कि सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति को अपनाने का परिणाम वह भुगत रहा है। जिस कारण उसे 20 लाख का नुकसान हो गया। परंतु उसने किसी अधिकारी को रिश्वत नहीं दी। विजय सिंह ने कहा कि उसने सेक्टर 14 में 26 नवंबर 2012 में HSVP के ईओ के पास बिल्डिंग प्लान पास करवाने के लिए आवेदन किया। इसके बाद उसके पड़ोसी ने शिकायत दे दी कि बेसमेंट बनाने के कारण उनके घर में पानी घुस गया।

ईओ ने पुलिस भेजकर मकान का काम रुकवा दिया। उसने HSVP के अधिकारियों को रिश्वत नहीं दी इसलिए उसे ऑक्यूपेशन सर्टिफिकेट जारी नहीं किया गया। वह अब भी एचएसवीपी, सिंचाई विभाग, कृषि विभाग, पंचायत विभाग और पशु पालन एवं डेयरिंग विभाग से भ्रष्टाचार की लड़ाई लड़ रहा है।

**लाइन लॉस के कारण सप्लाई बंद:** गांव सात रोड के लोगों ने बिजली मंत्री के समक्ष मामला रखा कि लाइन लॉस के कारण उनके गांव की सप्लाई कम कर दी गई है। तब मंत्री ने एसई को बुलाया तो उसने बताया कि पहले इस गांव में लाइन लॉस 33 प्रतिशत था, अब 23 प्रतिशत आ गया है। लाइन लॉस कम हो गया है, अब बिजली सप्लाई बढ़ा दी जाएगी।

# पशु औषधालय शेखपुरा के ताले तोड़ सामान चुराया

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर।** पशु औषधालय शेखपुरा का ताला तोड़ कर चोर सामान चोरी कर ले गए। पशु औषधालय में नियुक्त वीएलडी ने थाना गन्नौर में चोरी की शिकायत दी। शिकायत में वीएलडीए राजबीर सिंह ने बताया कि 3 मई की रात को चोरों ने औषद्यालय के मेन गेट व दो कमरों के ताले तोड़ उनमें रखा काफी सामान चोरी कर ले गए। अगली सुबह जब वह ड्यूटी पर आए तो उन्हें चोरी का पता चला। औषद्यालय से 3 एआई गन, 40 एआई स्ट्रा, 2 आरट्री फारअप्स, 1 फारअप्स, 40 एआई दस्ताने चोरी हुए मिले। चोरों ने औषद्यालय के एक और कमरे के ताले को तोड़ने की भी कोशिश की, जिसमें वह कामयाब नहीं हुए।

**▶▶ 3 मई की रात को चोरों ने औषद्यालय के मेन गेट व दो कमरों के ताले तोड़ उनमें रखा काफी सामान चोरी कर ले गए**

# प्रदेश की गठबंधन सरकार लुटेरी सरकार: ओमप्रकाश चौटाला

## कहा, इनेलो लड़ रही जनता के हितों की लड़ाई, पदयात्रा की सफलता के लिए सभी कार्यकर्ता अभी से तैयारी कर लें

**टीम एक्शन इंडिया/सिरसा**
प्रदेश की गठबंधन सरकार लुटेरी सरकार है जो दोनों हाथों से जनता के गाढे खून पसीने की कमाई को लूटकर अपनी तिजोरी भर रही है। उक्त विचार इनेलो सुप्रीमो व पूर्व मुख्यमंत्री ओमप्रकाश चौटाला शुक्रवार को डबवाली रोड स्थित इनेलो जिला कार्यालय में पार्टी कार्यकर्ताओं की जिला स्तरीय बैठक को संबोधित करते हुए व्यक्त किए।
इनेलो सुप्रीमो ने कहा कि इनेलो सत्ता की लोभी नहीं है वह तो केवल जनता के हितों की लड़ाई लड़ रही है और प्रदेशवासियों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक



कर रहे हैं। हरियाणा में चल रही पद परिवर्तन यात्रा का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि पूरे हरियाणा में इस पदयात्रा की खासी चर्चा है और इनेलो नेता अभय सिंह चौटाला को प्रदेशवासी सिर आंखों पर बिठा रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह पदयात्रा आगामी जून के प्रथम सप्ताह में सिरसा आ सकती है, इसलिए इस पदयात्रा की सफलता के लिए सभी कार्यकर्ता अभी से तैयारी कर लें और अधिक से अधिक लोगों को इस पदयात्रा का हिस्सा बनाएं। उन्होंने बताया कि जिस प्रकार प्रदेशवासी इनेलो को अपना प्यार और समर्थन दे रहे हैं।

**▶▶ परिवर्तन यात्रा को मिल रहा भारी जनसमर्थन, 2024 में होगी इनेलो सरकार: ओमप्रकाश चौटाला**

# मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना का हुआ शुभारंभ

## योजना के तहत अयोध्या यात्रा के लिए 200 वरिष्ठ नागरिकों के पहले जत्थे को किया रवाना, मुख्यमंत्री ने यात्रियों की बस को झंडी दिखाकर किया रवाना

**8 यह बस पंचकूला से अंबाला कैंट तक पहुंचेगी और अंबाला से रेल के माध्यम से ये यात्री अयोध्या तक का सफर तय करेंगे**

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

**हरियाणा** के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने आज अपने जन्म दिवस पर बुजर्गों तोहफा देते हुए मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना की शुरूआत की। इस योजना के तहत मुख्यमंत्री ने अयोध्या यात्रा के लिए पंचकूला से बस को झंडी दिखाकर पहले जत्थे को रवाना किया। लगभग 200 वृद्धजन 5 मई से 8 मई तक राम जन्मभूमि अयोध्या की यात्रा करेंगे। यह बस पंचकूला से अंबाला कैंट तक पहुंचेगी और अंबाला से रेल के माध्यम से ये यात्री अयोध्या तक का सफर तय करेंगे। इन यात्रियों का आने जाने का खर्च हरियाणा सरकार वहन करेगी। मनोहर लाल ने कहां की मुख्यमंत्री तीर्थ योजना की शुरूआत आज पंचकूला जिला से को जा रही है। इस योजना को पूरे प्रदेश में लागू किया जाएगा। उसके बाद 60 वर्ष की आयु से अधिक वरिष्ठ नागरिक, जो तीर्थ यात्रा पर जाना चाहेगा उन्हें भेजने की व्यवस्था की जाएगी। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति को अपने जीवन में तीर्थ यात्रा करने का सपना होता है, इसलिए सरकार ने यह योजना




बनाई है। इस योजना के तहत सबसे पहले अयोध्या यात्रा की योजना बनाई है। उन्होंने कहा कि भगवान राम के जीवन से हमें मयार्दाएं सीखने को मिलती हैं, इसलिए उन्हें मयार्दा पुरुषोत्तम कहा जाता है।

**भव्य तरीके से हो रहा है राम मंदिर का निर्माण:** मनोहर लाल ने कहा कि राम मंदिर के लिए इतिहास में कितना बड़ा संघर्ष चला है, यह सबको पता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बड़ा अभियान चला और राम मंदिर बनने का रास्ता साफ हुआ। आज राम मंदिर का निर्माण भव्य तरीके से हो रहा है। भावी पीढ़ियों को भी यह जानने का मौका मिलेगा कि भारत में राम मंदिर के लिए कितना बड़ा संघर्ष हुआ और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में राम मंदिर का निर्माण हुआ। वरिष्ठ नागरिकों ने 'जो राम को लाएं हैं, हम उनको लाएंगे' के नारे लगाकर मुख्यमंत्री का अभिवादन किया। उन्होंने कहा कि एक व्यक्ति अपने परिवार के पालन पोषण के लिए मेहनत करता है। वह 60 वर्ष की आयु होने पर अपनी पारिवारिक जिम्मेदारियों से मुक्त हो जाता है। इसके बाद नागरिकों को तीर्थ यात्रा अवश्य करनी चाहिए।

### हर नागरिक को उनके जन्म दिवस पर जाएगा शुभकामनाओं का संदेश

**मुख्यमंत्री** ने कहा कि राज्य सरकार के पास परिवार पहचान पत्र के माध्यम से प्रदेश की पौने 3 करोड़ जनता का डाटा उपलब्ध है। सरकार ने योजना बनाई है कि प्रदेश के सभी नागरिकों को उनके जन्म दिवस पर सरकार की ओर से सम्मान स्वरूप एक शुभकामनाओं का संदेश जाएगा। संदेश पाकर नागरिक उत्साहित महसूस करेंगे।

**निश्चित तौर पर वर्ष 2024 में राम लला मंदिर में विराजमान होंगे:** हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष ज्ञान चंद गुप्ता ने मुख्यमंत्री को जन्मदिवस की बधाई देते हुए मुख्यमंत्री तीर्थ योजना के लिए उनका आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि संपूर्ण भारतवर्ष भगवान राम की कथाओं और उनके जीवन से परिचित है। आज राम जन्मभूमि अयोध्या की यात्रा के लिए रवाना हुआ यह जत्था भी उनके जीवन, राम जन्मभूमि के इतिहास के बारे में जानेगा। उन्होंने कहा कि वे स्वयं अयोध्या का दौरा करके आए हैं और राम मंदिर का निर्माण कार्य भव्य तरीके से चल रहा है। निश्चित तौर पर वर्ष 2024 में राम लला मंदिर में विराजमान होंगे। लोक संपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग के पब्लिसिटी एडवाइजर तरूण भंडारी सहित जिला प्रशासन के अधिकारी उपस्थित थे।

# मुख्यमंत्री ने अपना 70वां जन्मदिन पंचकूला के शिशु गृह में मनाया

**8 मनोहर लाल ने शिशु गृह का दौरा किया और बच्चों के लिए सुविधाओं व विभिन्न गतिविधियों के बारे जानकारी भी ली**

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

**हरियाणा के** मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने अपना 70वां जन्मदिन पंचकूला के सेक्टर-15 स्थित शिशु गृह में बड़ी सादगी से मनाया और बच्चों को पढ़ाई जारी रखने की नसीहत दी। बच्चों ने भारत माता की जय के नारों के साथ मुख्यमंत्री को गदगद किया। मुख्यमंत्री ने हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष ज्ञान चंद गुप्ता एवं सामाजिक न्याय, अधिकारिता, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं अंत्योदय (सेवा) राज्य मंत्री ओम प्रकाश यादव के साथ हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद के शिशु गृह में जाकर बच्चों को आशीर्वाद दिया। मुख्यमंत्री ने बच्चों को उपहार भी भेंट किए। मनोहर लाल ने शिशु गृह का दौरा किया और बच्चों के लिए सुविधाओं व विभिन्न



गतिविधियों के बारे जानकारी भी ली। मुख्यमंत्री ने 6वीं से 10वीं तक के बच्चों के लिए चलाए जा रहे वर्चुअल क्लासरूम के बारे में भी जानकारी ली। वर्तमान में 50 बच्चे वर्चुअल क्लास में पढ़ रहे हैं। हरियाणा बाल कल्याण परिषद की मानद महासचिव रंजीता मेहता ने मुख्यमंत्री को उनकी माता का चित्र भेंट कर जन्मदिन की बधाई दी। इस अवसर पर उपायुक्त डॉ. प्रियंका सोनी, पुलिस उपायुक्त सुमेर प्रताप सिंह तथा जिला बाल कल्याण अधिकारी भगत सिंह व अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे।

# अनाजमंडी में ठहरे खानाबदोश समुदाय के दो पक्षों में हुआ खूनी संघर्ष

**टीम एक्शन इंडिया/यमुनानगर**

**हरियाणा के** यमुनानगर में जगाधरी अनाजमंडी में ठहरे खानाबदोश समुदाय के दो पक्षों में खूनी संघर्ष हो गया। दोनों तरफ से एक दूसरे पर जमकर ईंट-पत्थर बरसाए गए और लोहे की वस्तुओं से भी हमला हुआ। इसमें कई लोगों को चोटों आई, जिनमें एक महिला की हालत गंभीर है। उसे अस्पताल में दाखिल कराया गया है। वारदात के बाद पुलिस हरकत में आ गई। एसपी के आदेश पर भारी पुलिस बल अनाज मंडी पहुंचा और खानाबदोश परिवारों को वहां से खदेड़ा। बताया गया है कि लघु सचिवालय के पास अनाज मंडी में कुछ खानाबदोश समुदाय के परिवार ठहरे हुए हैं। 2 परिवारों में मामूली कहासुनी हुई और इसके बाद खूनी संघर्ष हो गया। इसमें दोनों पक्षों की ओर से जमकर ईंट पत्थर और लोहे से बनी वस्तुओं के हथियार चलाए गए। इस बीच एक महिला को गंभीर चोटें आने के बाद उसे अस्पताल पहुंचाया गया। हूडा सेक्टर-17 थाना प्रभारी धर्मेंद्र ने बताया कि दो परिवारों में झगड़ा हुआ है। इसमें चोटें आई हैं। इसके बाद एसपी ने निर्देश दिए थे कि इन परिवारों को अनाजमंडी से हटाया जाए। यहां पर खानाबदोश समुदाय के कम से कम 100 लोग रहते हैं। उनको हटाया जा रहा है। घायल महिला के बयान लेकर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# धरने पर बैठे पहलवानों को मिला दुष्यंत चौटाला-अनिल विज का साथ

## डिप्टी सीएम की सख्त कार्रवाई की मांग, फतेहाबाद कुश्ती संघ का सामूहिक इस्तीफा

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**

**भारतीय** कुश्ती संघ के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह की गिरफ्तारी को लेकर पहलवानों का धरना 13वें दिन भी जारी है। पहलवानों के समर्थन में हरियाणा के फतेहाबाद कुश्ती संघ ने सामूहिक इस्तीफा दिया है। पदाधिकारियों ने कहा कि खिलाड़ियों की दुर्दशा बर्दाश्त नहीं है। वहीं पहलवानों को हरियाणा के डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला और गृह मंत्री अनिल विज ने भी समर्थन दिया है। डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने कहा कि पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है। खिलाड़ी अपने बयान दर्ज करवा चुके हैं। दिल्ली पुलिस दोषी पर जल्द से जल्द और सख्त से सख्त से कार्रवाई करें। न्यायपालिका और दिल्ली पुलिस जल्द कदम उठाए। साथ ही खिलाड़ियों के साथ पुलिस टीम की जो झड़प हुई है, पुलिस उस



पर भी केस दर्ज करे।

**दिल्ली पुलिस निष्पक्ष जांच कर रही:** वहीं लखनऊ में केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि जहां तक खिलाड़ियों के मांगों का सवाल है मैं यही कहूंगा कि निष्पक्ष चुनाव की बात कही थी, व्हअ वो भी करवाने वाला है। एक कमेटी के गठन की बात थी, वो भी कर दी गई है। उन्होंने कहा कि दिल्ली पुलिस ने एफआईआर भी दर्ज कर ली है। पुलिस निष्पक्ष जांच कर रही है। सुप्रीम कोर्ट ने अपना निर्णय दे दिया है। मेरा खिलाड़ियों से अनुरोध है कि जांच पूरी होने दें। तभी दूध का दूध और पानी का पानी होगा। इधर, गुरुवार को देर रात धरना स्थल पर किसान नेता राकेश टिकैत पहुंचे। जहां उन्होंने पहलवानों व अन्य लोगों को संबोधित करते हुए कई बड़े ऐलान किए।

# आस्था के केंद्र तीर्थों को और भी बनाना है बेहतर: दुष्यंत



**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़/कैथल**

हरियाणा के उप-मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा कि प्रदेश के तीर्थ हमारी आस्था के केंद्र हैं, उन्हें और भी बेहतर बनाया जाएगा। रसमंगल तीर्थ का इतिहास महाभारत के इतिहास का हिस्सा है, जो हमें पांडवों के इतिहास से जोड़ता है। इस तीर्थ पर करीब 2 करोड़ रुपये से अधिक की राशि से बाउंड्रीवॉल व भव्य द्वार का निर्माण किया जाएगा। उप-मुख्यमंत्री शुक्रवार को कैथल जिला के गांव जाखौली में स्थित प्राचीन रसमंगल तीर्थ पर आयोजित बैसाख पूर्णिमा उत्सव में शिरकत करने के दौरान उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित कर रहे थे। उप-मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने करोड़ों रुपये की सौगात देते हुए कहा कि तीर्थ पर 2 करोड़ रुपये से अधिक की राशि से जीर्णोद्धार व सौंदर्यीकरण का कार्य किया जाएगा। तीर्थ के तालाब में पाईप लाईन

**8 गांव जाखौली में भगत भल्ले नाथ महाराज के नाम से डिजिटल लाइब्रेरी का निर्माण किया जाएगा**

प्रणाली से नहरी पानी की व्यवस्था की जाएगी। गांव जाखौली में भगत भल्ले नाथ महाराज के नाम से डिजिटल लाइब्रेरी का निर्माण किया जाएगा। ग्राम पंचायत के प्रस्ताव पर एक भव्य सामुदायिक भवन बनाया जाएगा। आगामी रबी सीजन में धान की खरीद के लिए परचेज सेंटर का निर्माण होगा।

इसके साथ-साथ अन्य जो भी मांगें हैं, उन सबकी फिजिबिलिटी चैक करवाकर भी उन्हें पूरा किया जाएगा। उप-मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा कि रसमंगल तीर्थ पर इससे पहले भी कुरूक्षेत्र विकास बोर्ड के तहत करोड़ों रुपये से जीर्णोद्धार का कार्य करवाया गया है।

# आने वाले समय मे फिर से गठबंधन लोगों की सेवा करेगा: देवेंद्र बबली

**टीम एक्शन इंडिया/भिवानी**

**पंचायत** मंत्री देवेंद्र सिंह बबली ने कहा कि आने वाले समय मे फिर से गठबंधन लोगों की सेवा करेगा और विपक्ष केवल बयानबाजी करता रहेगा। उन्होंने खिलाड़ियों के मामले में भी बोलते हुए कहा कि वे खिलाड़ियों को सम्मान करते है और कानून अपना कार्य कर रहा है जो दोषी होगा उसके खिलाफ करवाई होगी। वे शुक्रवार को भिवानी में मासिक

**8 खिलाड़ियों के मामले में भी बोलते हुए कहा कि वे खिलाड़ियों को सम्मान करते है**

परिवाद की बैठक को सुनने के लिए आये थे। इस दौरान उन्होंने 15 सुने और करवाई भी की। अधिकतर मामले ऑनलाइन फ्रॉड से जुड़े हुए आए। मंत्री ने लोगो को ऑनलाइन फ्रॉड से बचने के लिए सलाह देते हुए कहा कि ऑनलाइन पोर्टल लोगों के लिए फायदा भी देते हैं, लेकिन फ्रॉड से भी बचना चाहिए। पंचायत मंत्री देवेंद्र बबली ने कहा कि अब सरपंचों व सरकार के बीच मे पूरा सामजस्य स्थापित है। विकास कार्य तेजी से चल रहे है। विकास कार्य मे सरकार व पंचायत अपना कार्य कर रहे है। उन्होंने कहा कि कोविड के बाद पंचायत विभाग में काफी परिवर्तन हुए है।

# गेट पास कटवा चुके किसानों की फसल की खरीद करेगा हैफेड

**टीम एक्शन इंडिया/फतेहाबाद**

अनाज मंडियों व खरीद केंद्रों में बची हुई सरसों फसल की हैफेड द्वारा खरीद की जाएगी। सरसों की खरीद उन्हीं किसानों से की जाएगी, जिन्हें ई-खरीद पोर्टल के माध्यम से उत्पन्न बाजार समिति द्वारा पहले से ही गेट पास जारी किए जा चुके हैं। जिनका सरसों का बीज वास्तव में भौतिक रूप से मंडी में पड़ा हो, लेकिन उसकी बोली नहीं लग सकी। कोई भी नया गेट पास नहीं लिया जाएगा।सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि ई-खरीद पोर्टल और मंडियों में भौतिक रूप से पड़ी सरसों की फसल का निरीक्षण उपायुक्त द्वारा गठित टीम द्वारा किया गया है। इस कमेटी में शामिल खरीद एजेंसियों के प्रतिनिधि



और संबंधित मार्केट कमेटी सचिव यह सुनिश्चित करेंगे कि मंडी में कितनी सरसों की फसल है। उन्होंने बताया कि कमेटी की रिपोर्ट के बाद भारत सरकार के निदेर्शानुसार सरसों फसल की व्यवसायिक रूप से एमएसपी पर खरीद की जाएगी। यह खरीद हैफेड द्वारा होगी। उपायुक्त मनदीप कौर ने जिला की तीन मंडियों में पहले गेट पास कट कर आ चुकी सरसों फसल की फिजिकल वेरिफिकेशन के लिए कमेटियों का गठन किया है। यह कमेटी संबंधित मंडी में सरसों फसल की निरीक्षण करके अपनी रिपोर्ट देगी। फतेहाबाद एसडीएम को नोडल ऑफिसर लगाया गया है। नायब तहसीलदार फतेहाबाद को एसडीएम फतेहाबाद को रिपोर्ट करने बारे कहा गया है। उन्होंने बताया कि फतेहाबाद मंडी के लिए नायब तहसीलदार फतेहाबाद, एसएमसी विकास सेतिया, एचडब्ल्यूसी मैनेजर संदीप कूंडू, फूड इंस्पेक्टर घणसी राम, हैफेड एजीएम सुरेंद्र सिहाग, भट्टू मंडी के लिए नायब तहसीलदार भट्टू, एएसएमसी महाबीर सिंह, एचडब्ल्यूसी मैनेजर राकेश डूडी, फूड सब इंस्पेक्टर विरेंद्र, हैफेड मैनेजर सुभाष चंद्र तथा भूना मंडी के लिए नायब तहसीलदार फतेहाबाद, एएसएमसी ईश्वर सिंह, एचडब्ल्यूसी मैनेजर महाबीर सिंह, फूड इंस्पेक्टर आशीष व हैफेड मैनेजर संदीप को टीम में शामिल किया गया है।

# मुख्य सचिव ने भूमि सीमांकन और पिलर स्थापना की प्रगति की समीक्षा की

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

हरियाणा के मुख्य सचिव संजीव कौशल ने आज यमुनानगर से पलवल तक यमुना नदी के किनारों का भूमि सीमांकन और पिलर स्थापना की प्रगति की समीक्षा-बैठक की अध्यक्षता की। बैठक के दौरान मिशन निदेशक लेफ्टिनेंट जनरल गिरीश कुमार ने बताया कि "भारतीय सर्वेक्षण विभाग" जल्द ही हरियाणा और उत्तर प्रदेश में यमुना नदी के साथ भूमि का सीमांकन शुरू करेगा। मुख्य सचिव ने सीमांकन कार्य को निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरा करने के महत्व पर जोर दिया और खनन विभाग के अधिकारियों को सर्वे ऑफ इंडिया के साथ समन्वय से कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने मिशन निदेशक से भारतीय सर्वेक्षण, राजस्व और खनन विभागों के अधिकारियों के साथ सीमांकन कार्य की प्रगति की नियमित समीक्षा करने का भी अनुरोध किया। बैठक के दौरान बताया कि पिलर के डिजाइन को चंडीगढ़ स्थित पंजाब इंजीनियरिंग कॉलेज द्वारा अंतिम रूप दिया गया था। पानीपत के उपायुक्त वीरेंद्र कुमार दहिया ने जिला पानीपत के कुंडला गांव के राजस्व एस्टेट में चल रहे सीमांकन कार्य की ताजा जानकारी देते हुए कहा कि इसे जल्द ही पूरा कर लिया जाएगा।

# समाज कल्या□को समर्पित रहा सीएम का जन्मदिवस

## मुख्यमंत्री ने संत महात्माओं का लिया आशीर्वाद, संतों से समाज में फैली कुरीतियों को खत्म करने के लिए सरकार के सहयोग की अपील

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

**हरियाणा के** मुख्यमंत्री मनोहर लाल का जन्मदिवस कई मायनों में खास रहा। जहां एक ओर उन्होंने अपने जन्म दिवस की शुरूआत संत महात्माओं के साथ हवन यज्ञ कर उनके आशीर्वाद लेने के साथ की, वहीं दूसरी ओर उन्होंने संत महात्माओं से समाज में फैली सामाजिक बुराइयों को दूर करने के लिए प्रदेश सरकार का सहयोग करने की अपील की। संत महात्माओं ने हरियाणा सरकार द्वारा जल संरक्षण और नशा मुक्ति के लिए चलाए जा रहे अभियान की सराहना की और मुख्यमंत्री को इन दोनों पुण्य कार्यों की सफलता के लिए अपनी ओर से सहयोग देने का भरोसा दिया। शुक्रवार को मुख्यमंत्री के



निवास संत कबीर कुटीर पर संत महात्माओं के साथ जल संरक्षण और नशा मुक्ति अभियान विषय पर विशेष बैठक का आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि अनंतकाल से संत महापुरुषों ने सदैव सामाजिक बुराइयों के खिलाफ जन जन को जागरूक करने का काम किया है। जन मानस संत महापुरुषों के विचारों और शिक्षाओं को मानते हुए सामाजिक कुरीतियों को खत्म करने में भरपूर सहयोग देते हैं। इसलिए संत

**8 जनवरी, 2023 तक नशा अपराधों में शामिल व्यक्तियों की 37.29 करोड़ रुपये की संपत्ति अटैच की गई है**

महापुरुषों का जल संरक्षण और नशा मुक्ति अभियान में राज्य सरकार के साथ सहयोग करने से यह अभियान निश्चित तौर पर सफल होंगे। बैठक के दौरान सूचना, लोक संपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव राजेश खुल्लर ने प्रस्तुतिकरण के माध्यम से नशे की समस्या की वास्तविकता से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री के निदेर्शानुसार हरियाणा सरकार नशा तस्करों पर सख़्त कार्रवाई कर रही है। इसके लिए सरकार ने स्पेशल टास्क फोर्स का गठन किया है। जिला, रेंज और राज्य स्तर पर एंटी नारकोटिक्स सैल्स बनाए हैं और हरियाणा में 5 हजार से अधिक गिरफ्तारियां की गई है।

जनवरी, 2023 तक नशा अपराधों में शामिल व्यक्तियों की 37.29 करोड़ रुपये की संपत्ति अटैच की गई है और 15 करोड़ रुपये की संपत्ति अटैच करने की प्रक्रिया जारी है। उन्होंने बताया कि दवाओं की अवैध बिक्री को रोकने हेतु मोबाइल ऐप 'साथी' बनाया है। अपराधिक गतिविधियों के डेटाबेस के लिए सॉफ्टवेयर हॉक विकसित किया है तथा पंचकूला में अन्तर्राज्यीय ड्रग सचिवालय की स्थापना की गई है।

# कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी ने डेटशीट जारी की

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

**हरियाणा** की कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी ने एनुअल एग्जाम डेटशीट जारी कर दी गई है। प्राइवेट तथा डिस्टेंस शिक्षा निदेशालय से संबंधित छात्रों की परीक्षाएं 15 जून से शुरू होंगी। इसमें ग्रेजुएट एवं पोस्ट ग्रेजुएट (एनुअल) की परीक्षाओं को शामिल किया गया है।

इस डेटशीट के अनुसार जुलाई तक एग्जाम आयोजित किए जाएंगे। BA-BSC (सामान्य) (वार्षिक) फर्स्ट ईयर की परीक्षाएं 15 जून, BA-BSC (सामान्य) (वार्षिक) सेकेंड ईयर की परीक्षाएं 16 जून से शुरू होंगी।

**एग्जाम का ये रहेगा शेड्यूल:** यूनिवर्सिटी के अनुसार इ-उडट प्रथम व द्वितीय (वार्षिक) की परीक्षाएं 3 जुलाई, बीसीए प्रथम व

**8 प्रभाकर, साहित्याचार्य प्रथम तथा द्वितीय, विशारद प्रथम, द्वितीय और ज्ञानी की परीक्षाएं 23 जून से शुरू होंगी**

द्वितीय (वार्षिक) की परीक्षाएं 3 जुलाई, शास्त्री प्रथम, द्वितीय की परीक्षाएं 23 जून, आचार्य इन फलित ज्योतिष प्रथम व द्वितीय, प्रभाकर, साहित्याचार्य प्रथम तथा द्वितीय, विशारद प्रथम, द्वितीय और ज्ञानी की परीक्षाएं 23 जून से शुरू होंगी।

**28 जून से शुरू होंगे डिप्लोमा एग्जाम:** डीपीएड प्रथम, द्वितीय तथा डिप्लोमा इन सेक्रेटेरियल प्रैक्टिस (वार्षिक) की परीक्षाएं 28 जून, एमए (प्रथम) (वार्षिक) की परीक्षाएं 16 जून, एमए (फाइनल) (वार्षिक) की परीक्षाएं 20 जून, एमएससी मैथमेटिक्स (प्रथम व द्वितीय) (वार्षिक) की परीक्षाएं 16 जून, एमएससी ज्योग्राफी प्रथम एवं द्वितीय वार्षिक की परीक्षाएं 7 जुलाई, एमकॉम (प्रथम व द्वितीय) (वार्षिक) की परीक्षाएं 16 जून से आयोजित होंगी।

**16 जून से शुरू होंगे एमबीए एग्जाम:** वहीं मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (एमबीए) प्रथम व द्वितीय वार्षिक की परीक्षाएं 16 जून, मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन एमबीए (हॉस्पिटैलिटी मैनेजमेंट) (प्रथम व द्वितीय) की परीक्षाएं 16 जून से कराने का निर्णय लिया गया है। विद्यार्थियों की सुविधा के लिए डेटशीट विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर भी उपलब्ध है।

## न्यूज फ्लैश

### शुक्रवार को करनाल में मिले कोरोना के तीन नए मामले: डॉ. योगेश कुमार

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** सिविल सर्जन डॉ. योगेश कुमार ने बताया कि शुक्रवार को जिला में कोरोना के 3 नये पॉजिटिव केस मिले हैं, जबकि 28 व्यक्ति ठीक हुए है। उन्होंने बताया कि जिले में अब तक 1088885 व्यक्तियों के सैंपल लिए गए हैं तथा पिछले 24 घंटे में 181 सैंपल लिए गए। लिये गए कुल सैंपलों में से अब तक 50699 पॉजिटिव केस सामने आए थे, जिनमें से 50032 मरीज ठीक हो गए हैं। जिला में अब कोरोना वायरस के 63 एक्टिव पॉजिटिव केस हैं।

विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन को लेकर हुई राज्य स्तरीय कार्यशाला

### अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा चलाया जाएगा जागरूकता अभियान: डॉ. अर्जुन सैनी

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** स्थानीय डॉ. मगलसेन सभागार में बागवानी विभाग हरियाणा की विभिन्न योजनाएं एवं जनहित में चल रहे विभिन्न कार्यक्रमों की जागरूकता के लिए राज्य स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में प्रदेश के सभी 22 जिलों के जिला उद्यान आधिकारी एवं विभाग के उच्च अधिकारियों ने भाग लिया। कार्यशाला की अध्यक्षता महा निदेशक डॉ. अर्जुन सिंह सैनी ने की गई। उन्होंने कहा किसान हित में चल रही योजनाएं के विभाग द्वारा पोर्टल खुशहाल बागवानी पोर्टल, कौशल पोर्टल पर किसान इन योजनाओं का फायदा उठा सकते हैं। विभाग द्वारा योजनाओं संबंधित की जानकारी टोल फ्री नंबर 1800-180-2031 पर प्राप्त कर सकते हैं। महानिदेशक ने किसानों के हित में चल रही विभिन्न योजनाओं के बारे में विचार-विर्मश किया और विभाग के अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए। विभाग ने किसान के हित में काफी कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं। इस वित्तिय वर्ष में विभाग ने हरियाणा में 30000 हैक्टयर क्षेत्रफल बागवानी फसलों के अतर्गत लाने का लक्ष्य रखा है। हरियाणा सरकार एवं बागवानी विभाग का ध्यान फसल विविधकरण पर है।

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**अंबाला (मनीष)**
(मो. नं.: 9896772006)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**पानीपत (बिजेंद्र सिंह)**
(मो. नं.: 9466035040)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**करनाल राजकुमार शर्मा (प्रिंस)**
(मो. नं.: 98962 76156)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**चंडीगढ़/पंचकुला हरज्ञान चौधरी**
(मो. नं.: 94668 87896)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**सोनीपत (संजीव कौशिक)**
(मो. नं.: 9991270143)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**फरीदाबाद हरपाल सिंह यादव**
(मो. नं.: 98117 14343)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**पंचकूला (मैनपाल)**
(मो. नं.: 9671232478)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**कुरुक्षेत्र दलबीर सिंह**
(मो. नं.: 94162 71181)

# सनसनीखेज व मसालेदार खबरों से बचें: डा. वैशाली शर्मा




**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** पंचायत भवन के सभागार में शुक्रवार को नारद जयंती के उपलक्ष्य में विश्व संवाद केंद्र की तरफ से पत्रकार संगोष्ठी एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। नारद स्मृति के रुप में आयोजित इस कार्यक्रम में विभिन्न वक्ताओं ने नारद के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डाला। साथ ही हजारों वर्ष पूर्व नारद जी के द्वारा किए गए कार्यो को आज की पत्रकारिता से जोड़ा गया। इस दौरान वर्तमान समय में पत्रकारिता की उपयोगिता के बारे में वक्ताओं ने अपने विचारों को व्यक्त किया। कार्यक्रम में जिलेभर से आये सौ से अधिक पत्रकारों को सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कुरुक्षेत्र विभाग संघचालक सुधीर कुमार, मुख्य अतिथि करनाल की अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. वैशाली शर्मा रही। समारोह की अध्यक्षता एब्रो इंडिया के राष्ट्रीय एचआर हेड यशपाल केहरवाला ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में इग्नु के क्षेत्रीय प्रभारी निदेशक डॉ धर्मपाल सिरोही, हरियाणा ग्रन्थ अकादमी के पूर्व वॉइस चेयरमैन वीरेंद्र चौहान, समाजसेवी अनूप भरद्वाज, अंतर्राष्ट्रीय खिलाडी मधु कुमारी तथा एशियाड खेलों के कोच जसवंत सिंह विशेष तौर पर मौजूद रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि व अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलित करके किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि डॉ. वैशाली शर्मा ने कहा कि नारद जी लोक मंगल की भावना व कामना के साथ तीनों लोकों में भ्रमण कर उनका हाल समाचार लेकर सूचनाओं का आदान-प्रदान करते थे। उस समय पत्रकारिता का उद्देश्य लोक मंगल ही था और वर्तमान में भी पत्रकारों का उद्देश्य लोक मंगल ही होना चाहिये। उन्होंने कहा की पत्रकारों को मसालेदार व सनसनीखेज समाचारों से बचना चाहिए। डॉ. वैशाली शर्मा ने कहा की रचनात्मक खबरों से माहौल सकारात्मक होता है। कुछ खबरे जहाँ सरकार और आम आदमी के बीच सेतु का काम करती है, इनसे आम जनता की समस्याएं प्रशाशन तक पहुँचती है वही कुछ खबरें समाज में वैमनस्य भी पैदा कर सकती है। कार्यक्रम अध्यक्ष यशपाल केहरवाला ने अपने संबोधन में कहा कि पं.जुगुल किशोर शुक्ल द्वारा प्रथम समाचार पत्र उदत्त मार्तंड के माध्यम से प्रारंभ किया गया था जो नारद जयंती के दिन ही शुरू किया गया था। नारदजी विष्णु भगवान के परम भक्तों में से एक माने जाते हैं। देवर्षि नारद मुनि विभिन्न लोकों में यात्रा करते थे, जिनमें पृथ्वी, आकाश और पाताल का समावेश होता था। ताकि देवी-देवताओं तक संदेश और सूचना का संचार किया जा सके। कहा जाता है कि नारद मुनि सच्चे सहायक के रूप में हमेशा सच्चे और निर्दोष लोगों की पुकार श्री हरि तक पहुंचाते थे। इन्होंने देवताओं के साथ-साथ असुरों का भी सही मार्गदर्शन किया। यही वजह है कि सभी लोकों में उन्हें सम्मान की दृष्टि से देखा जाता था। उन्होंने कहा कि नारद जी से सभी को संस्कारित पत्रकारिता की प्रेरणा लेनी चाहिए। मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयसेवक संघ कुरुक्षेत्र के विभाग संघ चालक सुधीर कुमार ने कहा कि पत्रकारिता तथ्यों को समेटती है, उनका विश्लेषण करती है व उसके बाद उसकी अनुभूति करके दूसरों के लिए अभिव्यक्त होती है। एक ओर इसका परिणाम दुःख दर्द, ईर्ष्या, प्रतिद्विंदता, द्वेष ० सत्यता को बाँटना हो सकता है या फिर सुख शांति प्रेम व मैत्री का प्रसाद भी हो सकता है। इनमे से कौन सा विकल्प लेना है यह समाज को तय करना है। उन्होंने कहा कि इस तरह नारद जी के भक्ति सूत्रों का विश्लेषण किया जाता है नारद जी के चरित्र का हम अध्ययन करते है तो पाते है की उन्होंने पत्रकारिता को एक अटल दृष्टि दी है। हरियाणा ग्रन्थ अकादमी के पूर्व उपाध्यक्ष व रेडियो ग्रामोदय के संचालक वीरेंद्र चौहान ने कहा की नारायण शब्द सुनते ही हमारे मन में जो पहली छवि बनती है, वह देवर्षि नारद की होती है जो हाथ में वीना लिए भगवान विष्णु का नाम लेते हुए एक जगह से दूसरे जगह भ्रमण करते रहते हैं। नारद मुनि को एक संचारकर्ता के रुप में जाना जाता है। संचार जीवन के लिए बहुत आवश्यक है। उन्होंने कहा की संचार के माध्यम से ही एक व्यक्ति दूसरे व्यक्ति से जुड़ सकता है। इंदिरा गाँधी नेशनल यूनिवर्सिटी के क्षेत्रीय प्रभारी निदेशक डॉ धर्मपाल सिरोही ने समारोह में कहा की नारद मुनी को संचार का अग्रणी माना जाता है। संचार हर जीवित जीवन के जीवन में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। संचार के कुछ माध्यमों के माध्यम से विचारों और जानकारी को एक-दूसरे के साथ साझा करना संभव है। पूर्व-ऐतिहासिक काल से संचार प्रक्क्रिया प्रचलित रही है। न केवल इंसान बल्कि पौधे और जानवर भी अपनी भाषा में संवाद करते हैं। उन्होंने कहा कि देवर्षि नारद ने इस लोक से उस लोक में परिक्क्रमा करते हुए संवादों के आदान-प्रदान द्वारा पत्रकारिता का प्रारंभ किया।

## मंदिर से तांबे का सर्प चोरी करने वाला आरोपी काबू



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। जिला पुलिस** की बस अड्डा पुलिस चौकी की टीम द्वारा 3 मई को किसी अज्ञात आरोपी द्वारा भगवान शिव मंदिर से शिवलिंग के ऊपर लगे तांबा धातु के सर्प को चोरी करने के मामले में आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस टीम द्वारा आरोपी पुनीत कुमार पुत्र बसंत कुमार वासी जुण्डला गेट करनाल को विश्वसनीय सूचना पर गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में आरोपी द्वारा खुलासा किया गया कि वह नशा करने का आदी है और नशा पूर्ति के लिए उसने रूपयों का इंतजाम करने के लिए उपरोक्त चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। आरोपी के कब्जे से चुराया गया तांबा सर्प बरामद कर लिया गया है। इस वारदात के संबंध में 4 मई को शिकायतकर्ता श्रवण कुमार वासी प्रेम नगर करनाल ने पुलिस चौकी बस अड्डा में एक शिकायत देते हुए बताया कि मुर्ति श्री दुर्गा भवानी मंदिर बस स्टैण्ड करनाल में वह बतौर मैनेजर कार्य करता है। 3 मई को शिव मंदिर में शिव परिवार के शिवलिंग पर लगा तांबा का सर्प उसे नहीं मिला, जिसको कोई अज्ञात व्यक्ति चोरी करके ले गया।

## श्रीकृष्ण गौशाला में खास अंदाज में मनाया सीएम का जन्मदिन



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। शुक्रवार को** करनाल में मुख्यमंत्री मनोहर लाल का जन्मदिन खास अंदाज से मनाया गया। श्री कृष्ण गौशाला के पदाधिकारियों और सदस्यों ने हवन-यज्ञ कर मुख्यमंत्री की लंबी आयु की कामना की। इस मौके पर गौवंश को चारा खिलाया गया और सेवादारों को लड्डू बांटे गए। मुख्यमंत्री के जन्मदिन पर आयोजित कार्यक्रम में नगर निगम की मेयर रेणु बाला गुप्ता, भाजपा के जिलाध्यक्ष योगेंद्र राणा और सीएम के प्रतिनिधि संजय बठला समेत बड़ी संख्या में कई बीजेपी नेताओं ने विशेष तौर पर शिरकत की।

मेयर रेणु बाला गुप्ता ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल संत की तरह हैं। उनके कुशल नेतृत्व में हरियाणा निखरा और संवरा है। मुख्यमंत्री की पारदर्शी नीतियों के कारण आज प्रदेश तेजी के साथ विकास कर रहा है। उन्होंने कार्यकताओं को सीएम के जन्मदिन की बधाई दी।

गौशाला के प्रधान सुनील गुप्ता ने कहा कि अद्भुत संयोग है कि बुद्ध पूर्णिमा के दिन मुख्यमंत्री का जन्मदिन है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के अच्छे स्वास्थ्य और लंबी आयु की कामना की गई है। भाजपा के जिला प्रधान योगेंद्र राणा, सीएम के प्रतिनिधि संजय बठला, निगम के सीनियर डिप्टी मेयर राजेश अघी, भारत भूषण कपूर ने कार्यकताओं को बधाई दी और सीएम की लंबी आयु की कामना की। इस अवसर पर श्री कृष्ण गौशाला के संरक्षक रमेश गुप्ता, महासचिव राम कुमार गुप्ता, कोषाध्यक्ष अशोक कुमार गोयल, एस.के. गोयल, पुनीत मित्तल, सुभाष गुप्ता, दुलीचंद, दीपा मित्तल, वैशाली मित्तल, शिलकी गुप्ता, अनीता, नवदीप मित्त, विवेक अग्रवाल, विनोद गर्ग, संजय बंसल, रणधीर प्रधान सौरगिल समाज, लक्ष्मण दास, महेन्द्र कंबोज, केपी राणा, प्रीतम सैनी मौजूद रहे।

## मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने श्री राधा कृष्ण शाखा को दी पांच लाख की ग्रांट



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। भारत** विकास परिषद की श्री राधा कृष्ण शाखा को मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा मुख्यमंत्री कोष से पांच लाख रुपए की ग्रांट दी गई है। शाखा को यह ग्रांट फिजियोथैरेपी सेंटर खोलने व उसमें मशीनें लगाने के लिए दी गई है। प्रांतीय संयोजक गौरव खुराना ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल का इस नेक कार्य को पूरा करने में मदद देने के लिए शाखा की ओर से आभार व्यक्त किया है।

उल्लेखनीय है कि कुछ दिन पहले आयोजित जन संवाद कार्यक्रम में शाखा के प्रतिनिधि मंडल ने मुख्यमंत्री से फिजियोथैरेपी सेंटर खोलने व उसमें मशीनें लगाने के लिए ग्रांट की मांग की थी। शाखा की इस मांग को मुख्यमंत्री ने पूरा कर दिया है। मुख्यमत्री को मिले शाखा के प्रतिनिधि मंडल में प्रांतीय संयोजक गौरव खुराना, शाखा अध्यक्ष प्रियंका काठपाल, सचिव प्रमोद नागपाल, कोषाध्यक्ष राकेश अरोड़ा शामिल रहे थे।

### बच्चों को फल बांटकर मनाया मुख्यमंत्री का जन्मदिन


**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर आज अपना 70वां जन्मदिन मना रहे हैं। इस उपलक्ष्य में भाजपा महिला मोर्चा द्वारा सीएम मनोहर लाल खट्टर के जन्मदिन पर आंगनबाड़ी में फल वितरित किए गए। जिला महिला मोर्चा ने मोर्चा की प्रदेश अध्यक्षा सुनीता डांगी के दिशा-निर्देश पर आंगनबाड़ी माता बसंती गामडी न्यू चार चमन में मीनाक्षी भिंडर के नेतृत्व में मुख्यमंत्री मनोहर लाल के जन्मदिन पर फल बांटे एवं सीएम की दीघार्यु की कामना करते हुए जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं दी।

## अटल पार्कमें मुहैया करवाई गई सुविधाएं हुडा को होंगी हैंडओवर



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया** शहर के सबसे बड़े पार्क, अटल पार्क में स्मार्ट सिटी की ओर से मुहैया करवाई गई सुविधाओं के रख-रखाव का कार्य हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण करेगा। गत वर्ष के.एस.सी.एल. की ओर से विशाल पार्क में फुटपाथ, लाईटें, ओपन एयर जिम, गैजिबो और भव्य प्रवेश द्वार जैसी सुविधाएं दी गई थी, अब इनकी देखरेख एचएसवीपी की उद्यानकी और विद्युतीय शाखा करेगी। शुक्रवार को उपायुक्त एवं केएससीएल के सीईओ अनीश यादव ने स्मार्ट सिटी और एचएसवीपी के अधिकारियों के साथ अटल पार्क का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने लाईटें, फुटपाथ, ओपन एयर जिम तथा वाटर बॉडी आदि का निरीक्षण किया। एचएसवीपी के कार्यकारी अभियंता धर्मवीर सिंह को निर्देश दिए कि स्मार्ट सिटी की ओर से पार्क में स्थापित करवाई गई अधिकतर लाईटें ठीक से काम कर रही हैं, जिन लाईटों को मेंटेनेंस की जरूरत है, उसे स्मार्ट सिटी की ओर से ठीक करवा दिया जाएगा। इसके बाद यह एचएसवीपी को हैंडओवर होंगी। उन्होंने वाटर बॉडी के एक छोर पर बनाए गए ओपन एयर थिएटर का भी मुआयना किया। अधिकारियों की ओर से उपायुक्त को जानकारी दी गई कि ओपन एयर थिएटर में समय-समय पर कार्यक्रमो का आयोजन होता रहता है। उन्होंने पार्क में मौजूद विशाल वाटर बॉडी को देखकर कहा कि इस जगह का ओर अच्छे से सदुपयोग कैसे हो सकता है, अधिकारी इस पर विचार करें। वर्ष 1997 में जनता को सम?पत हुआ था अटल पार्क- बता दें कि वार्ड 8 स्थित नेशनल हाईवे से सटा अटल पार्क देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय श्री अटल बिहारी वाजपयी के नाम पर बनाया गया था।

## नालों की सफाई के लिए नगर निगम ने कसी कमर



करनाल/टीम एक्शन इंडिया। नगर निगम मानसून से पहले शहर के सभी छोटे-बड़े नालों की सफाई करवाएगा। बीते माह इस कार्य का प्लान तैयार किया गया था, अब वर्क ऑर्डर जारी किए जा रहे हैं। अलग-अलग लोकेशन के नालों पर अनुमानित 1 करोड़ 2 लाख रुपए की राशि खर्च की जाएगी। नगर निगम आयुक्त अभिषेक मीणा ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। यह होंगे कार्य- निगमायुक्त ने बताया कि शहर में कई छोटे-बड़े नाले हैं, जो बरसाती पानी की निकासी के चैनल के रूप में कार्य करते हैं। इनमें सबसे अहम मुगल कैनाल है, जो नेशनल हाईवे को क्रॉस करके ड्रेन नम्बर-1 परिवर्तित हो जाती है। नगर निगम की ओर से मुगल कैनाल की हर साल व्यापक स्तर पर सफाई करवाई जाती है, गत वर्ष इसके सकारात्मक परिणाम रहे थे। उन्होंने बताया कि ड्रेन नम्बर-1 की सफाई अगले सप्ताह से शुरू होगी, इसका वर्क ऑर्डर जारी हो गया है और इस कार्य पर अनुमानित 16 लाख 82 हजार रुपए की राशि खर्च होगी। करीब 2 किलोमीटर लम्बी ड्रेन की पोकलेन मशीनो से गहराई तक गाद निकाली जाएगी, जिससे पानी निकासी निर्बाध रूप से होगी। इसके साथ-साथ राम नगर से प्रीतम नगर तक करीब साढे 4 किलोमीटर लम्बे नाले की सफाई का वर्क ऑर्डर भी हो गया है। इसकेलिए 18 लाख 53 हजार रुपए का अनुमान तैयार किया गया है। उन्होंने बताया कि मुगल कैनाल शहर के मेला राम स्कूल से आगे 3 फेज में मौजूद है। पहला फेज ओल्ड सब्जी मंडी तक है, इसकी लम्बाई 1280 मीटर है। दूसरा फेज ओल्ड सब्जी मंडी से मेरठ रोड तक है तथा इसकी लम्बाई 1055 मीटर है। इसी प्रकार तीसरा फेज मेरठ रोड से प्रारम्भ होकर नेशनल हाईवे तक है।

## योग से शरीर और मन रहते हैं तंदरूस्त: नवीन संदूजा

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक विद्यालय प्रेम नगर में एक दिवसीय विशेष योग शिविर लगाया गया। हमारा मिशन स्वस्थ भारत के संचालक व मुख्य योग शिक्षक नवीन संदूजा ने विद्यार्थियों को योग क्रियाओं का अभ्यास करवाया। उन्होंने योग के लाभ बताते हुए बच्चों से आह्वान किया कि प्रतिदिन सुबह योग का अभ्यास करने की आदत डालें। योग से स्मरण शक्ति बढ़ती है। पढ़ाई में आपका मन लगेगा। योग को आप खेल के रूप में भी अपना सकते हैं। इससे शरीर और मन तंदरूस्त रहते हैं। उन्होंने बच्चों को कद बढ़ाने वाले आसनों का अभ्यास भी करवाया। स्कूल के प्रिंसिपल रामनिवास सोलंकी ने हमारा मिशन स्वस्थ भारत की टीम का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि स्कूल में बच्चों को नियमित रूप से योग करवाने का प्रयास करेंगे। योग हमारे ऋषि मुनियों की देन है। हर आयु के व्यक्ति को योग करना चाहिए। इस अवसर पर सुखबीर त्यागी, नवनीत अरोड़ा, राजेश ग्रोवर, सोमनाथ डाबर, डा. मनजिंद्र अरोड़ा व प्रिंसिपल रामनिवास सोलंकी मौजूद रहे।

## 'पढ़ाई के साथ प्रशिक्षण और दक्षता का होना भी जरूरी'



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** गुरु नानक खालसा कॉलेज में संकाय विकास कार्यक्रम के तहत तीसरे दिन कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के आईक्यूएसी के निदेशक तथा भूभातिकी विभाग के चेयरमैन एवं प्रसिद्ध वैज्ञानिक डा. दिनेश कुमार ने बताया कि कैसे एक संस्थान या कॉलेज नैक से अच्छा से अच्छा ग्रेड प्राप्त कर सकता है। उन्होंने तरंग पटल के माध्यम से अपने संबोधन में कहा कि विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के साथ उन्हें सभी संभव सुविधाएं प्रदान करें। अच्छा ग्रेड प्राप्त करने के लिए सभी संधाधनों का विकास एवं भरपूर तैयारी के साथ प्रमाणीकरण का होना भी नितांत आवश्यक है। सायंकालीन सत्र में कुवि की महिला शोध अध्ययन केंद्र की निदेशिका एवं जैव विज्ञान विभाग की प्रोफेसर डा. अनिता दुआ ने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति को कैसे अमल में लाया जाए एवं उसकी जरूरत एवं महत्व के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने बताया कि पढाई के साथ प्रशिक्षण और दक्षता का होना भी जरूरी है, जो आज की ज्वलंत मांग है। नई शिक्षा नीति के बारे में बताते हुए उन्होंने कहा कि यह नीति अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बहुत प्रभावशाली साबित होगी। युवाओं की शक्ति सदुपयोग हो, ताकि राष्ट्र और समाज को नई विकासवादी दिशा प्राप्त हो। प्राचार्य डा. गुरिंद्र सिंह ने बताया कि तीन दिन संकाय विकास कार्यक्रम पूरी तरह से सफल रहा और पूरे स्टाफ ने पूरी शिद्धत के साथ इसमें न केवल भाग लिया, अपितु बहुत बहुत महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त की हैं। प्राचार्य डा. नैक, इंचार्ज डा. देवी भूषण तथा एनईपी की इंचार्ज प्रो. प्रीति को बधाई प्रेषित की और सभी के प्रयास की सराहना की। तरंग पटल पर इस कार्यक्रम में बाबू अनंत राम जनता कॉलेज कौल के प्राचार्य डा. ऋषिपाल, खालसा कॉलेज यमुनानगर के प्राचार्य डा. हरिन्दर सिंह कंग एवं उनका पूरा स्टाफ जुडा रहा। डा. कोमल दहिया ने कार्यक्रम का संचालन किया, जबकि डा. राजीव गाबा ने धन्यवाद एवं सहयोग किया।

## संपादकीय

# सोशल मीडिया पर फेक न्यूज की रफ्तार

जितनी रफ्तार से हम विज्ञान के साथ रचते-बसते और जीने की नई-नई तरकीबें सीखते जा रहे हैं, ठीक वैसे ही तमाम चुनौतियां मुंह बाएं आ खड़ी हैं। वास्तव में यह दौर इंटरनेट मीडिया का है जिससे हर हाथ को दुनिया तक अपने संदेशों को पहुंचाने की बहुत बड़ी ताकत मिली। अक्सर यही स्वतंत्रता के उपयोग और दुरुपयोग से झूठे संदेश या फेक न्यूज समाज, देश और दुनिया के लिए बड़ी चुनौती बन जाते हैं। इस पर लगाम या कहें झूठे प्रसार को लेकर भारत सहित दुनिया भर में तमाम जतन किए जा रहे हैं, लेकिन सच यही है कि यह बड़ी चुनौती है। तमाम तरह के कानूनों के बावजूद अक्सर लोग उनके मोबाइल में आए या बनाए मैसेज को बिना सोचे, समझे और बुद्धि, विवेक से काम लिए सीधे आगे बढ़ा देते हैं या फॉरवर्ड कर देते हैं। बस इसी खेल के चलते बेहद कामयाब इंटरनेट तकनीक बड़ी चुनौती बन गई है। जब इंटरनेट नहीं था तब लोग अखबारों पर ही खबरों के लिए निर्भर थे और विश्वनीयता इतनी कि कभी भी इतने और अब जैसे रोजाना सवालिया निशान नहीं लगे। रियल टाइम खबरों के इस दौर में सच कम, झूठ ज्यादा है। स्थिति कितनी भयावह और अलग है कि लोग पहले अखबारों को खोजकर कतरनों की फोटो कॉपी करा प्रसारित करते थे। आज ठीक उलट है जहां झूठी खबरें पलक झपकते ही लाखों लोगों द्वारा बिना सत्यता जांचे शेयर या ट्वीट-रिट्वीट हो जाती हैं। इसी आड़ में अक्सर लोग अपनी निजी दुश्मनी तक भंजा लेते हैं और दुनिया झूठ के फरेब को काफी देर बाद समझ पाती है। लेकिन तक नफा-नुकसान का बड़ा खेल अपना गुल खिला चुका होता है। सोशल कहें या इंटरनेट मीडिया जो भी, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का जरिया मान लेना भी कुतर्क है क्योंकि इसका जितना बड़ा दायरा है उतने ही बंधन। ऐसी स्वतंत्रता व अनाप-शनाप कुछ भी लिख, पढ़ और बोलने की आजादी किसी को नहीं है जो किसी दूसरे के मान-सम्मान या निजता को चोट पहुंचाती हो। इसका ताजा उदाहरण हाल ही में राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता खत्म कर देने के उदाहरण से समझा जा सकता है। अक्सर गैर भरोसेमंद स्त्रोतों और आधी-अधूरी जानकारियों के चलते ही फेक न्यूज या झूठी खबर इतनी तेजी से फैलती यानी वायरल होती हैं कि अक्सर समझदार लोग भी गच्चा खा जाते हैं। कई मौकों पर देखने में आता है कि ऐसी खबरों से शहर से लेकर गांव और घर-घर लोग बेचैन हो जाते हैं। उत्तेजना फैल जाती है और लोग और समूह बेसिर-पैर की बातों के चलते गुस्से में आकर बड़ी-बड़ी घटनाएं तक कर बैठते हैं। ऐसे तमाम और दर्जनों क्या लाखों उदाहरण मिलेंगे जहां दुनिया भर में के कई प्रान्त और देश तक झूठी खबरों की झुलसन में बदहाल और बेहाल होते देखे गए। ावाकई में सोशल मीडिया एक ऐसा बिना बारूद का बम गोला बन चुका है जिससे शहर के शहर आग के शोलों से जल उठते हैं। सरकारों और जिम्मेदारों के लिए सूचना का यह सोशल तंत्र नॉन सोशल होकर वो रूप दिखाता है कि एक निर्जीव साधन जिन्दा और समझदार लोगों की आपसी टकराहट में आग में घी और पेट्रोल का काम करता है। करीब सवा दो बरस पहले दुनिया ने खास उदाहरण देखा जिसमें दुनिया का दारोगा कहलाने वाले अमेरिकी संसद परिसर में हुई हिंसा के बाद माइक्रो ब्लॉगिंग वेबसाइट ट्विटर ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के पर्सनल अकाउंट को स्थायी रूप से सस्पेंड कर दिया।

# भारत में भुखमरी से कब मिलेगा छुटकारा



रमेश सर्राफ धमोरा

"रिपोर्ट के अनुसार भारत की इस स्थिति के कारण ही दक्षिण एशिया का प्रदर्शन हंगर इंडेक्स में और बिगड़ा है। भारत एक ऐसा देश जो अगले एक दशक में दुनिया के सर्वाधिक प्रभावशाली देशो की सूची में शामिल हो सकता हैं। वहां से ऐसे आंकड़े सामने आना बेहद चिंतनीय माना जा रहा है। ग्लोबल हंगर इंडेक्स में विश्व भर में भूख के खिलाफ चल रहे अभियान की उपलब्धियों और नाकामियों को दशार्या जाता है। भुखमरी को लेकर यह रिपोर्ट भारत सरकार की गंभीरता पर प्रश्नचिन्ह खड़े करती हैं। श्रीलंका, नेपाल, म्यांमार हमसे आर्थिक से लेकर तमाम तरह की मोटी मदद पाते हैं। मगर भुखमरी पर रोकथाम के मामले में हमारी हालत उनसे भी बदतर क्यों हो रही है?"

**आज के** आधुनिक युग में दुनिया भर के देशों में लोग भुखमरी के शिकार हो रहे हैं। यह एक डरावना सत्य है। एक ओर जहां लोगों के रहन-सहन, जीवन-यापन के स्तर में काफी बदलाव देखने को मिलता है। लोग पहले की अपेक्षा अधिक सुख सुविधाओं के साथ जीवन यापन कर रहे हैं। वही एक तबका ऐसा भी है जिनको खाने को भरपेट भोजन भी नहीं मिल रहा है। भोजन के अभाव में लोग भुखमरी के शिकार हो रहे हैं। 21वीं सदी में आधुनिक होते जा रहे लोगों के लिए भुखमरी से होने वाली मौत एक करारे तमाचे से कम नहीं है। जब तक दुनिया के हर इंसान को दोनों वक्त भरपेट भोजन नहीं मिलेगा तब तक सारी तरक्की बेमानी है। खाद्यान्न वितरण प्रणाली में सुधार तथा अधिक पैदावार के लिए कृषि क्षेत्र में निरन्तर नये अनुसंधान के बावजूद भारत में भुखमरी के हालात बदतर होते जा रहे हैं। वैश्विक भूख सूचकांक के आंकड़ों के मुताबिक 2022 में भारत 121 देशों कि सूची में 107 वें स्थान पर पहुंच गया है। 121 देशों की सूची में श्रीलंका 64 वें, म्यांमार 71 वें, नेपाल 81 वें, बांग्लादेश 84 वें, पाकिस्तान 99 वें, अफगानिस्तान 109 वें स्थान पर है। ग्लोबल हंगर इंडेक्स के प्रकाशकों ने भारत में 'भूख' की स्थिति को गंभीर बताया है। हालांकि भारत ने वैश्विक भूख सूचकांक 2022 को खारिज किया है। भारत ने इस रिपोर्ट को लेकर कहा है कि यह देश की छवि खराब करने का प्रयास है। सरकार ने कहा कि भूख सूचकांक रिपोर्ट न केवल जमीनी हकीकत से अलग है। इस रिपोर्ट में सरकार द्वारा किए गए प्रयासों को जानबूझकर अनदेखा किया गया है। ग्लोबल हंगर इंडेक्स में भारत के खराब प्रदर्शन की बात करें तो यह बीते कुछ सालों से लगातार जारी है। 2017 में इस सूचकांक में भारत का स्थान 100 वां था। साल 2018 के इंडेक्स में भारत 119 देशों की सूची में 103 वें स्थान पर रहा। वहीं 2019 में देश 117 देशों में 102 वें स्थान पर रहा था। वर्ष 2020 में भारत 94 वें स्थान पर था। 2021 में 116 देशों की सूची में 101 वें स्थान पर था। वैश्विक स्तर पर भूख के खिलाफ प्रगति हाल के वर्षों में काफी हद तक स्थिर रही है।

2014 में 19.1 की तुलना में 2022 में 18.2 के वैश्विक स्कोर के साथ केवल मामूली सुधार हुआ है।

ग्लोबल हंगर इंडेक्स स्कोर की गणना चार संकेतकों पर की जाती है। जिनमें अल्पपोषण, कुपोषण, बच्चों की वृद्धि दर और बाल मृत्यु दर शामिल हैं। वर्तमान ग्लोबल हंगर इंडेक्स अनुमानों के आधार पर पूरी दुनिया और विशेष रूप से 47 देश- 2030 तक लक्ष्य के निम्न स्तर को प्राप्त करने में विफल रहेंगे। इसमें यह भी कहा गया है कि खाद्य सुरक्षा पर कई मोर्चों पर बिगड़ती स्थितियां, वैश्विक स्तर पर जलवायु परिवर्तन से संबंद्ध मौसम के बदलाव और कोविड -19 महामारी से जुड़ी आर्थिक और स्वास्थ्य संबंधी चुनौतियां भुखमरी को बढ़ा रही हैं।

सहायता कार्यों से जुड़ी आयरलैंड की एजेंसी कंसर्न वर्ल्डवाइड और जर्मनी के संगठन वेल्ट हंगर हिल्फ द्वारा संयुक्त रूप से तैयार की गई रिपोर्ट में भारत में भूख के स्तर को चिंताजनक बताया गया है। रिपोर्ट तैयार करने के लिए डेटा संयुक्?त राष्?ट्र के अलावा यूनिसेफ, फूड एंड एग्रीकल्?चर ऑर्गनाइजेशन समेत कई एजेंसियों से लिया गया हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत में लोग कोविड -19 और महामारी संबंधी प्रतिबंधों से बुरी तरह प्रभावित हुए हैं। रिपोर्ट में भुखमरी की स्थिति के लिहाज से दुनिया के 121 देशों को खतरनाक, अत्याधिक खतरनाक और गंभीर जैसी तीन श्रेणियों में रखा गया है। इनमें भारत गंभीर की श्रेणी में है। रिपोर्ट के अनुसार भारत की इस स्थिति के कारण ही दक्षिण एशिया का प्रदर्शन हंगर इंडेक्स में और बिगड़ा है। भारत एक ऐसा देश जो अगले एक दशक में दुनिया के सर्वाधिक प्रभावशाली देशो की सूची में शामिल हो सकता हैं। वहां से ऐसे आंकड़े सामने आना बेहद चिंतनीय माना जा रहा है। ग्लोबल हंगर इंडेक्स में विश्व भर में भूख के खिलाफ चल रहे अभियान की उपलब्धियों और नाकामियों को दशार्या जाता है। भुखमरी को लेकर यह रिपोर्ट भारत सरकार की गंभीरता पर प्रश्नचिन्ह खड़े करती हैं। श्रीलंका, नेपाल, म्यांमार हमसे आर्थिक से लेकर तमाम तरह की मोटी मदद पाते हैं। मगर भुखमरी पर रोकथाम के मामले में हमारी हालत उनसे भी बदतर क्यों हो रही है?

इस सवाल पर ये तर्क दिया जा सकता है कि श्रीलंका व नेपाल जैसे कम आबादी वाले देशों से भारत की तुलना नहीं की जा सकती।

यह बात सही है लेकिन साथ ही इस पहलू पर भी ध्यान देने की जरूरत है कि भारत की आबादी श्रीलंका और नेपाल से जितनी अधिक है। भारत के पास क्षमता व संसाधन भी उतने ही अधिक हैं।खाद्य की बबार्दी की ये समस्या सिर्फ भारत में नही बल्कि पूरी दुनिया में है।

संयुक्त राष्ट्र के मुताबिक पूरी दुनिया में प्रतिवर्ष 1.3 अरब टन खाद्यान्न खराब होने के कारण फेंक दिया जाता है। यह कैसी विडम्बना है कि एक तरफ दुनिया में इतना खाद्यान्न बर्बाद होता है और दूसरी तरफ दुनिया के लगभग 85 करोड़ लोग भुखमरी का शिकार हैं। क्या यह अनाज इन लोगों की भूख मिटाने के काम नहीं आ सकता? पर व्यवस्था के अभाव में ये नहीं हो पा रहा है।

महत्वपूर्ण सवाल यह भी है कि हर वर्ष हमारे देश में खाद्यान्न का रिकार्ड उत्पादन होने के बावजूद क्यों देश की लगभग एक चौथाई आबादी को भुखमरी से गुजरना पड़ता है? यहां मामला यह है कि हमारे यहां हर वर्ष अनाज का रिकार्ड उत्पादन तो होता है। पर उस अनाज का एक बड़ा हिस्सा लोगों तक पहुंचने की बजाय कुछ सरकारी गोदामों में तो कुछ इधर-उधर अव्यवस्थित ढंग से रखे-रखे सड़ जाता है। संयुक्त राष्ट्र के एक आंकड़े के मुताबिक देश का लगभग 20 फीसद अनाज भण्डारण क्षमता के अभाव में बेकार हो जाता है। इसके अतिरिक्त जो अनाज गोदामों में सुरक्षित रखा जाता है। उसका भी एक बड़ा हिस्सा समुचित वितरण प्रणाली के अभाव में जरूरतमंद लोगों तक पहुंचने की बजाय बेकार पड़ा रह जाता है।

भारत में भुखमरी से निपटने के लिए अनेको योजनाएं बनी हैं लेकिन उनकी सही तरीके से पालना नहीं होती है। महंगाई और खाद्य पदार्थों की कीमतों में उछाल ने गरीबों और कम आय वाले लोगों को असहाय बना दिया है। हमारे देश में सरकार द्वारा भुखमरी को लेकर कभी उतनी गंभीरता दिखाई ही नहीं गई जितनी कि होनी चाहिए।

यहां सरकार द्वारा हमेशा भुखमरी से निपटने के लिए सस्ता अनाज देने सम्बन्धी योजनाओं पर ही विशेष बल दिया गया। कभी भी उस सस्ते अनाज की वितरण प्रणाली को दुरुस्त करने को लेकर कुछ ठोस नहीं किया गया। आज सार्वजनिक वितरण प्रणाली हांफ रही है और मिड-डे मील जैसी आकर्षक परियोजनाएं भ्रष्टाचार और प्रक्रियात्मक विसंगतियों में डूबी हुयी हैं। लोगों को भुखमरी से निजात दिलाने की दिशा में सभी को सकारात्मक और प्रभावी कार्यवाही करनी होगी। ताकि आने वाले समय में किसी भी जिंदा इंसान की भुखमरी से मौत ना हो सके।

## कविता

वे खत भेजकर हमें सिर्फ
बहकाने आए,
हाथ मे किताबों में छुपे कुछ फूल पुराने
आए।

दुनिया में बट गया उनका वक्त सारा,
हमारे हिस्से में सिर्फ चंद बहाने आए।

न वो आए ना उनका तसव्वुर आया,
हमारी खातिर कुछ नग्मे पुराने आए।

चांदनी से चमकीले थे वादे उनके,
वादों से कितने उनके दीवाने आए।

दर के पत्थर सा दिल है कठोर उनका,
झरोखे से हिलते पर्दे हमें रुलाने आए।

इश्क मोहब्बत शायरी सब बेमानी है,
गर्म हवा के झोंके हमें बस समझाने
आए।

संजीव ठाकुर

## धर्मनिरपेक्षता से मजबूत होता लोकतंत्र

संजीव ठाकुर

**धर्मनिरपेक्षता** लोकतंत्र को सशक्त करने हेतु एक महत्वपूर्ण संवेदनशील एवं शाश्वत सिद्धांत है' धर्मनिरपेक्षता भारतीय राजनीति का मूल आधार तत्व है' जिसमें राजनीतिक दलों को भारतीय संविधान की महत्वपूर्ण भूमिका अंतर्निहित है' धर्मनिरपेक्षता धार्मिक उग्रवाद का बड़ा विरोधी भाव है' इसमें धर्म के प्रति विद्वेष का भाव नहीं होता है, बल्कि सभी धर्मों का समान आदर किया जाता है।इस आधुनिक काल में धर्मनिरपेक्षता सामाजिक और राजनीतिक सिद्धांत में प्रस्तुत सर्वाधिक जटिल शब्दों में एक है। धर्मनिरपेक्षता का अर्थ पाश्चात्य तथा भारतीय संदर्भ में अलग-अलग है' भारतीय धर्मनिरपेक्षता का तात्पर्य समाज में विभिन्न धार्मिक मतों का अस्तित्व मूल्यों को बनाए रखने सभी मतों का विकास और समृद्धि करने की स्वतंत्रता का तथा साथ ही साथ सभी धर्मों के प्रति एक समान आदर तथा सहिष्णुता विकसित करना है' पश्चिमी संदर्भ में धर्मनिरपेक्षता का तात्पर्य ऐसी व्यवस्था से है जहां धर्म और राज्यों का एक दूसरे के मामले में हस्तक्षेप न करना तथा व्यक्तियों और उसके अधिकारों को केंद्रीय महत्व दिया जाना शामिल है। यद्यपि भारतीय धर्मनिरपेक्षता मैं पश्चिमी भाव तो शामिल हैं साथ-साथ कुछ अन्य भाव भी शामिल किए गए हैं' धर्मनिरपेक्ष व्यक्ति समाज या राष्ट्र अभाव होता है, जो किसी विशेष धर्म या अन्य धर्मों की तुलना में पक्षपात नहीं करता है' भारतीय संदर्भ धर्मनिरपेक्षता की आजादी के बाद बड़ी स्वच्छ एवं स्वस्थ सार्वभौमिक परंपरा रही है।इसमें किसी व्यक्ति से धर्म और संप्रदाय के नाम पर किसी प्रकार का भेदभाव नहीं किया जाता है' प्रत्येक नागरिक को इसके अंतर्गत स्वतंत्रता प्राप्त होती है कि वह अपनी इच्छा अनुसार किसी भी धर्म को अपनाएं एवं किसी भी व्यक्ति के धार्मिक मामलों में हस्तक्षेप न करें, भारत में धर्म और राजनीति को एक दूसरे से अलग तथा पृथक रखने की हमेशा कोशिश की गई है' भारत में राज्य का अपना कोई धर्म नहीं है, यहां राज्य की नजर में सब एक समान है' भारत में धर्मनिरपेक्षता में सभी धर्मों को समानता का दर्जा प्रदान किया गया है। सभी धर्मों के नागरिकों से यह अपेक्षा की जाती है कि वह सभी धर्मों के नागरिकों को समान आदर व इज्जत से व्यवहार करें' भारतीय धर्मनिरपेक्षता राज्य के सभी धर्मों को विकास का समान अवसर देती है, इस प्रकार यह माना जा सकता है कि धर्मनिरपेक्षता सर्वधर्म समभाव पर विशेष महत्व देकर उस पर केंद्रित करती है' धर्मनिरपेक्षता के अंतर्गत तर्क और विवेक की प्रधानता होती है, सभी व्यक्ति को सब कुछ कहने और विचार करने की स्वतंत्रता होने के साथ-साथ वैज्ञानिक आविष्कारों को भी पूर्ण अधिकार के साथ प्रोत्साहित भी किया जाता है' भारतीय संदर्भ में धर्मनिरपेक्षता से विविधता में एकता को बल मिलता है' हालांकि कुछ राजनीतिक दलों ने समय-समय पर भारतीय धर्मनिरपेक्षता को सत्ता प्राप्त करने हेतु कमजोर करने की कोशिश की है।

## विचार

## भारत के नेतृत्व में जी-20, एससीओ सम्मिट 2023 का कुशलता से विस्तार

किशन भावनानी

**वैश्विक** स्तरपर भारत के बढ़ते नेतृत्व का परिणाम जी-7, एससीओ सम्मिट 2023 की अध्यक्षता सहित अनेक मंचों पर भारत का लीडिंग रोल लाइव हो रहा वैश्विक मंचों पर देखा जा सकता है, जिसका परिणाम है कि कई मुद्दों, सुझाव व एजेंडों को भारत के अनुसार सेट किया जाता है हम जी-20 की अध्यक्षता तो कर ही रहे हैं, अब एससीओ की अध्यक्षता भी 2023 को हमारे हिस्से आई है जिसका एजेंडा सेट करने और अन्य द्विपक्षीय चचाओं के लिए भारत में 4-5 मई 2023 को एससीओ देशों के विदेश मंत्रियों का सम्मेलन संपन्न हुआ, जिसमें हमारे विदेश मंत्री द्वारा चीन और रूस के विदेश मंत्रियों के साथ द्विपक्षीय चचाएं भी की गई परंतु सबसे हैरानी वाली बात यह हुई कि 12 वर्षों के बाद हमारे पड़ोसी मुल्कों के विदेश मंत्री भी भारत आए और बिना किसी द्विपक्षीय चर्चा या एजेंडे के साथ एससीओ सम्मिट में शामिल हुए जो भारत के दबदबे को दिखाता है। मेरा मानना है कि शायद यह 3-4 जुलाई 2023 को होने वाले 23 वें सम्मेलन में पड़ोसी मुल्क के पीएम के शामिल होने का इशारा हो सकता है।जबकि पहले चीन और पड़ोसी मुल्क के वर्चुअल शामिल होने का अंदेशा था और पिछले समयों में भी वर्चुअल शामिल हुए हैं। चूंकि रूस यूक्रेन युद्ध जोरों पर शुरू है, यूक्रेन की नाटो में शामिल होने की अटकलें हैं, इसीलिए एससीओ को रूस और चीन विस्तृत करके नाटो के समक्ष एक ताकत बनाना चाहते हैं, क्योंकि इस सामूहिक यूरोपियन विभाग का 40 फीसदी वैश्विक घरेलू उत्पाद 30 फीसदी और विश्व की आबादी का 40 फीसदी शामिल है। चीन और रूस इस समूह को नाटो के खिलाफ को पश्चिम के लिये एक काउंटर के तौर पर विस्तार देना चाहते हैं।हालांकि माना जाता है कि एससीओ और नाटो के बीच काफी विरोधाभास है। नाटो का विस्तार पूरी तरह से अलग है। जबकि एससीओ गुटनिरपेक्षता पर आधारित एक सहकारी संगठन है। किसी तीसरे पक्ष को लक्षित नहीं करता। वैसे ये यूरेशियाई राजनीतिक, आर्थिक और सैन्य संगठन है, जिसका लक्ष्य क्षेत्र में शांति, सुरक्षा एवं स्थिरता बनाए रखना है।

चूंकि 4-5 मई 2023 को गोवा में संपन्न हुए एससीओ विदेश मंत्रियों के सम्मिट में 3-4 जुलाई 2023 में होने वाले 23 वें सम्मिट का एजेंडा भी निकला है इसलिए मीडिया में उपलब्ध जानकारी केसहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से हम चर्चा करेंगे भारत की अध्यक्षता नेतृत्व व मेजबानी में एससीओ और जी-20 मंचों का कुशलता से विस्तार।

साथियों बात अगर हम एससीओ की करें तो, भारत इस साल जी-20 के साथ शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) समिट की भी मेजबानी कर रहा है। 8 अलग अलग देशों में आयोजित होने वाली यह समिट इस साल 3-4 जुलाई 2023 को नई दिल्ली में होगी। चर्चा है कि यूक्रेन के युद्ध के बाद पहली बार रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन भारत आ सकते हैं। इस बार समिट के एजेंडे में कारोबार, आतंकवाद से निपटने की रणनीति, अफगानिस्तान में शांति और चाबहार पोर्ट समेत कई मुद्दों को शामिल किया जा रहा है।चूंकि इस समय भारत इस संगठन का अध्यक्ष है लिहाजा इस साल इसके सदस्य और पर्यवेक्षक देशों के शिखर सम्मेलन की मेजबानी वो कर रहा है। पिछले कुछ बरसों में शंघाई सहयोग संगठन का प्रभाव बढ़ा है। इसे नाटो के जवाब में विस्तार लेता संगठन कहा जा रहा है। समिट का आयोजन हर साल 8 सदस्य देशों में से किसी एक देश में होता है। जैसे- पिछली बार उज्बेकिस्तान में समिट आयोजित की गई थी, इस साल यह आयोजन नई दिल्ली में होगा। अगला आयोजन किस देश में होगा, यह समिट के दौरान तय होता है।पिछले सालउज्बेकिस्तान में घोषणा हुई थी कि अगला समिट का अगला आयोजन भारत में होगा।यही वजह है कि हर साल अलग-अलग देशों को मेजबानी का मौका मिलता है।सदस्य देश के किस शहर को समिट के लिए चुना जाएगा, इसके लिए कल्चरल और टूरिज्म कैपिटल को प्राथमिकता दी जाती है। यहां दुनिया के 8 देशों के दिग्गज पहुंचते हैं और कई मुद्दों पर चर्चा करते हैं।जैसे पिछले वर्ष 2022 को वाराणसी को चुना गया था।


## एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, 261 ग्लबोल स्पेसिज, पार्ट-2, सेक्टर-33, करनाल, हरियाणा ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

**स्थानीय संपादक: राजकुमार शर्मा (प्रिन्स)**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज**
9999889104, 9250706656
ई-मेल : actionindiaharyana@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

## भाषा विज्ञान में करियर के अवसरों का सर्वश्रेष्ठ विकल्प

विजय गर्ग

**क्या आप** अपने भाषा पाठ्यक्रम से प्यार करते हैं और वास्तव में अपने पूरे जीवन में भाषाओं का अध्ययन करने में रुचि रखते हैं, भले ही आपके पास एक विश्लेषणात्मक मस्तिष्क हो? क्या आप युवाओं के एक दुर्लभ समूह से संबंधित हैं जो सोचते हैं कि व्याकरण उबाऊ नहीं है? क्या आप एक ऐसे करियर की तलाश कर रहे हैं जो लोकप्रिय विज्ञान, इंजीनियरिंग और वाणिज्य करियर के क्षितिज से परे हो? क्या आप वास्तव में लगातार घंटों किताबें पढ़ने का आनंद लेते हैं? यदि उपरोक्त सभी के उत्तर एक जोरदार 'हां' हैं, तो आप भाषाविज्ञान में करियर के बारे में सोच सकते हैं, यह एक बहुत ही महत्वपूर्ण लेकिन आमतौर पर नहीं अपनाया जाने वाला क्षेत्र है जिसमें व्यवसायों के विभिन्न क्षेत्रों में कुछ अवसर हैं। भाषाविद् वास्तविक जीवन और व्यावसायिक स्थितियों में अपने ज्ञान को लागू करने के लिए भाषाओं की उत्पत्ति, विकास और विकास का अध्ययन करते हैं जैसे कि ऐतिहासिक दस्तावेजों की व्याख्या, एन्क्रिप्टेड या कोडित पाठ की व्याख्या, प्राकृतिक भाषा प्रसंस्करण कंप्यूटर सॉफ्टवेयर का विकास, और लिखित/बोली जाने वाली भाषा की व्याख्या विदेशी भाषाएँ। भाषाविद् यह समझने के लिए अध्ययन करते हैं कि लोग भाषण और भाषा कैसे सीखते हैं, वे संवाद करने के लिए भाषाओं का उपयोग कैसे करते हैं और संस्कृतियों, समुदायों, क्षेत्रों और देशों में भाषाएँ कैसे भिन्न होती हैं। भाषाविद् क्यों बनें? आप भाषाओं का अध्ययन करेंगे - विभिन्न भाषाओं की उत्पत्ति कैसे हुई, वे युगों में कैसे विकसित हुईं, भाषण और भाषाओं के विभिन्न गुण, और वे कैसे बदलते और विकसित होते हैं। आप अपने ज्ञान को विभिन्न क्षेत्रों में लागू करेंगे - इतिहास और नृविज्ञान से लेकर समाजशास्त्र और कंप्यूटर विज्ञान तक। एक भाषाविद् के रूप में, आप निम्नलिखित क्षेत्रों और कई अन्य क्षेत्रों के बारे में शोध और अध्ययन करेंगे: ध्वन्यात्मकता - ध्वन्यात्मकता मानव भाषण की ध्वनि का अध्ययन है। यह वास्तविक मानव ध्वनियों से संबंधित है, और वे कैसे उत्पन्न और अनुभव किए जाते हैं। स्वर विज्ञान - स्वर विज्ञान इस बात से संबंधित है कि भाषण की विभिन्न ध्वनियाँ किस प्रकार व्यवस्थित रूप से व्यवस्थित की जाती हैं।

## व्याकरण में लिंग

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा

**रूढ़ीवादी** सोच विज्ञान का मजाक उड़ाने में सबसे आगे होती है। यही कारण था कि उसकी कोख में बच्ची थी। अब आप पूछेंगे कि मुझे कैसे पता? कहीं डॉक्टरों को खिला-पिलाकर मालूम तो नहीं करवा लिया। यदि मैं कहूँ कि उसकी कोख में बच्चा था, तब निश्चित ही आप इस तरह का सवाल नहीं करते। आसानी से मान लेते। हमारे देश में लिंग भेद केवल व्याकरण तक सीमित है। वैचारिक रूप से हम अब भी पुल्लिंगवादी हैं। खैर जो भी हो उसकी कोख में बच्चा था या बच्ची यह तो नौ महीने बाद ही मालूम होने वाला था। चूंकि पहली संतान होने वाली थी सो घर की बुजुर्ग पीढ़ी खानदान का नाम रौशन करने वाले चिराग की प्रतीक्षा कर रही थी। वह क्या है न कि कोख से जन्म लेने वालौ संतान अपने साथ-साथ कुछ न दिखाई देने वाले टैग भी लाती हैं। मसलन लड़का हुआ तो घर का चिराग और लड़की हुई तो घर की लक्ष्मी। कोख का कारक पुल्लिंग वह इस बात से ही अत्यंत प्रसन्न रहता है कि उसके साथ पिता का टैग लग जाएगा, जबकि कोख की पीड़ा सहने वाली ह्यवहह्ल माँ बाद में बनेगी, सहनशील पहले। घर भर के लोगों को कोख किसी कमरे की तरह लग रहा है। जिसमें कोई सोया है और नौ महीने बाद उनके सपने पूरा करने के लिए जागेगा और बाहर आएगा। सबकी अपनी-अपनी अपेक्षाएँ हैं। सबकी अपनी-अपनी डिमांड है। दादा जी का कहना है कि उनका चिराग आगे चलकर डॉक्टर बनेगा तो दादी का कहनाम है कि वह इंजीनियर बनेगा। चाचा जी का कहना है कि वह अधिकारी बनेगा तो चाची जी उसे कलेक्टर बनता देखना चाहती हैं। पिता उसे बड़ा व्यापारी बनता देखना चाहते हैं तो कोई कुछ तो कुछ। सब अपनी-अपनी इच्छाएँ लादना चाहते हैं, कोई उसे यह पूछना नहीं चाहता कि वह क्या बनना चाहता है। मानो ऐसा लग रहा था कि संतान का जन्म इच्छाओं की पूर्ति करने के लिए हो रहा है, न कि उसे खुद से कुछ करने की। उसकी कोख में संतान की पीड़ा से अधिक घर भर की डिमांड वाली पीड़ा अधिक सालती है। आँसुओं के भी अपने प्रकार हैं। जो आँसू कोरों से निकलते हैं उसकी भावनात्मक परिभाषा रासायनिक परिभाषा पर हमेशा भारी पड़ती है। वह घर की दीवारों, खिड़कियों और सीलन पर पुरुषवादी सोच का पहरा देख रही है।

# 'अंबाला छावनी में चालू होगा होम्योपैथिक अस्पताल'



**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला छावनी (मनीष कुमार) हरियाणा** के स्वास्थ्य एवं आयुष मंत्री अनिल विज ने कहा कि रामपुर सरसेहड़ी के सामुदायिक भवन में राजकीय होम्योपैथिक अस्पताल को इसी माह चालू किया जाएगा। वह राजकीय होम्योपैथक कालेज व अस्पताल के निरीक्षण के उपरांत पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। विज ने कहा कि अंबाला छावनी के चंदपुरा में नया होम्योपैथिक कॉलेज व अस्पताल बन रहा है, भवन बनने में अभी समय लगेगा लेकिन अस्पताल को चलाने के लिए हमने नगर परिषद से रामपुर सरसेहड़ी के कम्युनिटी सेंटर में अस्पताल को सेटअप कर दिया है। उन्होंने कहा कि मैनें आदेश जारी किए है और सब प्रकार की स्वीकृतियां दी है कि इसको सब प्रकार से अपडेट कर दिया जाए। उन्होंने कहा कि इसी महीने में इसका उद्घाटन किया जाएगा। विज ने कहा कि अस्पताल में सभी प्रकार का स्टाफ रखा जायेगा। यहां पर अल्ट्रा साउंड मशीन, एक्सरे मशीन, उच्च गुणवत्ता वाली ऑटो एनालाइजर वाली लैब भी लगाई जाएगी। यहां पर आईपीडी है, भर्ती भी हो सकेंगे, प्राइवेट रूम भी है और इस अस्पताल को हम चालू कर देंगे क्योंकि कॉलेज की मान्यता के लिए पिछले दो साल से अस्पताल चलता हुआ होना चाहिए। इससे पहले गृह मंत्री के यहां पहुंचने पर एसडीएम सतिन्द्र सिवाच, नगर परिषद् प्रशासक निर्मल नागर, जिला आयुर्वेदिक अधिकारी शशिकांत शर्मा, डा. हरप्रकाश सहित भाजपा नेता जसबीर सिंह जस्सी, फकीरचंद सैनी, वीरेंद्र सिंह एवं अन्य ने पुष्पगुच्छ देकर उनका अभिनन्दन किया। विज ने रामपुर सरसेहड़ी के सामुदायिक भवन में अस्थाई रूप से स्थापित राजकीय होम्योपैथिक अस्पताल का निरीक्षण करते हुए यहां पर जो व्यवस्थाएं होनी है उसका बारीकी से निरीक्षण किया। प्रत्येक कमरे में जाकर क्या-क्या कार्य यहां पर किए जाएगें उसके बारे जिला आयुर्वेदिक अधिकारी से जानकारी हासिल करते हुए उन्हें निर्देश दिए कि सभी कार्य जो आयुर्वेदिक कॉलेज/अस्पताल में होते है वे सभी यहां पर होने चाहिए। उन्होंने कहा आयुष विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक लेकर यहां पर जो भी कार्य होने है उसकी स्वीकृति एवं आदेश भी दे दिए गए हैं।

**▶▶यहां पर अल्ट्रा साउंड मशीन, एक्सरे मशीन, उच्च गुणवत्ता वाली ऑटो एनालाइजर वाली लैब भी लगाई जाएगी: विज**

उन्होंने कहा अम्बाला में नया होम्योपैथिक कॉलेज/अस्पताल चन्दपुरा में लगभग साढ़े सात एकड़ में बनना है। उस बिल्डिंग को बनने में अभी समय लगेगा लेकिन इससे पहले-पहले इस अस्पताल को नगर परिषद द्वारा रामपुर सरसेहड़ी में उपलब्ध करवाई गई जगह पर सामुदायिक भवन में सैटअप किया जा रहा हैं। इस अस्पताल को स्थापित करने के लिए सभी स्वीकृति एवं अपग्रेडेशन के सम्बधिंत कार्य के लिए आदेश भी दे दिए गए हैं।उन्होंने कहा कि अस्पताल से सम्बधिंत सारा स्टॉफ यहां मौजूद होगा, अल्ट्रासाउंड, एक्स-रे की सुविधा के साथ-साथ यहां पर उच्च गुणवत्ता वाली ऑटो एन्क्लाईजर की लैब भी होगी।

इतना ही नहीं आईपीडी, मरीजों की भर्ती की सुविधा के साथ-साथ प्राईवेट रूम भी होगें। उन्होनें यह भी बताया कि किसी भी होम्योपैथिक कॉलेज को मान्यता तभी मिलती है, जब अस्पताल दो साल पहले से क्रियान्वित हो।

# अटल कैंसर केयर ने बच्चे की प्लास्टिक सर्जरी कर जुड़ी उंगलियों को किया अलग



**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला छावनी (मनीष कुमार)**

**अंबाला** छावनी के सिविल अस्पताल में डॉक्टर मयंक अग्रवाल व डॉक्टर वेध पाठक की टीम ने एक बच्चे का सफल ऑपरेशन करते हए उसकी जन्म जात बंद उंगलियों को खोलने में सफलता हासिल की है। डॉक्टर मयंक अग्रवाल एमसीएच प्लास्टिक सर्जरी ने बताया कि कई बच्चों की जन्मजात से जुड़ी हुई होती हैं जिससे प्लास्टिक सर्जरी से ही अलग किया जा सकता है। उन्होने बताया कि महिला को पता लगा कि छावनी सिविल अस्पताल के अटल कैंसर केयर विंग में यह सेवा निशुल्क उपलब्ध करवाई जा रही है। महिला ने यहां आकर अपने 9 वर्षीय बच्चे के सभी टेस्ट करवाएं जिसके बाद डॉक्टरों ने उसका ऑपरेशन किया। डॉक्टर ने बताया कि बच्चा स्वस्थ है तथा 15 दिन की भीतर उसको उसकी उंगलियां पूरी तरह से काम करने लगेगी। उन्होंने बताया कि दोनों उंगलियों को पूरी तरह से खोला गया तथा सभी कोशिकाओं को ध्यान में रखते हुए काफी सावधानी बरती जाती है जिससे ब्लड सकूर्लेश ठीक रहे।

उन्होंने यह भी बताया कि ऐसे में रोगी जांग से त्वचा का टुकड़ा लेकर चमड़ी पर लगाया जाता है। उन्होनें गृह मंत्री का भी आभार प्रकट करते हुए कहा कि उन्हीं के प्रयासों से इस अस्पताल में यह सर्जरी हो सकी है। उन्होंने कहा कि अक्सर जन्मजात बच्चों के तालू, होट कटे होना, उंगलियां

**▶▶ हरियाणा के किसी भी नागरिक अस्पताल में ऐसी सुविधाएं उपलब्ध नहीं है**

जुड़ी होना आदि के आसानी से यहां पर ऑपरेशन संभव है। वहीं डॉक्टर वेध पाठक ने बताया कि गृह मंत्री के प्रयासों से यहां पर कैंसर के साथ-साथ अन्य रोगों के इलाज भी किए जा रहे हैं। लोगों को पीजीआई जाने की जरूरत नहीं है। यहीं पर डॉक्टरों की टीमें विभिन्न ऑपरेशन कर रही है। उन्होंने बताया कि मयंक अग्रवाल एमसीएच प्लास्टिक सर्जरी के सहयोग से यहां पर विभिन्न प्रकार की सर्जियां की जा रही है। अक्सर कैंसर ऑपरेशन के बाद भी शारिरिक विकृति आ जाती है उसे भी दूर किया जाता है। उन्होंने बताया कि हरियाणा के किसी भी नागरिक अस्पताल में ऐसी सुविधाएं उपलब्ध नहीं है। उन्होने यह भी कहा कि यहां पर डॉक्टरों की टीम द्वारा अनेक जटिल ऑपरेशन किए जा रहे हैं। वहीं 9 वर्षीय मासूम के परिजनों ने बच्चे का सफल ऑपरेशन होने पर डॉक्टरों का आभार जताया।

उनका यह भी कहना था कि हरियाणा सरकार व मुख्यमंत्री का भी आभार व्यक्त करते हैं जिन्हें ने उक्त अस्पताल में बेहतर सेवाएं उपलब्ध करवाई हैं। उन्होंने यह भी बताया कि ऑपरेशन पूरी तरह से निशुल्क हुआ है।

## न्यूज फ्लैश

### एसपी के आदेश के बाद भी लोगों ने फटे झंडे नहीं उतारे

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला छावनी (मनीष कुमार)**

**हम जिएंगे** और मरेंगे के वतन तेरे लिए की पंक्तियां अब मात्र 15 अगस्त, 26 जनवरी तक ही सीमित हो गई लगती हैं ।

केंद्रीय सरकार ने हर घर तिरंगा का आह्वाहन किया हर, घर चोंक पर तिरंगा तो लहराया परन्तु जिस तिरंगे की आन बान शान के लिए देश की तीनों सेनाएं जान तक लुटाने के लिए ततपर रहती हैं देश का हर नागरिक 15 अगस्त, 26 जनवरी को सलयूट कर स्वयं को गौरवान्वित महसूस करता है इस तिरंगे को अपमानित न हो खंडित न हो के मन से मान सम्मान हेतु अम्बाला के पुलिस अधीक्षक सरदार जशनदीप सिंह रंधावा ने भी जिला वासियों से आवाहन किया था कि तिरंगे की आन बान शान हेतु (खण्डित कटे/ फटे/किसी भी स्थान पर क्षत विक्षत/ लहराते/जमीन पर गिरे/ मैले ) झण्डे को सम्मान पूर्वक उतार कर सुरक्षित स्थान पर रखें ! परन्तु पुलिस अधीक्षक की अपील का आमजनमानस पर असर बेअसर लग रहा है । आलूगोदाम अम्बाला केंट की व्यस्ततम सड़क के डिवाइडर पर अत्यंत शर्मनाक स्थिति में तिरंगा देख युवा महिला अधिवक्ता अनुश्री की नजर पड़ी कोर्ट जाने की जल्दी में वे निकल तो गईं परन्तु उन्होंने जागरूक नागरिक को इस झण्डे की दयनीय हालत के बारे हुए देश की आन बान शान तिरंगे की दयनीय स्थिति पर देशभक्ति को सवालों के घेरे में खड़े करते हुए जनता से अपील की कि जनता देश के झंडे की शान बरकरार रखते हुए सम्मान करने की बात कही । तिरँगे की आन बान शान की रक्षा करना हर भारतीय का परम कर्तव्य है जहां कहीं भी अनजाने में निरादर हो रहा हो तिरँगे को सम्मान सहित सुरक्षित स्थान पर पहुंचाएं ।

### मुख्यमंत्री अंत्योदय मेले का उद्देश्य प्रदेश के सभी लोग समृद्धि व खुशहाली की ओर आगे बढ़ें

**गन्नौर। शुक्रवार** को खंडस्तरीय मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना के तहत चौथे चरण में मेला का आयोजन लहरी सिंह पार्क गन्नौर में किया गया।



मेले में विधायक निर्मल चौधरी ने बतौर मुख्य अतिथि पहुंच कर अंत्योदय मेले का जायजा लिया। मेले में ५७प्त लोगों ने पहुंचकर सरकारी योजनाओं की जानकारी हासिल की। विधायक निर्मल चौधरी ने अतिरिक्त उपायुक्त अंकिता चौधरी, एडीमएम गन्नौर अनुपमा मलिक व नगरपालिका चेयरमैन अरुण त्यागी की उपस्थिति में मेले का अवलोकन किया। विधायक ने अंत्योदय मेला में लाभपात्रों से बातचीत की तथा उनको ऋण आवेदन के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री का प्रयास है कि प्रदेश में सभी लोग समृद्धि व खुशहाली की ओर आगे बढ़ें। उन्होंने कहा कि हरियाणा पहला ऐसा प्रदेश है, जहां आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए अंत्योदय परिवार उत्थान जैसी योजना चलाई जा रही है। योजना के तहत, कौशल विकास, स्वरोजगार और रोजगार सृजन के उपायों को अपनाया जाएगा ताकि अंत्योदय परिवारों की न्यूनतम वार्षिक आय ५.त्नइ लाख रुपए तक प्रति वर्ष बढ़ाई जा सके। अतिरिक्त उपायुक्त अंकिता चौधरी ने बैंक अधिकारियों और सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन परिवारों का जिस किसी योजना की तरफ रूझान दिखाई दे, उनका लाभ जल्दी से जल्दी उन तक पहुंचना चाहिए। एसडीएम गन्नौर अनुपमा मलिक ने कहा कि योजनाओं द्वारा फायदा पहुंचाने के लिए अलग-अलग विभाग द्वारा स्टॉल लगाए गए। जैसे ६ लाख तक की लोन राशि, रोजगार व अन्य सुविधाएं मुहैया करवाने के लिए कार्य किया गया। मेले में ७७७ लोगों को निमंत्रण दिया गया था जिसमें से ६ ग्रामीण व ९त्र शहरी थे लेकिन मेले में ५७प्त लोग ही पहुंचे जिसमें से ५झ७ लोग ग्रामीण व ७त्र लोग शहरी इलाके से पहुंचे । मौके पर मार्केट कमेटी के पूर्व चेयरमैन रामकुमार धनखड़, पार्षद नरेश वर्मा, पार्षद विकास शर्मा, महक फौगाट, संदीप, दीपक रापरिया, नगरपालिका सचिव प्रदीप खर्ब, एमई राहुल मोर, पंचायत अधिकारी जयभगवान व सफाई निरीक्षक पोषण मलिक सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# फाजिलपुर खंडित तिरंगों से हुआ मुक्त



**टीम एक्शन इंडिया/ सोनीपत**

**तिरँगा** सम्मान संकल्प मुहिम के तहत फाजिलपुर गाँव मे सामाजिक कार्यकर्ता प्रेम गौतम जोकि इस मुहिम को 15 जून 2022 से सुरु कर चुके है ने सँस्था के सदस्य फाजिलपुर निवासी अनिल रोहिला के साथ मिलकर पूरे फाजिलपुर को खंडित तिरँगा मुक्त बना दिया है जिसमे एक दिन ओर लगेगा ।

हर गाँव के नागरिकों को इस मुहिम में माँ भारती रक्तवाहिनी के साथ देना चाहिए जिन्होंने लगभग 3500 खंडित तिरंगों को उतार कर नगर निगम में जमा करवाया है । प्रेम गौतम ने बताया कि गाँव मे एक व्यक्ति ने उन्हें खंडित तिरँगा उतारने से मना कर दिया और धमकाने लगे । अधिकतर गांव वासियों ने इस मुहिम का स्वागत करते हुए खंडित तिरंगों को टीम को सम्मान सहित सोंप दिया । सँस्था की मुहिम से प्रतिदिन लोग जुड़ रहे है और अपने घरों पर छतों पर लगे खंडित तिरंगों को उतार भी रहे है । सँस्था से जिला प्रसासन से अपील की है कि उपायुक्त खुद सामने आकर वीडियो जारी कर सोनीपत की जनता को सन्देश कि आम जन खंडित तिरंगों को खुद उतारे ओर नगर निगम नोडल अधिकारी के पास जमा करवाये । हमे अपने देश की शान तिरँगे के सम्मान में यह कदम। उठाना चाहिए।

## विभिन्न संगठनों ने मनाया बुद्ध पूर्णिमा



**टीम एक्शन इंडिया/नारनौल**

**बहुजन** समाज के विभिन्न संगठनों के तत्वावधान में बुद्ध पूर्णिमा का महा उत्सव गुरु रविदास मंदिर में बड़ी धूमधाम से मनाया गया । महा उत्सव पर सुरेश बौद्ध व हवासिंह बौद्ध द्वारा विस्तार से गौतम बुद्ध की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उनकी शिक्षा एवं उपदेशों से जन समूह को अवगत कराया । इस अवसर पर बौद्ध धम्म यात्रा पर गए सुरेश बौद्ध, कृष्णा बौद्ध, चन्दन सिंह जालवान, शांति देवी, बिरदी चंद गोठवाल, बलबीर सिंह बबेरवाल, रामकुमार ढैणवाल, रोहतास बबेरवाल, सुमेर सिंह गोठवाल आदि उपासकों को सूबेदार फूल सिंह, प्रधान किशनलाल लुहानीवाल, डॉ मिंटू कुमार, पूर्व डीजीएम महेंद्र सिंह खन्ना, शिवनारायण मोरवाल, पतराम खिंची, तोताराम कोली व जोगेंद्र जैदिया आदि ने पट्टा पहना कर सभी को सम्मानित किया।

# रक्त की पूर्ति केवल मानव शरीर से ही संभवः रेणु फुलिया

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार) रक्तदान महादान** है और जीवन में इससे बड़ा कोई दान नहीं हैं। रक्तदान करके हम अमूल्य जिन्दगीयों को बचा सकते हैं, यह बात मंडलायुक्त रेनू एस फुलिया ने आज अपने कार्यालय में आयोजित रक्तदान शिविर में बतौर मुख्यअतिथि के तौर पर शिरकत करते हुए कहीं। इस मौके पर उन्होंने स्वैच्छा से रक्तदान करने वाले कर्मचारियों को बैज व प्रशंसा पत्र देकर उनको प्रोत्साहित भी किया। इस मौके पर एसडीएम अम्बाला शहर दर्शन कुमार, नायब तहसीलदार यशवंत, नील अंजल, प्रिया के साथ-साथ अन्य मौजूद रहें। मण्डलायुक्त रेनू एस फुलिया ने इस मौके पर बताया कि आज तक के इतिहास में पहली बार मंडलायुक्त कार्यालय में इस प्रकार के रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है। रक्तदान शिविर में मंडलायुक्त कार्यालय के साथ-साथ कैम्प कार्यालय व अन्य कर्मचारियों ने बढ चढकर भाग लिया हैं। उन्होंने कहा कि रक्तदान महादान हैं। रक्त की एक-एक यूनिट कई अमूल्यों की जीवनों को बचाती हैं।



## रौनक पब्लिक स्कूल में छात्र परिषद का अलंकरण समारोह आयोजित

**गन्नौर। रौनक** पब्लिक स्कूल में गुरुवार को छात्र परिषद का अलंकरण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कक्षा प्रधानों और कक्षा में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले तथा पूरे वर्ष कक्षा में शत–प्रतिशत उपस्थिति दर्ज करने वाले बच्चों को भी उनके अभिभावकों के साथ सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रधानाचार्य इन्द्रनाथ सिन्हा ने दीप प्रज्वलित करते की। प्रधानाचार्य इंद्रनाथ सिन्हा ने छात्र परिषद के चयनित विद्यार्थियों को पद और गरिमा की शपथ दिलाई। छात्र परिषद में हेड ब्वाय (छात्र) अभय, हेड गर्ल (छात्रा) पलक, उप स्कूल कप्तान दीपांकित और प्रिया, सांस्कृतिक कप्तान नैंसी और स्नेहा, खेल कप्तान अभिनव और हिमांशी को कैप, बेल्ट और ध्वज देकर अलंकृत किया गया।

# मच्छर मार दवाई छिड़कने का अभियान शुरू किया



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**

बेमौसम बारिश एवं रोज बदलते मौसम के कारण बीमारियों का प्रभाव दिनों दिन बढ़ता जा रहा है और गली मोहल्लों में मच्छरों की भरमार हो चुकी है। बीमारियों से बचाव के लिए शहर में पूर्व कैबिनेट मंत्री कविता जैन और मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन की तरफ से मच्छर मार दवाई छिड़कने का अभियान शुरू किया गया है जो मच्छरों की समाप्ति तक लगातार जारी रहेगा!

वीरवार को अपने कैंप कार्यालय से फागिंग अभियान की शुरूआत करते हुए कविता जैन ने कहा कि मौसम में अचानक हो रहे परिवर्तन से मच्छर एवं बैक्टीरिया पैदा हो रहे हैं जिस कारण अस्पतालों में डेंगू चिकनगुनिया मलेरिया डायरिया तथा टाइफाइड से पीड़ित मरीज लगातार अस्पतालों में पहुंच रहे हैं! शहर वासियों द्वारा मच्छर मार दवाई कि फागिंग करवाने की बार-बार मांग की जा रही है उल्लेखनीय है कि पिछले कई वर्षों से कविता राजीव जैन द्वारा स्वयं के प्रयासों से हर बार इस मौसम में फॉगिन्ग करवा कर राहत प्रदान कर की जाती रही है। पहले दिन श्रीनगर कॉलोनी, न्यू कॉलोनी रेलवे रोड, गढ़ी ब्राह्मण, सेक्टर 14 हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी बिहारी मार्केट आदि कॉलोनियों में घर-घर जाकर फागिंग की गई। कविता जैन ने बताया कि फॉगिन्ग में ऐसी दवाई का प्रयोग किया जा रहा है जो स्वास्थ्य के लिए हानिकारक नहीं है और धुएं का स्तर भी कम रखा जा रहा है ताकि सांस के रोगियों को किसी तरह की तकलीफ ना हो। कविता जैन ने बताया कि नगर निगम के आयुक्त से भी बात करके सफाई तथा गली मोहल्लों में खाली प्लाटों में खड़े गंदे पानी, कूड़े की सफाई करवाई जाए । इसी तरह सीएमओ चिकित्सा सुविधाओं एवं बुखार से पीड़ित मरीजों की जांच करवाने के निर्देश दिए गए हैं ताकि सामान्य बुखार भी कहीं जानलेवा साबित ना हो जाए।

## एसडीएम ने कई सरकारी कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया



**टीम एक्शन इंडिया/ खरखौदा/सोमपाल सैनी**

**शुक्रवार को** एसडीएम ज्योति मित्तल ने खरखौदा के कई सरकारी कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान कई कर्मचारियों के गैर हाजिर मिलने पर उन्हें शो कॉज नोटिस जारी किया गया है।

जिस का जवाब देने के बाद उन पर आगामी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। वहीं एसडीएम ने सभी कर्मचारियों व अधिकारियों को चेताया कि कार्य दिवस के दौरान कोई भी कर्मचारी व अधिकारी अपने काम के दौरान लापरवाही ना बरतें। और अपनी ड्यूटी पर हाजिर रहे अगर ऐसा नहीं किया जाता है तो सख्त से सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। शुक्रवार को खरखौदा एसडीएम ज्योति मित्तल पहले नगरपालिका कार्यालय में पहुँची जहां पर उन्होंने रिकॉर्ड चेक करते हुए कर्मचारियों अधिकारियों की हाजिरी ली। इस दौरान सभी कर्मचारी अधिकारी मौके पर मिले। इसके बाद एसडीम ने खंड कृषि अधिकारी कार्यालय का दौरा किया जहां पर तीन कर्मचारी जिसमें एटीएम दीपक कुमार धीमान और अंकित व तरुण सुपरवाइजर नदारद मिले। जिन्हें शो कॉज नोटिस जारी किया गया है इसके बाद एसडीएम ने पशु चिकित्सालय का निरीक्षण किया। जहां पर भी चिकित्सक व अन्य स्टाफ हाजिर मिला। उसके बाद खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय का दौरा किया जहां पर सहायक तेजवीर, व सहायक सत्यदेव और सेवादार मनीष गैरहाजिर मिले जिन्हें भी एसडीम की तरफ से शो काज नोटिस जारी किया गया है। उनका कहना है कि कर्मचारियों के द्वारा नोटिस का जवाब दिया जाएगा। जिसके बाद जवाब के आधार पर ही आगामी कार्रवाई को अंजाम दिया जाएगा, उन्होंने सभी कर्मचारियों व अधिकारियों को चेताया है, कि अपनी ड्यूटी के प्रति कोई भी लापरवाही ना बरतें अगर कोई ऐसा करता है, तो उसके खिलाफ कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। वही एक दिन पहले ही एसडीएम ज्योति मित्तल ने खरखौदा के कई राशन डिपो का निरीक्षण किया। इस निरीक्षण के दौरान उनका रिकॉर्ड चैक किया गया। जहाँ सब कुछ ठीक मिला। जिसके एसडीएम ने खरखौदा फूड सप्लाई अधिकारियों की तारीफ की।

# 9 मई से पुन: शुरू होगी महिला स्पेशन ट्रेन

## सांसद कौशिक सोनीपत रेलवे स्टेशन पर प्रात: 07:30 बजे हरी झंडी



**टीम एक्शन इंडिया/ सोनीपत**

**बंद हुई** महिला स्पेशल ट्रेन को सांसद रमेश कौशिक 9 मई से पुनः शुरू करवा रहे हैं, जिसके लिए महिला रेलयात्रियों ने विशेष रूप से सांसद कौशिक का आभार व्यक्त किया है। निर्धारित उक्त तिथि को सांसद कौशिक प्रातः 07:30 बजे सोनीपत रेलवे स्टेशन से महिला स्पेशल ट्रेन को दिल्ली के लिए रवाना करेंगे।

रेलयात्रियों की सुविधाओं में लगातार बढ़ोतरी कर रहे सांसद कौशिक ने अब पिछले लंबे समय से बंद पड़ी महिला स्पेशल ट्रेन को फिर से शुरू करवाने की सौगात प्रदान की है। रेलयात्रियों विशेष रूप से महिला रेलयात्रियों की मांग पर उन्होंने प्रयास कर पुनः महिला स्पेशल ट्रेन सोनीपत के लिए शुरू करवाई है। सांसद कौशिक का कहना है कि रेल सुविधा केंद्र का काम है, जिसमें सांसद की विशेष भूमिका रहती है। अपने इस दायित्व को निभाने में वे कभी पीछे नहीं हटते। महिला स्पेशल ट्रेन को फिर से शुरू करवाने की बड़ी भारी मांग की जा रही थी, जिसे वे पूरा कर रहे हैं।

सांसद रमेश कौशिक ने कहा कि महिला रेलयात्रियों की संख्या को देखते हुए उनके लिए अलग से ट्रेन की आवश्यकता है। इस जरूरत को पूर्ण किया जा रहा है, ताकि महिला रेलयात्रियों को सुविधाजनक सफर मिले। उन्होंने कहा कि हाल ही में उन्होंने शताब्दी के ठहराव की मांग को भी पूरा किया। सोनीपत के रेलवे स्टेशन को भी अत्याधुनिक रेलवे स्टेशन में तब्दील किया गया है। रेलवे स्टेशन को और अधिक सुविधाओं से लैस किया जाएगा। इनके अतिरिक्त रेलयात्रियों की अन्य मांगों को भी पूरा किया गया है। सोनीपत रेलवे स्टेशन मास्टर सुनील कुमार ने इस संदर्भ में बताया कि सांसद कौशिक सोनीपत की महिला रेलयात्रियों के लिए महिला स्पेशल ट्रेन की सौगात लेकर आये हैं। उन्होंने कहा कि 9 मई को सुबह साढ़े सात बजे सांसद कौशिक पानीपत से आने वाली महिला स्पेशल ट्रेन को सोनीपत रेलवे स्टेशन से हरी झंडी दिखाकर दिल्ली के लिए रवाना करेंगे।

## गुडेरा द्वारा एक दिवसीय कृषि कार्यक्रम आयोजित किया गया



**टीम एक्शन इंडिया/गुरुग्राम**

**गुडेरा द्वारा** आयोजित एक दिवसीय कृषि कार्यक्रम के माध्यम से ईवाई जीडीएस गुड़गांव के लगभग 490 कर्मचारी और नेता शुक्रवार को अपनी 'ग्रामीण जड़ों' से संपर्क करने के लिए एकत्रित हुए। इस गतिविधि के माध्यम से इवाय जीडीएस स्वयंसेवा महोत्सव के भाग के रूप में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में भोजन और भूमि के साथ गहरे संबंध विकसित कैसे हो जिससे की अधिक जागरूक जीवन का नेतृत्व हो इस जागरूकता को कर्मचारियों को सिखाया गया।

# नौ पुलिस वालों के सामने टिल्लू पर होता रहा वार

## जैसे ही पुलिस वाले टिल्लू को एक चादर में रखकर ला रहे हैं तो तभी पीछे से कुछ कैदी आ जाते हैं, और एक एक कर घायल टिल्लू पर हमला कर देते हैं

### सामने आया फुटेज

● पीछे से कैदी आते हैं और घायल टिल्लू पर एक-एक कर वार कर रहे हैं। लेकिन पुलिसकर्मी मूक दर्शक बने हुए हैं

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** की तिहाड़ जेल में सुनील उर्फ टिल्लू ताजपुरिया हत्याकांड अभी भी सुर्खियों में है। अब इस हत्याकांड से जुड़ा दूसरा सीसीटीवी फुटेज सामने आ गया है। इस वीडियो में घायल टिल्लू को पुलिसकर्मी सेंट्रल गैलरी में लेकर आ रहे हैं। तभी अचानक से वहां मौजूद पीछे से कैदी आते हैं और घायल टिल्लू पर एक-एक कर वार कर रहे हैं। लेकिन पुलिसकर्मी मूक दर्शक बने हुए हैं। इससे पहले एक और सीसीटीवी फुटेज बृहस्पतिवार को सामने आया था। करीब 2:49 मिनट के वीडियो में चारों आरोपी योगेश उर्फ टुंडा, दीपक उर्फ तीतर, राजेश और रियाज खान टिल्लू को बेरहमी से हमला कर रहे थे।





### पहले सीसीटीवी फुटेज में चार आरोप टिल्लू को मार रहे हैं

**वहीं** दूसरी तरफ तिहाड़ जेल से एक सीसीटीवी फुटेज सामने आया था। इस वीडियो में चारों आरोपी योगेश उर्फ टुंडा, दीपक उर्फ तीतर, राजेश और रियाज खान टिल्लू को बेरहमी से मार रहे थे। ये वीडियो करीब 2:49 मिनट का था। वीडियो में तीन आरोपी टिल्लू को सूए नुमा हथियार से मार रहे थे। वहीं चौथा आरोपी बाकी कैदियों को रोक रहा है। वीडियो में कहीं भी सुरक्षाकर्मी दिखाई नहीं दे रहे थे। कुछ कैदियों ने इनको समझाकर रोकने का भी प्रयास किया था, लेकिन उन्होंने किसी की नहीं सुनी। आरोपी टिल्लू के अचेत होने के बाद भी उस पर हमला करते रहे।

**टिल्लू पर सूए से 92 वार किए:** जब आरोपियों को यह सुनिश्चित हो गया कि टिल्लू अब मर चुका है। तब ही उन्होंने उस पर हमला करना बंद किया। आरोपियों ने महज डेढ़ मिनट में टिल्लू पर सूए के 92 से अधिक वार किए थे। वीडियो में टिल्लू खुद को बचाते हुए दिख रहा था। ये सीसीटीवी फुटेज सुबह 6 बजे का बताया जा रहा है। फुटेज में दिख रहा है कि अचानक हाई सिक्योरिटी सेल की पहली मंजिल से बेडशीट के सहारे एक-एक कर चारों बदमाश योगेश, दीपक, राजेश और रियाज उतरे। उस समय टिल्लू अपनी सेल से बाहर निकल चुका था। उसने इनको आते हुए देखा तो वह भागकर अपनी सेल में घुस गया।

**तिहाड़ जेल से सामने आया दूसरा सीसीटीवी फुटेज:** तिहाड़ जेल में टिल्लू ताजपुरिया पर हुए हमले के बाद पुलिसकर्मी उसे बाहर लाते हुए दिख रहे हैं। तिहाड़ के सेंट्रल गैलरी के कैमरा नंबर 2 में साफ दिखाई दे रहा है कि जैसे ही पुलिस वाले टिल्लू को एक चादर में रखकर ला रहे हैं तो तभी पीछे से कुछ कैदी आ जाते हैं। और एक एक कर घायल टिल्लू पर हमला कर देते हैं। एक के बाद एक उसके ऊपर हमला कर रहे हैं। लेकिन वहां मौजूद पुलिसकर्मी मूक दर्शक बने वारदात को देखते हैं। एक पुलिसकर्मी कैदियों को पीछे करते हुए दिख रहा है। एक कैदी तो टिल्लू के चेहरे पर ही लात मार देता है। घायल टिल्लू को बहुत बेरहमी से हत्यारे मार रहे हैं। उनके हाथों में सूआ है, जिससे उसके ऊपर लगातार हमला कर रहा है।

# भाजपा चलायेगी 4 सप्ताह का 'झूठा कहीं का' कैम्पेन



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा है कि दिल्ली की जनता गत 8 साल के मुख्य मंत्री अरविंद केजरीवाल के झूठ एवं राजनीतिक यू टर्न देख -देख कर स्तब्ध है। अब अरविंद केजरीवाल ने जिस तरह बिना किसी सार्वजनिक घोषणा किये, बिना कोई टेंडर ने अपने लिये एक राजमहल जैसा बंगला बनाया है उससे सारे देश के लोगों के साथ ही मीडिया भी आश्चर्यचकित है। सचदेवा ने कहा है कि अरविंद केजरीवाल के झूठों एवं यू टर्नों से स्तब्ध होकर दिल्ली की जनता अब मुखर हो कर विरोध करना चाहती है और जनता के विरोध को एक स्वर देने के लिये दिल्ली भाजपा कल शनिवार 6 मई से दिल्ली में झूठा कहीं का कैम्पेन प्रारम्भ कर रही है। यह कैम्पेन 4 सप्ताह तक दिल्ली में चलेगा। इस कैम्पेन के अंतर्गत भाजपा ने अरविंद केजरीवाल के राजनीतिक यू टर्न, झूठे वादों, माफीनामों को लेकर एक 27 मिनट की विशेष वीडियो फिल्म बनायी है जिसे दिल्ली के हर कोने में और सोशल मीडिया पर प्रदर्शित किया जायेगा। इस कैम्पेन का संयोजन प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक गोयल करेंगे।



कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार को दिल्ली विश्वविद्यालय के पीजी मेन्स हॉस्टल पहुंचकर छात्रों से बातचीत की। कांग्रेस नेता राहुल गांधी इससे पहले मुखर्जी नगर इलाके का भी दौरा कर चुके हैं।

# भाजपा ने 'शीशमहल' को बताया सद्दाम हुसैन, किंम जोंग का मकान

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**भाजपा** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के शीशमहल को लेकर लगातार हमलावर है। भारतीय जनता पार्टी के प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि केजरीवाल का मकान सद्दाम हुसैन, किंम जोंग के मकान की तरह है। उनके घर के दरवाजे सेंसर वाले हैं, जो बड़े संस्थानों में इस्तेमाल किये जाते हैं। उन्होंने कहा कि शीला दीक्षित के मकान में लगे एसी पर केजरीवाल ने कहा था उनका कलेजा कांप उठता है। दिल्ली की जनता को मुफ्त के नाम पर धोखा दिया है। वो क्षेत्रीय दल से राष्ट्रीय और अब अंतरराष्ट्रीय स्तर के नेता बन गए हैं। आगे उन्होंने कहा, "केजरीवाल सबकुछ रिमोट से कंट्रोल कर रहे हैं, यहां तक कि अपनी पार्टी भी और पंजाब सरकार को भी। वो आज निःशब्द हो गए हैं। आईआईटी ग्रेजुएट पहले ही ज्यादा बोल चुके हैं और शब्दहीन हो गए हैं।



# दस करोड़ रुपए की धोखाधड़ी मामले में शक्तिभोग के सीएमडी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली पुलिस** की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) ने धोखाधड़ी के मामले में शक्तिभोग फूड लिमिटेड के प्रबंध निदेशक केवल कृष्ण कुमार को गिरफ्तार किया है। शुक्रवार को पुलिस मुख्यालय द्वारा मिली जानकारी के अनुसार, उन पर और कंपनी के अन्य निदेशकों पर आरोप है कि उन्होंने कच्चा माल खरीदने के लिए शिकायतकर्ता को 10 करोड़ रुपये के पोस्ट डेटेड चेक दिए थे। शिकायतकर्ता ने भुगतान के लिए ये चेक अपने अकाउंट में लगाए तो वह बाउंस हो गया, क्योंकि कंपनी का अकाउंट पहले से ही ब्लॉक किया जा चुका है। फिलहाल ईओडब्ल्यू मामले की जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार इसे पहले जुलाई 2021 में ईडी ने केवल कृष्ण कुमार को गिरफ्तार किया था। उन पर मनी लांड्रिंग का आरोप है। 18 महीने जेल में रहने के बाद दिल्ली हाईकोर्ट से स्वास्थ्य और आयु के आधार पर उन्हें जमानत मिली थी। उल्लेखनीय है कि शक्ति भोग कंपनी आटा समेत कुछ अन्य खाद्य पदार्थ बनाती है, लेकिन पिछले दो साल से कंपनी के निदेशक पर लगे आरोपों के कारण वह चर्चा में बनी हुई है। पहले ईडी ने कंपनी के निदेशक को गिरफ्तार किया था और अब दिल्ली पुलिस ने चेक बाउंस के मामले में उन्हें दबोचा है।



# 'हनुमान भक्त पहलवानों का मोदी कर रहे हैं अपमान'

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली प्रदेश कांग्रेस क**मेटी के अध्यक्ष चौ. अनिल कुमार ने कहा कि जंतर-मंतर पर खुले में धरने पर बैठे महिला और पुरुष पहलवानों से बात करने से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लगातार इनकार करना चौंकाने वाला था क्योंकि मोदी को कर्नाटक के एक भ्रष्ट मंत्री से बात करने का समय मिल सकता था, लेकिन भगवान हनुमान के भक्तों चैंपियन पहलवानों के लिए नहीं जो बहादुरी दिखाते हुए एक नाबालिग सहित सात महिला पहलवानों द्वारा यौन उत्पीड़न की शिकायतों के बाद भारतीय कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष बृजभूषण सरन सिंह के की गिरफ्तारी की मांग कर रहे है। जंतर-मंतर पर प्रदर्शनकारी पहलवानों से मिलने गए चौधरी अनिल कुमार ने पीएम मोदी और दिल्ली पुलिस से पोस्को के तहत बृजभूषण सरन सिंह को गिरफ्तार करने की उनकी मांग को लेकर दिल्ली कांग्रेस की तरफ से उनका समर्थन किया। इस अवसर पर उनके साथ दिल्ली साकार के पूर्व मंत्री, पूर्व विधायक, ज़िला अध्यक्ष सहित दिल्ली कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मौजूद थे। चौ. अनिल कुमार ने कहा कि पीएम मोदी ने बृजभूषण शरण सिंह को बचाने के लिए ही हनुमान भक्त पहलवानों का अपमान किया है, जिन पर महिला पहलवानों ने यौन शोषण, छेड़छाड़ और उत्पीड़न के गंभीर आरोप लगाए हैं। चौ. अनिल कुमार ने कहा कि केवल एक दागी भाजपा के सांसद को बचाने के लिए यदि देश का नाम रोशन करने वाले तथा ओलंपिक और एशियाई खेलों में पदक जीतकर मोदी द्वारा सम्मानित किए गए उच्च कुशल पहलवानों का ये हश्र होना था तो दूसरों की दुर्दशा क्या होगी ये विचारणीय है। चौ. अनिल कुमार ने कहा की हर समय केवल राजनीति के विषय में सोचने वाले प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी जी कर्नाटक चुनाव के मद्देनजर अपने भ्रष्ट मंत्री को फोन कर मनाते हैं लेकिन देश की शान बढ़ाने वाले पहलवानों को सुनने का समय नहीं है क्यूकी आरोपी उनकी पार्टी का सांसद है। इस अवसर पर दिल्ली के पूर्व मंत्री डॉ नरेंद्र नाथ ने पीएम मोदी से अपील की कि हमारी बेटियों की रक्षा के लिए पहलवानों की शिकायतें सुनें, जो देश को सम्मान दिलाने के लिए कड़ी मेहनत और त्याग करते हैं । उन्होंने कहा कि आज देश में "बेटी बचाओ, बीजेपी हटाओ" देशव्यापी अभियान होना चाहिए।



### देशव्यापी अभियान

● पीएम मोदी ने बृजभूषण शरण सिंह को बचाने के लिए ही हनुमान भक्त पहलवानों का अपमान किया

# हत्या के मामले में वांछित बदमाश को मध्यप्रदेश से किया गिरफ्तार

### सामने आया फुटेज

● पीछे से कैदी आते हैं और घायल टिल्लू पर एक-एक कर वार कर रहे हैं। लेकिन पुलिसकर्मी मूक दर्शक बने हुए हैं

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**टशनबाजी** में पड़ोसी की हत्या करके फरार चल रहे वांछित बदमाश को द्वारका जिला के पीओ एंड जेल बेल सेल की पुलिस टीम ने मध्यप्रदेश से गिरफ्तार किया है। आरोपित की पहचान अजय उर्फ हरिया के रूप में हुई है। यह मध्यप्रदेश के टीकमगढ़ का रहने वाला है। यह पहले दिल्ली के डाबड़ी और बिंदापुर थाना के चार मामलों में शामिल रहा है। जिनमें से दो मामले हत्या के हैं। हत्या के जिस मामले में इसकी तलाश थी, वह इसने पिछले साल बिंदापुर इलाके में अंजाम दिया था और तब से वह पकड़ा नहीं गया था। दिल्ली पुलिस को इसकी काफी समय से तलाश थी। यह लगातार ठिकाना बदलकर छुप रहा था। द्वारका कोर्ट ने भी इसे हत्या के मामले में भगोड़ा घोषित कर दिया था।

डीसीपी एम हर्षवर्षधन ने शुक्रवार को बताया कि एसीपी ऑपरेशन राम अवतार की देखरेख में जेल बेल की टीम को इस वांछित को पकड़ने के लिए लगाया गया था। जांच के दौरान एक सूचना मिली की बिंदापुर हत्या के मामले में वांछित हरिया दिल्ली, उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश में रहकर अपना ठिकाना बदल रहा है।
इन तीनों ही जगह की लोकेशन आई अलग अलग समय पर। पुलिस टीम ने इसे पकड़ने के लिए उत्तर प्रदेश के झांसी, मध्यप्रदेश के टीकमगढ़ और दिल्ली के कई ठिकानों पर छापा मारा। लेकिन हर बार यह पुलिस की नजर से ओझल हो गए। लेकिन पुलिस टीम लगातार छापेमारी करती रही और पुलिस टीम मध्यप्रदेश के उस जगह को ट्रैक करने में कामयाब हो गई जहां पर यह छुपा हुआ था। फिर इसकी पहचान हुई और इसे गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में उसने बताया कि हत्या के मामले में इसे लग गया था कि उसे सजा



# पत्नी से संबंध होने के शक में की थी हत्या, आरोपित गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दक्षिण** पूर्वी जिले के गोविंदपुरी इलाके में एक युवक की हत्या के मामले में पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार किया है। आरोपित की पहचान सोनू उर्फ धार उर्फ अनिल (33) के रूप में हुई है। जांच में सामने आया है कि पत्नी से संबंध के शक में आरोपित ने मृतक वीरू को मौत के घाट उतार दिया था। उल्लेखनीय है कि मृतक वीरू ड्यूटी पर जा रहा था, तभी आरोपित ने हत्या की वारदात को अंजाम दिया। मृतक के ऊपर आरोपित ने बर्फ फोड़ने वाले सुआ से हमला किया था, जिससे उसकी मौत हो गई थी। पुलिस के अनुसार अनिल को वीरू और अपनी पत्नी के बीच संबंध का शक था, क्योंकि दोनों की जॉब एक ही स्कूल में थी। इसी को लेकर सोनू ने वीरू की हत्या कर दी। फिलहाल पूरे मामले में पुलिस आगे की जांच कर रही है। पुलिस के मुताबिक, वीरेंद्र उर्फ वीरू परिवार के साथ गोविंदपुरी के भूमिहीन कैंप में रहता था। परिवार में पत्नी, दो बेटा और एक बेटी है।

आंखों की रक्षा आपके हाथ
हम सदा हैं आपके साथ

Ultra Modern Facilities Available
- Cataract Surgery
- Spectacles Removal
- Glaucoma Management
- Oculoplastic (Lid & Orbit) Surgery
- Diabetic Retinopathy Management
- Squint & Lazy Eye Management
- Management Of Eye Injury
- Eye Problems Of Children
- OCT
- Complete Eye Checkup
- Management Of Painful Eye Red
- Management Of Watery Eye
- Contact Lens
- Retina Surgical & Medical Management
- Implantable Contact Lens(IPCL/ICL)

अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध
- मोतियाबिंद ऑपरेशन
- चश्मा उतरवाना
- काला मोतिया का इलाज
- ऑक्यूलोप्लास्टिक एवम सर्जरी
- आंख के परदे पर शुगर का असर एवं इलाज
- तिरछापन एवम् लेजी आई
- आंखो के चोट एवम् घायल होने का इलाज
- बच्चों की आंखों की समस्याओं का इलाज
- ओसीटी
- संपूर्ण नेत्र जांच




आंखों की संपूर्ण जांच एवम इलाज एक छत के नीचे

DR RV SINGH (MBBS/ MS)
RVS EYE CENTER
Govt Approved: An ISO 9001 : 2008 Certified Centre
BFH-9, SOM BAZAR ROAD,
SHALIMAR BAGH, DELHI-110088
PH: 01127478745, 9811584973, 9899215481, 9811671606
MEDICAL FACILITIES AVAILABLE
ON PANEL : CGHS | DGEHS | NDMC | RBI | DVB | DJB
DU | RITES | TPDDL | AIR INDIA | DDA | DTC | FCI | BSES

## न्यूज फ्लैश

### ड्यूरोप्लाई के बड़े आकार के प्लाईवुड, ब्लॉकबोर्ड, वीनियर्स और दरवाजों को मिला शानदार रेस्पॉन्स

**नई दिल्ली।** ड्यूरोप्लाई के बड़े आकार के प्लाईवुड, ब्लॉकबोर्ड, वीनियर्स और दरवाजों को भवन निर्माण उद्योग से शानदार रेस्पॉन्स मिला है। ड्यूरोप्लाई ने 10 और 9 फीट के बड़े आकार के प्रॉडक्ट्स ड्यूरो प्लस ब्रैंड के नाम से लॉन्च किए हैं। आर्किटेक्ट्स और इंटीरियर डिजाइनर्स उन साइट्स के लिए इन प्रॉडक्ट्स को आदर्श मान रहे हैं, जिसमें बिना किसी जोड़ के इंस्?टॉलेशन की जरूरत होती है। ड्यूरोप्लाई के अनोखे आकार के ये नए-नए प्रॉडक्ट्स कई इंडस्ट्रीज में इस्तेमाल किए जा रहे हैं। ये प्रॉडक्ट्स पर्यटन, होटल, अस्पताल, मॉल, बिजनेस कॉम्प्लेक्स, ऑफिस, टाउनहाउस, विला और रिजॉर्ट्स को सहज ढंग से जबर्दस्त लुक देने के लिए इस्तेमाल किए जाते हैं। ह्लड्यूरो प्लसह्व रेंज के प्रॉडक्ट्स के फायदों के बारे में बताते हुए श्री अखिलेश चितलांगिया, एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर और चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर, ड्यूरोप्लाई, ने कहा, ह्लहमने अपनी 65 से ज्यादा वर्षों की समृद्ध विरासत में नवाचार की संस्कृति विकसित की है, जिससे हमें इंडस्ट्री को जानने और समझने के लिए खास नजरिया मिला हैं। हमने बड़े आकार के प्रॉडक्ट्स की जरूरत को महसूस किया। ह्लड्यूरो प्लसह्व रेंज की सफलता ने इंडस्ट्री की जरूरतों को बेहतर ढंग से जानने और समझने की हमारी काबिलियत की पुष्टि की है। 1957 में अपनी शुरूआत के बाद से ही कई नए आविष्कार करते रहने पर हमें गर्व है। हम उद्योग के लिए अपने उत?पादों और सेवाओं के साथ नए मानदंड स?थापित करना जारी रखेंगे ह्व

ड्यूरो प्लस एक उच्च उपयोगिता वाले प्रोडक्ट में विभिन्न समाधानों को शामिल करता है। इस प्रोडक्ट रेंज को इनस्टॉल करना बहुत आसान है। यह कीलों और रेसिन के उपयोग को कम करता है, और सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि मटेरियल वेस्टेज को भी कम करता है। इसके अतिरिक्त, ड्यूरो प्लस विभिन्न रंगों के सजावटी लिबास से सुसंगत है। एक निर्बाध और जोड़ रहित रूप प्रदान करने की वजह से स्थान की भव्यता कई गुना बढ़ जाती है। इसमें कोई आश्चर्य नहीं है कि यह इंडस्ट्री में तेजी से सफल हो रहा है। बिना किसी कट के विशाल बिल्डिंग का नजारा उसकी खूबसूरती में चार-चांद लगा देता है। इससे देखने वालों की नजरों में उस इमारत का आकर्षण बढ़ जाता है, जिससे उस स्थान की भव्यता और बढ़ जाती है।

### आकाश बायजूस ने रोहतक में अपनी शाखा में नेत्र और दंत चिकित्सा शिविर का आयोजन किया

**रोहतक** । परीक्षा तैयारी सेवाओं में भारत के अग्रणी आकाश बायजूस ने आज रोहतक में अपनी शाखा में नेत्र एवं दंत चिकित्सा शिविर का आयोजन किया। अपने कर्मचारियों को प्रेरित, व्यस्त और उत्पादक बनाए रखने के लिए, संगठनों को अपने कर्मचारियों के स्वास्थ्य और फिटनेस का ध्यान रखना चाहिए। इष्टतम स्वास्थ्य बनाए रखने के लिए नियमित नेत्र और दंत परीक्षण की आवश्यकता होती है। ये परीक्षाएं दृष्टि और दंत समस्याओं के शुरूआती संकेतों को पहचानने में सहायता करती हैं, जिनका इलाज खराब होने से पहले किया जा सकता है। एक छात्र की शारीरिक और मानसिक भलाई, साथ ही साथ उनके शैक्षणिक और मानसिक प्रदर्शन, उसके फिटनेस और स्वास्थ्य के स्तर से ही प्रभावित होते हैं। इस प्रतिस्पर्धी दुनिया में तैयारी का हर दिन मायने रखता है और इसलिए छात्रों का पूरी तरह से स्वस्थ होना हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण है। वे अपनी शारीरिक क्षमताओं में जितना अधिक आत्मविश्वासी बनेंगे, उनके अपने लक्ष्य में सफल होने की संभावना उतनी ही अधिक होगी।
इसी तरह, कर्मचारी हमेशा संगठन के लिए एक बड़ी संपत्ति होते हैं। उनकी समग्र फिटनेस और स्वास्थ्य का उनके प्रदर्शन वितरण पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ता है। आकाश बायजू अपने कर्मचारियों के सामान्य स्वास्थ्य और सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देता है। इस अवसर पर, परमेश्वर झा, रीजनल निदेशक, आकाश बायजूस ने कहा, हमारे छात्रों, कर्मचारियों और उनके परिवारों के लिए मुफ्त नेत्र और दंत चिकित्सा शिविरों की पेशकश करने का हमारा लक्ष्य उनके स्वास्थ्य में सुधार करना और उनकी भलाई की स्थिति पर ध्यान केंद्रित करना है। हर किसी का व्यस्त कार्यक्रम होता है जो नियमित जांच-पड़ताल को छोड़ देता है, जिसके परिणामस्वरूप अंततः बड़ी स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं। हम एक कंपनी के रूप में इस पहल से कर्मचारियों को अपने स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने के लिए प्रोत्साहित करना चाहते हैं। यह तनाव के स्तर को कम करने में मदद करेगा जिससे मनोबल और उत्पादकता पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।

# विधायक पंवार ने सुनी समस्याएं

## अधिकारियों को महावीर कॉलोनी में नियमित पेयजल आपूर्ति देने के दिए निर्देश

**टीम एक्शन इंडिया/ सोनीपत।**
**विधायक सुरेंद्र** पंवार ने वार्ड-11 से पार्षद इंदु संजीव वलेचा के साथ न्यू महावीर कॉलोनी में पहुंचकर कॉलोनीवासियों की समस्याएं सुनी। कॉलोनीवासियों ने बताया कि उनकी गली में पेयजल की किल्लत बनी हुई है, यदि किसी समय पेयजल आता है तो बदबूदार पानी आता है। विधायक सुरेंद्र पंवार ने तुरंत नगर निगम अधिकारियों को बुलाया और कॉलोनीवासियों की समस्याओं का समाधान करने व नगर निगम की तरफ से पेयजल की आपूर्ति का समय भी निर्धारित करने के निर्देश दिए। विधायक सुरेंद्र पंवार के निवास





स्थान पर न्यू महावीर कॉलोनी के निवासी पेयजल की किल्लत को लेकर पहुंचे थे, जहां पर उन्होंने बताया कि उनकी गली में कई दिनों से पेयजल की किल्लत बनी हुई है, यदि किसी समय पर पेयजल आता है तो उसमें सीवरेज का पानी मिक्स होकर आता है। विधायक सुरेंद्र पंवार कालोनीवासियों के साथ मौके पर पार्षद इंदु संजीव वलेचा के साथ पहुंचे। विधायक सुरेंद्र पंवार ने एजेंसी को बुलाया और खुदाई करवाकर लीकेज को बंद करवाया। विधायक सुरेंद्र पंवार ने मौके पर खड़ा होकर पानी की जांच की। विधायक विधायक सुरेंद्र पंवार ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जो समर्सिबल की मोटर खराब हुई है, उस मोटर को भी जल्द से जल्द ठीक करवाया जाए।
इसके साथ ही एरिया में पेयजल आपूर्ति का समय भी निर्धारित किया जाए। विधायक सुरेंद्र पंवार ने कहा कि शहरवासियों को गर्मी के मौसम में शुद्ध पेयजल व पूर्ण मात्रा में उपलब्ध करवाना ही उनका मुख्य उद्देश्य है, जिसके लिए वह बीते दिनों सेक्टर 23 वाटर बूस्टिंग स्टेशन पर पहुंचे थे और उन्होंने नगर निगम अधिकारियों को पानी की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए थे।

## भगवान श्री गोरखनाथ का जन्मउत्सव धूमधाम से मनाया



**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र/लाडवा (दलबीर मलिक) लाडवा** के प्राचीन गुगा माड़ी में भगवान श्री गोरखनाथ का जन्म उत्सव धूमधाम से मनाया गया। जिसको लेकर अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में स्टालवार्ट फाउंडेशन के चेयरमैन एवं समाजसेवी संदीप गर्ग ने शिरकत की। माड़ी के सेवक धर्मपाल ने बताया कि शुक्रवार गुगा माडी पर पहली बार श्री गोरखनाथ का जन्म उत्सव मनाया गया है। माड़ी पर सुबह 9 बजे हवन यज्ञ का आयोजन किया गया, उसके बाद 11 बजे झंडे की रस्म पूरी की गई। जिसमें समाजसेवी संदीप गर्ग द्वारा झंडे की रस्म को पूरा किया गया। वहीं मौके पर पहुंचे समाजसेवी संदीप गर्ग ने कहा कि बड़े ही सौभाग्य की बात है कि भगवान गुरु गोरखनाथ के जन्म उत्सव उत्सव पर उन्हें माड़ी के सेवादारों ने यहां पर पहुंचने का अवसर प्रदान किया।

## हकेवि में विशेषज्ञ व्याख्यान आयोजित



**टीम एक्शन इंडिया/दिनेश यादव महेन्द्रगढ़ ।**
हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ के महिला सशक्तिकरण प्रकोष्ठ द्वारा संस्कृत विभाग, योग विभाग व शिक्षक शिक्षा विभाग के सहयोग से विशेषज्ञ व्याख्यान का आयोजन किया गया। व्याख्यान श्रृंखला के तहत आयोजित यह दूसरा व्याख्यान महिलाओं के प्रजनन स्वास्थ्यः वॉक द टॉक ऑन फिटर मॉम हैप्पी होम पर आधारित रहा। सेना की पूर्व कप्तान सुश्री रितु कुमार सिंह कार्यक्रम में विशेषज्ञ वक्ता के रूप में उपस्थित रहीं। सुश्री रितु कुमार ने बताया कि किस तरह से गर्भावस्था के दौरान महिलाओं के स्वास्थ्य कैसे महत्त्वपूर्ण है। उन्होंने महिलाओं में प्रसव के बाद के अवसादो से निपटने के तरीको पर भी विस्तार से प्रकाश डाला। विश्वविद्यालय की समकुलपति प्रो. सुषमा यादव ने मातृ स्वास्थ्य के महत्त्व से प्रतिभागियों को अवगत कराया। उन्होंने बताया कि किस तरह से एक स्वस्थ महिला न केवल अपने परिवार में बल्कि समाज में खुशी ला सकती है। महिला सशक्तिकरण प्रकोष्ठ की संयोजक डॉ. रेनु यादव ने बताया कि प्रकोष्ठ द्वारा महिलाओं के प्रजनन स्वास्थ्य पर साल भर व्याख्यानमाला का आयोजन किया जा रहा है। महिला सशक्तिकरण प्रकोष्ठ की सदस्य डॉ. सुमन ने अतिथि का स्वागत किया।

## राष्ट्रीय लोक अदालत के बारे में आमजन को किया जागरूक

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**
**जिला विधिक** सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं सीजेएम नितिन राज ने कहा कि जिला एवं सत्र न्यायाधीश आराधना साहनी के दिशा-निर्देशानुसार 13 मई 2023 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर कोर्ट परिसर और लघु सचिवालय में एक हेल्प डेस्क लगाया गया। इस हेल्प डेस्क के माध्यम से कोर्ट परिसर और लघु सचिवालय में आने वाले आमजन को अपने लंबित केस लोक अदालत के माध्यम से समाधान करवाने के लिए जागरूक किया गया। इस दौरा पीलवी द्वारा आमजन को पंपलेट का भी वितरण किया गया।

## ददलाना गांव में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई भगवान परशुराम जयंती

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**
**ब्राह्मण धर्मशाला ददलाना** में भगवान परशुराम जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाया गई । इस अवसर पर हवन , यज्ञ और भंडारे का आयोजन किया गया । जिसमें सैकड़ों लोगों ने यज्ञ में आहुति डालकर भंडारे में प्रसाद ग्रहण कर भगवान परशुराम का आशीर्वाद प्राप्त किया । भगवान परशुराम जयंती में विशेष रुप से पधारे आलोक राय महाप्रबंधक एनआरपीएल , अतुल नैथानी उप महाप्रबंधक मार्केटिंग डिविजन , मुकेश शर्मा मुख्य महाप्रबंधक आईएसआरपीएल और पूर्व सरपंच ददलाना नरेंद्र राणा ने कहा कि हमें अपने पूर्वजों के दिखाए मार्ग पर चलना चाहिए । संत महात्मा किसी



एक समाज के न होकर सभी समाजों को साथ लेकर चलते हैं । उन्होंने कहा कि पौराणिक मान्यताओं के अनुसार भगवान परशुराम को विष्णु के दशावतारों में से छठा अवतार माना जाता है । उनके पिता ऋषि जमदग्नि ने पुत्र प्राप्ति के लिए एक महान यज्ञ किया था । इस यज्ञ से प्रसन्न होकर इंद्रदेव ने उन्हें तेजस्वी पुत्र का वरदान दिया था और फिर अक्षय तृतीया को परशुराम का जन्म हुआ था । उन्होंने कहा कि जब-जब पृथ्वी पर धर्म की हानी होती है और दुराचार बढ़ता है तो दुराचारी लोगों को सबक सिखाने के लिए भगवान किसी न किसी रूप में अवतार लेते हैं।

# डा अर्चना गुप्ता ने स्कूली बच्चों संग मनाया सीएम का जन्मदिन

## गरीब स्कूली बच्चों के खून की जांच एवं आयरन की गोलियां बांट जिला भाजपा अध्यक्ष डा अर्चना गुप्ता ने मनाया मुख्य मंत्री का जन्मदिन

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**
**जिला भाजपा अध्यक्ष** डा अर्चना गुप्ता ने जातल रोड शास्त्री कॉलोनी स्तिथ सेवा भारती स्कूल में गरीब बच्चों के संग मुख्यमंत्री का जन्मदिन मनाया। इस मौके पर डा अर्चना गुप्ता ने बच्चो के खून की जांच करवाकर जिन बच्चों में खून की मात्रा कम पाई गई उनको आयरन की गोलियां अल्बेंडाजोल तथा गुड चना दिया। मुख्यमंत्री मनोहर लाल का आज उन्हतरवा जन्मदिन है ज़िला भाजपा अध्यक्ष डा अर्चना गुप्ता ने इसी उपलक्ष में उन्हतर दीपक भी प्रज्वलित किया। इस



मौके पर उन्होंने मुख्य मंत्री के दीर्घ आयु एवम उत्तम स्वास्थ्य की कामना की ।अपने संबोधन डा अर्चना गुप्ता ने कहा की मुख्य मंत्री का मनोहर लाल का जीवन सदा दीपक की भांति प्रकाश मान रहे। उन्होंने कामना की की प्रदेश की मनोहर लाल का लंबे समय तक नेतृत्व मिलता ताकि विकास की रफ्तार इसी प्रकार तेज गति से आगे बढ़ती रहे। डा अर्चना ने कहा की मुख्य मंत्री में प्रदेश के सभी वर्गो हित के काम किए है। देश में सर्वाधिक फैसले न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदना, बागवानी पर भारी सब्सिडी देना ,आखरी टेल तक पानी पहुंचाना सब किसान हितैषी काम किए । पिछड़ा वर्ग को पंचायती राज संस्थाओं में आठ प्रतिशत स्थान आरक्षित कर देना, 20 किलो मीटर के दायरे में महिला कालेज का प्रस्ताव , अंबेडकर भवन योजना, कन्या दान योजना, अंतोदय के तहत मेले लगा लोन देना मुख्य मंत्री के लोक हित काम है जिसमे हर वर्ग के उत्थान का संकल्प निहित है। गरीब आदमी के स्वास्थ्य की चिंता कर चिरायु योजना लाकर गरीब आदमी को इलाज की चिंता से मुक्त कर दिया है। हर हरियाणा वासी चिरायु योजना पा कर मुख्य मंत्री के चिरायु होने की कामना कर रहा है। इस मौके पर उनके साथ जिला भाजपा महा मंत्री रविंद्र भाटिया, महावीर सिंह दहिया, डा जगजीत आहूजा तथा अनिल मित्तल रहे।

## बुद्ध पूर्णिमा पर शेल्टर होम पटीकरा में कार्यक्रम आयोजित



**टीम एक्शन इंडिया / संजय शर्मा**
**नारनौल।** जिला बाल संरक्षण इकाई कार्यालय की ओर से आज बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर स्लम जागृति ओपन शेल्टर होम पटीकरा में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। गौतम बुध के चित्र पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस मौके पर जिला बाल संरक्षण इकाई कार्यालय से सरंक्षण अधिकारी संतोष कुमारी ने बताया कि वैशाख पूर्णिमा के दिन ही गौतम बुद्ध का जन्म हुआ था। इसलिए वैशाख पूर्णिमा को बुद्ध पूर्णिमा के रूप में मनाया जाता है। बुद्ध पूर्णिमा दुनिया भर के बौद्धों के लिए सबसे महत्वपूर्ण त्योहारों में से एक है। दुनिया भर में बौद्ध इस शुभ दिन को बड़े उत्साह के साथ मनाते हैं क्योंकि यह दिन बौद्ध धर्म के संस्थापक - गौतम बुद्ध के जन्म का स्मरण कराता है। उन्होंने पोक्सो एक्ट के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि यौन अपराधों से बच्चों को संरक्षण देने के उद्देश्य से प्रोटेक्शन आफ चिल्ड्रेन फ्राम सेक्सुअल अफेंसेस एक्ट बनाया गया है। इसके तहत नाबालिग के प्रति यौन उत्पीड़न और यौन शोषण जैसे अपराध और छेड़छाड़ करने के मामले में कार्रवाई की जाती है। इस कानून के तहत अलग-अलग अपराध के लिए अलग-अलग सजा का निर्धारण किया गया है।
उन्होंने बताया कि बाल अपराध, अपहरण व यौन शोषण जैसी बढ़ती आपराधिक घटनाओं से बचने के लिए बच्चों को सचेत, समझदार व जागरूक होना पड़ेगा तथा अपने-पराए कि पहचान करनी होगी।

## किसानों को बताएं धान की सीधी बिजाई के फायदे

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**
**कृषि विज्ञान** केन्द्र उझा में शुक्रवार को एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता एसडीएम वीरेन्द्र ढुल ने की। शिविर में कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक, कृषि विभाग के कर्मचारी व प्रगतिशील किसानों ने भाग लिया। शिविर में किसानों को धान की सीधी बिजाई के फायदे बताए गए एसडीएम वीरेन्द्र ढुल ने कर्मचारियों को सम्बोधित करते हुए जल सरंक्षण एवं अटल भू-जल योजना के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि जल की एक-एक बून्द कीमती है। हम सबको जल के संरक्षण के बारे में ज्यादा से ज्यादा सोचना ही नहीं बल्कि कारगर तरीके से इस पर काम भी करना चाहिए। दिन प्रतिदिन हो रहे जल दोहन के बारे में भी लोगों को जागरूक करना चाहिए।

## नि:शुल्क बोन मिनरल डेंसिटी शिविर का हुआ आयोजन

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक) श्रीकृष्णा आयुष**
विश्वविद्यालय के राजकीय आयुर्वेदिक कॉलेज एवं अस्पताल में शुक्रवार को शल्य तंत्र विभाग द्वारा फ्री बोन मिनरल डेंसिटी कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें 102 से अधिक रोगियों की बोन मिनरल डेंसिटी की जांच की गई। इसके साथ ही रोगियों को विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा हड्डियों की मजबूती के लिए उचित सलाह भी दी गई। प्राचार्य डॉ. देवेंद्र खुराना ने बताया कि यह निःशुल्क बोन



मिनरल डेंसिटी शिविर का दूसरा आयोजन था। हर महीने के पहले शुक्रवार को आयोजित किया जाता है। जिसके बेहतर परिणाम सामने आए हैं। अभी तक 250 से अधिक मरीजों की डेक्सा मशीन की मदद से हड्डियों का घनत्व जांचा गया है उन्होंने कहा कि उम्र दराज ही नहीं कम उम्र के व्यक्ति को भी हड्डी में मिनरल की समस्या हो सकती है। हड्डियों और जोड़ों में दर्द आज की भाग-दौड़ वाली जिंदगी में आम बात हो गई है। लाइफस्टाइल और खानपान के चलते इस होने वाली परेशानी में ज्यादातर लोग डॉक्टर के पास जाने के बजाय घर पर ही कई तरह के ट्रिटमेंट करने लगते हैं जो नुकसानदेह हो सकते हैं। मगर विशेषज्ञ डॉक्टरों की सलाह और उचित आहार-विहार से हम अपनी हड्डियों को स्वस्थ और मजबूत रख सकते हैं। इस अवसर पर शल्य तंत्र विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. राजेंद्र चौधरी व डॉ. अनामिका उपस्थित रहे।

# सीवाईएसएस ने सीएम का जन्मदिन बेरोजगारी दिवस के रुप में मनाया

## सीवाईएसएस ने मुख्यमंत्री का जन्मदिन हरियाणा बेरोजगारी दिवस के रुप में मनाया: भारत

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**
**सीवाईएसएस से कुरुक्षेत्र**
विश्वविद्यालय अध्यक्ष भारत बराड़ ने कहा कि पूरे देश में हरियाणा बेरोजगारी में नंबर वन पर है, सीएमआई के आंकड़े किसी से छुपे नहीं है, शिक्षित बेरोजगारी दर हरियाणा में बढ़ती जा रही है । हरियाणा में या तो भर्ती निकलती नहीं है अगर निकलती है वो रद्द हो जाती है या हरियाणा सरकार कैंसिल कर देती है। हरियाणा का युवा दर-दर की ठोकरें खाने पर मजबूर है, मुख्यमंत्री जी कौशल



रोजगार निगम जैसी योजना बनाकर युवाओं को भटकाने का काम कर रहे हैं ।
उपाध्यक्ष शुभम राणा ने कहा की हरियाणा सरकार युवाओं के साथ धोखा कर रही है हर रोज बेजरोगरी दर बढ़ती जा रही है सबसे ज्यादा बेरोजगार हरियाणा में है और सरकार अपनी उपलब्धियां गिनाते घूम रही है। माननीय मुख्यमंत्री को शर्म आनी चाहिए की जन संवाद कार्यक्रमों पर पैसा लगाकर जो युवाओं की समस्या सुनने का दिखावा कर रहे है उसको न करें बल्कि जो युवा सड़कों पर हैं उनकी बात को सुनें। पहले कांग्रेस और अब बीजेपी सरकार दोनो ने ही देश के युवाओं और हरियाणा के युवाओं के साथ दिखा किया है जो रोजगार देने के वादों के बलबूते सत्ता में आए थे वो आज न तो रोजगार दिला पाए न युवाओं को अच्छी शिक्षा। कैम्पस अध्यक्ष मनदीप सिंह और अंबाला से जिला अध्यक्ष गुरतेज सिंह ने कहा की युवा नशे की ओर बढ़ रहा है विदेशो में जाकर मजदूरी करने को मजबूर है और सरकार अपनी उपलब्धियां गिनाते घूम रही है। अगर सरकार सच में युवाओं की हितैषी है तो रोजगार दे न की ढकोसले और झूठे वादे। सरकार को युवाओं के लिए सही फैसले लेने चाहिए।

# आयुर्वेदिक कार्यालय में आंवला टैबलेट के 40 बॉक्स सौंपे गए

**डाबर आयुष टेबलेट 64 के 111 बॉक्स व तुलसी ओर आवला टेबलेट के 40 बॉक्स सौपे गए**

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक) सेवा** ट्रस्ट यूके (भारत) द्वारा स्वस्थ भारत, स्वस्थ समुदाय अभियान के तहत जिला आयुर्वेदिक कार्यालय कुरुक्षेत्र मे वंचित व जरूरतमंद लोगो के लिए डाबर आयुष टेबलेट 64 , तुलसी टेबलेट व आवला टेबलेट वितरण समारोह आयोजित किया गया। समारोह



की अध्यक्षता सेवा ट्रस्ट यूके (भारत) के चैयरमैन नरेश मित्तल, विवेक शर्मा व जिला कोऑर्डिनेटर पवन मित्तल ने की। सेवा ट्रस्ट यूके भारत के चेयरमैन नरेश मित्तल विवेक शर्मा व पवन मित्तल ने बताया कि जिला आयुर्वेद अधिकारी डाक्टर सुदेश जाटियान को डाबर आयुष टेबलेट 64 के 111 बॉक्स व तुलसी ओर आवला टेबलेट के 40 बॉक्स सौपे गए जिनकी कीमत 14 लाख के आस पास है ताकि ये टेबलेट वंचित व जरूरतमंद लोगो के ईलाज मे काम आ सके।

# हैदरपुर सेवा बस्ती में शिव चर्चा का आयोजन

## सभी को सच्चे मन से करनी चाहिए प्रभु की भक्तिः ज्योति सैनी






**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**शालीमार** बाग विधानसभा क्षेत्र के आयुर्वेद कैम्प, हैदर पुर सेवा बस्ती में शिव चर्चा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से शालीमार बाग की समाजसेविका ज्योति सैनी के अलावा कई महिलाएं मौजूद रही। इस मौके पर समाजसेविका ज्योति सैनी ने कहा कि प्रभु सभी की सुनते है, बस सच्चे मन से प्रभु की आराधना करने की आवश्यकता है, इसलिए मैं सभी से कहना चाहती हूं कि सभी सच्चे मन से प्रभु की भक्ति करें। उन्होंने आगे बताया कि भक्ति में शक्ति होती है, जो भक्त सच्चे मन से भक्ति करता है, उसकी मनोकामनाएं अवश्य ही पूर्ण होती है। इस मौके पर कई महिलाओं ने भजन गाये। इस अवसर पर रिंकी ठाकुर, रुकमनी, पिंकी, पूनम शर्मा सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।



वजीरपुर जेजे कॉलोनी में आयोजित बुद्ध पूर्णिमा के कार्यक्रम में शिरकत करते हुए निगम पार्षद एडवोकेट चित्रा विद्यार्थी, समाजसेवक प्रेम कुमार विद्यार्थी व अन्य।


# पौधों की रक्षा परिवार की तरह करनी चाहिएः सुमेर सिंह सैनी



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
अखिल भारतीय सैनी संगठन सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुमेर सिंह सैनी ने कहा कि सभी को अपने क्षेत्र में उचित स्थान देखकर पौधारोपण करना चाहिए। जो बेहद ही जरूरी है। उन्होंने आगे बताया कि पेड़-पौधों से जहां हमें ऑक्सीजन प्राप्त होती है, वहीं इससे क्षेत्र में हरियाली व सुन्दरता बनी रहती है, इसलिए सभी पौधारोपण करें और दूसरों को भी पौधारोपण करने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने आगे कहा कि सभी को अपने जन्मदिन व सालगिरह पर एक पौधा अवश्य ही लगना चाहिए और उस पौधे की रक्षा ठीक उसी प्रकार से करनी चाहिए, जिस प्रकार से हम अपने बच्चों की रक्षा करते है। उन्होंने कहा कि पौधारोपण करना केवल वन विभाग का ही कार्य नहीं है, यह हम सभी की जिम्मेवारी है। इसलिए सभी पौधारोपण करें।

# विधायक प्रतिनिधि जय प्रकाश यादव ने किया दौरा

## क्षेत्र के विकास पर ध्यान दे रहे है विधायक संजीव झाः जय प्रकाश यादव





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** के सरूप विहार एक्सटेंशन में जल बोर्ड की टीम व प्रधान मनीष तिवारी के साथ विधायक जल बोर्ड प्रतिनिधि जय प्रकाश यादव ने दौरा किया और जिन गलियों में पानी की पाईप लाईन डलनी है, उन गलियों का निरीक्षण किया। इस मौके पर विधायक जल बोर्ड प्रतिनिधि जय प्रकाश यादव ने कहा कि आज मैंने जल बोर्ड की टीम के साथ सरूप नगर एक्सटेंशन क्षेत्र का दौरा किया है, यहां पर जो भी जल बोर्ड से संबंधित लाईन या अन्य किसी प्रकार की दिक्कत है। उसका निरीक्षण किया गया है। श्री यादव ने कहा कि विधायक संजीव झा क्षेत्र के विकास पर ध्यान दे रहे है, ताकि क्षेत्र की जनता को बेहतर से बेहतर सुविधाएं मिल सके। अगर क्षेत्र कोई व्यक्ति परेशान है तो कार्यालय पर संपर्क करें, उसकी समस्या का उचित समाधान किया जायेगा।

# हैदरपुरः सभी कार्यकर्ता एकजुट होकर करें कार्यः उमेश साहू



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
शालीमार बाग विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस नेता उमेश साहू ने कहा कि कांग्रेस के सभी कार्यकर्ता एकटिव होकर कार्य करें और बूथ पर पार्टी को मजबूत करने का कार्य करें। जिससे की कांग्रेस दिल्ली में और अधिक मजबूत हो। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जो सभी के हित में कार्य करती है। आज जो आप दिल्ली में विकास देख रहे है, उसका श्रेय केवल कांग्रेस पार्टी को जाता है। क्योंकि कांग्रेस पार्टी जो कहती है, वह करके दिखाती है। यही कारण है कि देश के कोने-कोने में कांग्रेस का सिपाही मौजूद है और देश के लोगों की सेवा कर रहा है। उन्होंने आगे बताया कि हम जहां पर भी लोगों से मिल रहे है, लोग कांग्रेस के शासन को याद कर रहे है। क्योंकि कांग्रेस पार्टी जो कहती है, वह करके दिखाती है।

# आजादपुर वार्ड में निगम पार्षद सुमन शर्मा ने चलाया जागरूकता अभियान








**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**आजादपुर** वार्ड के अन्तर्गत आने वाले कई इलाको में आजादपुर वार्ड की निगम पार्षद सुमन शर्मा ने जागरूकता अभियान चलाया। इस मौके पर निगम पार्षद सुमन शर्मा ने वार्ड को प्लास्टिक मुक्त वार्ड बनाने हेतु आज सैकड़ो की संख्या में लोगों में जुट बैग का वितरण किया। इस मौके पर इन्द्रजीत मुखी के अलावा कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। निगम पार्षद सुमन शर्मा ने लोगों को समझाते हुए कहा कि रोजमर्रा की ज़िंदगी में पॉलीथिन का उपयोग बंद करें। उन्होंने क्षेत्र की जनता से अपील करते हुए कहा कि अपने घर का कूड़ा केवल कूड़ेदान व कूड़ा उठाने वाली गाड़ी में ही डाले, जिससे की क्षेत्र साफ और स्वच्छ नजर आये। इस मौके पर भाजपा नेता इन्द्रजीत मुखी ने पार्षद सुमन शर्मा के कार्यों की सराहना की। इस अवसर पर कई गण्मान्य लोग मौजूद रहे।

# प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किया देश का चहुंमुखी विकासः लाखन सिंह कुशवाहा



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने देश में नई-नई योजनाएं लागू की है। इन योजनाओं से जुड़कर देश के लोग विकास की ओर अग्रसर हो रहे है।
उक्त बातें निमड़ी मंडल भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष लाखन सिंह कुशवाहा ने कही। उन्होंने आगे बताया कि आज शहरों में ही नहीं ग्रामीण क्षेत्रों में भी विकास की लहर दौड़ी है और गांव के लोग भी विकास की ओर अग्रसर हो रहे है। भाजपा जो कहती है, वह करके दिखाती है, यही कारण है कि आज देश के कोने-कोने में भाजपा का सिपाही मौजूद है और देश के लोगों की निःस्वार्थ भाव से सेवा कर रहा है। पूर्व मंडल अध्यक्ष लाखन सिंह कुशवाहा ने आगे बताया कि आम आदमी पार्टी ने दिल्ली की जनता को गुमराह करने का कार्य किया है। जो वादे आम आदमी पार्टी ने दिल्ली की जनता से किये थे। वह एक भी पूरे नहीं हो रहे है, जिससे लोग परेशान हो रहे है और अपने आप को ठगा हुआ सा महसूस कर रहे है। उन्होंने आगे बताया कि भाजपा ही एकमात्र ऐसी पार्टी है, जो सभी के हित में कार्य करती है।

# स्पेशल सेल ने गोगी गैंग के दो शातिर बदमाश किये गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** पुलिस की स्पेशल सेल ने गोगी गैंग के दो शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से 12 पिस्टल और 30 जिंदा कारतूस बरामद किए गए हैं। गिरफ्तार किए गए बदमाशों की पहचान अभिषेक उर्फ अमित उर्फ मिटा और नवीन उर्फ शनिचर के रूप में हुई है। स्पेशल सेल के एक वरिष्ठ अधिकारी ने शुक्रवार को बताया कि स्पेशल सेल की नॉर्दन रेंज की टीम को सूचना मिली कि जितेंद्र गोगी गैंग के द्वारा काफी मात्रा में मध्य प्रदेश और बिहार से अवैध हथियार खरीदकर लाया गया है। इसका इस्तेमाल दिल्ली और हरियाणा के आसपास एक्सटॉर्शन करने और जमीन कब्जा करने के रूप में इस्तेमाल किया जाएगा। सूचना पर पुलिस टीम ने तिमारपुर के गांधी विहार इलाके में ट्रैप लगाया। फिर पुलिस टीम इन दोनों को दबोचने में कामयाब रही और इनके पास से हथियार और जिंदा कारतूस बरामद किए गए। इनके खिलाफ स्पेशल सेल में मामला दर्ज किया गया। आगे की पूछताछ में आरोपित अभिषेक और नवीन ने पुलिस को बताया कि यह दोनों जितेंद्र गोगी गैंग के सक्रिय सदस्य हैं। यह लोग मध्य प्रदेश और बिहार से हथियार खरीद कर लाए थे।

# डब्ल्यूएचओ ने खत्म किया कोरोना को लेकर घोषित वैश्विक स्वास्थ्य आपातकाल

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**विश्व** स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने कोरोना को लेकर घोषित वैश्विक स्वास्थ्य आपातकाल को खत्म कर दिया है। शुक्रवार को विश्व स्वास्थ्य संगठन ने इसको लेकर घोषणा की।
संगठन ने यह भी कहा कि कोरोना को लेकर वैश्विक आपातकाल खत्म हो गया है लेकिन अब भी यह विश्व के सामने स्वास्थ्य खतरे के रूप में बना हुआ है। पिछले हफ्ते कोरोना से हर तीन मिनट में एक की मौत दर्ज की गई है और यह आंकड़ा केवल उन मौतों का है जिसके बारे जानकारी मौजूद है। डब्ल्यूएचओ के महानिदेशक डॉ. टेड्रोस अदनोम घेब्रेयसस ने प्रेस वार्ता में कहा कि इस खबर का मतलब यह नहीं कि कोरोना को लेकर सभी ढिलाई बरतने लग जाए बल्कि इसका मतलब यह है कि आपातकालीन मोड से हटकर अब कोरोना संक्रमण के साथ-साथ दूसरे संक्रमित बीमारियों के प्रबंधन पर ध्यान दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि कोरोना वायरस कही जाने वाला नहीं है। इससे दुनिया में अभी भी मौतें हो रही हैं। यह अभी भी अपना स्वरूप बदल रहा है। नए वेरिएंट के उभरने का जोखिम बना है। डॉ. टेड्रोस ने इस फैसले के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि यह फैसला अचानक नहीं लिया गया है। यह निर्णय सावधानी से विचार करके और डेटा के सावधानीपूर्वक विश्लेषण के आधार पर लिया गया है। गुरुवार को कोरोना को लेकर गठित आपातकालीन समिति ने 15वीं बार बैठक की और इस बात की सिफारिश की कि इसे वैश्विक सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकाल के श्रेणी से हटा देना चाहिए। उन्होंने कहा कि कोरोना काल से मिले अनुभव को सभी देश को अपनी बेहतरी के लिए इस्तेमाल करना चाहिए।

# सत्य पर चलने वाले को मिलती है सफलताः विनीत महेश गौतम



**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
बुराड़ी विधानसभा क्षेत्र के युवा समाजसेवी विनीत महेश गौतम ने कहा कि सेवा से बड़ा कोई भी कार्य नहीं होता है, इसलिए सभी को समाज सेवा के क्षेत्र में आगे आना चाहिए और गरीब व वंचितों की सहायता करनी चाहिए, जिससे की गरीबों का भी कल्याण हो सके। उन्होंने आगे कहा कि गरीबों व असहायों की मदद करना एक प्रकार से पुण्य का कार्य होता है। इसलिए सभी इस पुण्य के कार्य के भागीदार बने और गरीबों की मदद करें। उन्होंने बताया कि सत्य हमेशा ही सत्य रहता है, इसलिए सभी को सत्य ही राह पर चलना चाहिए। उन्होंने कहा कि सत्य की डगर कठिन अवश्य ही होती है, लेकिन जो व्यक्ति इस राह पर चलता ही रहता है, वह एक दिन अवश्य ही कामयाब होता है, इसलिए सभी सत्य का साथ दे और दूसरों को भी सत्य की राह पर चलने के लिए प्रेरित करें।

# आठवाँ संस्कृत सम्भाषण शिविर होगा आयोजित




**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**सर्वत्र** संस्कृतम, विहार संस्कृत सञ्जीवन समाज पटना एवं आधुनिको भव संस्कृतं वद अभियान के अन्तर्गत राष्ट्रनायक आचार्य चाणक्य के स्मृति में दशदिवसात्मक ऑनलाइन राष्ट्रीय संस्कृत सम्भाषण शिविर का आयोजन 12 मई 2023 से 22 मई 2023 को रात्रि 8:30 बजे से 10 बजे तक किया जाएगा। इस कार्यक्रम में उद्घाटनकर्ता के रूप में उत्तर प्रदेश के गृह विभाग के विशेष सचिव डॉ अनिल कुमार सिंह होंगे। सम्पूर्ण कार्यक्रम की अध्यक्षता तथा प्रशिक्षक आधुनिको भव संस्कृतं वद अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं विहार संस्कृत संजीवन समाज पटना के महासचिव डॉ मुकेश कुमार ओझा के द्वारा किया जाएगा। साथ ही वरिष्ठ संस्कृत प्रचारक यथा डॉ. मिथिलेश झा, डॉ. शैलेन्द्र सिंह, डॉ. अनिल चौबे, महेश मिश्र आदि विद्वानों का सानिध्य भी प्राप्त होगा। कार्यक्रम के संयोजक के रूप में सहायक आचार्य, श्रीअरविन्दो महाविद्यालय, दिल्ली विश्वविद्यालय तथा आधुनिको भव संस्कृतं वद अभियान के राष्ट्रीय संयोजक पिंटू कुमार के द्वारा सम्पन्न होगा। स्वागत गीत आधुनिको भव संस्कृतं वद अभियान के राष्ट्रीय संयोजिका एवम् सह आचार्या, संस्कृत विभाग, गङ्गा देवी महिला कॉलेज, पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय, पटना के डॉ. रागिनी वर्मा के द्वारा किया जायेगा। इस शिविर में सरल और अनुकरण विधि के माध्यम से संस्कृत सम्भाषण का ऑनलाइन अभ्यास कराया जाएगा। यह शिविर केवल 30 सदस्यों के लिए है। पञ्जीकरण शुल्क दो सौ रुपये है। इच्छुक संस्कृत अनुरागी शिक्षक/शिक्षका/छात्र/छात्रायें संस्कृत सीखने हेतु अवश्य जुड़े।

**कार्यक्रम का उद्घाटन डॉ अनिल कुमार सिंह करेगें...**

**आचार्य चाणक्य के स्मृति में दशदिवसात्मक ऑनलाइन राष्ट्रीय संस्कृत सम्भाषण शिविर का आयोजन 12 मई 2023 से 22 मई 2023 को रात्रि 8:30 बजे से 10 बजे तक किया जाएगा। इस कार्यक्रम में उद्घाटनकर्ता के रूप में उत्तर प्रदेश के गृह विभाग के विशेष सचिव डॉ अनिल कुमार सिंह होंगे। सम्पूर्ण कार्यक्रम की अध्यक्षता तथा प्रशिक्षक आधुनिको भव संस्कृतं वद अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं विहार संस्कृत संजीवन समाज पटना के महासचिव डॉ मुकेश कुमार ओझा के द्वारा किया जाएगा।**

# समाज को जागरूक कर रही हैं आराध्य संस्थाः उमेश राय



**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
आराध्य समाजसेवी संस्था के सचिव उमेश राय ने जानकारी देते हुए बताया कि आराध्य संस्था के द्वारा महिला और बाल विकास पर विशेष रूप से ध्यान दिया जा रहा है। साथ ही संस्था कई प्रकार के अभियान भी चला रहा है।
आराध्य संस्था के सचिव उमेश राय ने आगे बताया कि संस्था के द्वारा शिक्षा अभियान चलाया जा रहा है। केन्द्र में बच्चों को वोकेशनल कोर्स की ट्रेनिग दी जा रही है, जिससे महिलाएं व युवा आत्मनिर्भर बन रहे है। उन्होंने आगे कहा कि सभी लोगों को वंचितों, गरीबों व असहायों की मदद करनी चाहिए, क्योंकि गरीबों व असहायों की मदद करना एक प्रकार से पुण्य का कार्य होता है। इसलिए सभी इस पुण्य के कार्य के भागीदार बने और गरीबों और असहायों की मदद करें।

# देश प्रदेश की जनता को ही अपना परिवार मानते है मोदी-मनोहर : कृष्णपाल

## अजय गौड़ के संयोजन में सेवा दिवस के रूप में मनाया गया मुख्यमंत्री का जन्म दिवस, 500 गरीब, विधवा व जरूरतमंद महिलाओं को वितरित की गई सिलाई मशीनें

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव)**
**हरियाणा के मुख्यमंत्री** मनोहर लाल का जन्म दिवस मुख्यमंत्री के पूर्व राजनीतिक सलाहकार एवं वरिष्ठ भाजपा नेता अजय गौड़ के संयोजन में सेक्टर-16 स्थित पंजाबी धर्मशाला में सेवा दिवस के रूप में मनाया गया। इस दौरान गरीब, विधवा व जरूरतमंद 500 महिलाओं को सिलाई मशीनें वितरित की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने शिरकत की, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में आरएसएस के प्रांतीय अध्यक्ष गंगाशंकर मिश्रा, विधायक नरेंद्र गुप्ता, जिला अध्यक्ष गोपाल शर्मा, नगर निगम के निवर्तमान वरिष्ठ उप महापौर देवेंद्र चौधरी मौजूद रहे, कार्यक्रम का मंच संचालन भाजपा के जिला उपाध्यक्ष पंकज रामपाल द्वारा किया गया। इस मौके पर केंद्रीय मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल को जन्म दिवस की बधाई देते हुए पार्टी और अपनी ओर से उनके उत्तम स्वास्थ्य और दीघार्यु की कामना की। श्री गुर्जर ने कहा कि नरेंद्र मोदी जब प्रधानमंत्री बने तो उन्होंने स्पष्ट कहा था कि उनकी सरकार गरीबों को समर्पित सरकार है, देश के संसाधनों पर पहला हक गरीबों का है, जबकि पहले जो प्रधानमंत्री हुए उनके शासनकाल में देश के संसाधनों पर एक समुदाय का हक रहा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश की 140 करोड़ जनता व मुख्यमंत्री मनोहर लाल हरियाणा की ढाई करोड़ की जनता को अपना परिवार मानते है, यही कारण है कि मोदी-मनोहर सरकार के हर निर्णय में गरीब हित नजर आता है।



मोदी-मनोहर के लिए देश पहले और सभी चीजें बाद में है, जबकि विपक्षी दलों के लिए पहले परिवार उसके बाद में देश। उन्होंने कहा कि मोदी- मनोहर सरकारों की सोच अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति को सशक्त करके स्वावलंबी बनाना और समाज की मुख्यधारा में लाना है, इसी सोच के चलते दोनों सरकारें काम कर रही हैं। श्री गुर्जर ने कहा कि प्रधानमंत्री बनने के बाद मोदी जी ने जन-धन खाते खुलवाए, जबकि पहले बैंक में खाते 500 रुपए और दो जमानती होने पर ही खुलते थे, लेकिन मोदी ही ने शून्य बैलेंस पर खाता खुलवाया और पिछले 70 सालों में जहां 8 करोड़ खाते खुले वहीं मोदी जी की सरकार में 45 करोड़ खाते खोले गए। उन्होंने दिवंगत पूर्व प्रधानमंत्री की बात को साझा करते हुए कहा कि वह कहते थे कि वह केंद्र से एक रुपया भेजते है, जबकि आम आदमी तक 15 पैसे पहुंचते है, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि वह एक रूपया भेजेंगे तो अंतिम पंक्ति में बैठे व्यक्ति तक एक रुपये ही पहुंचेगा, बीच में दलाली करने वालों की दुकान प्रधानमंत्री ने बंद कर दी। उन्होंने कहा कि पूर्व की सरकारों में जहां गांव-कालोनियों में बिजली की किल्लत रहती थी वही मुख्यमंत्री मनोहर लाल के कुशल नेतृत्व में हरियाणा के 6700 गांव में से 5900 गांवों में 24 घंटे बिजली उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने कहा कि मोदी-मनोहर सरकार किसान, गरीब, जरूरतमंद, दलित सहित छत्तीस बिरादरियों के हितों में योजनाएं क्रियान्वित कर रही है, जिसका लाभ सभी को मिल रहा है। इस मौके पर आरएसएस के प्रांतीय अध्यक्ष गंगाशंकर मिश्र, विधायक नरेंद्र गुप्ता व जिलाध्यक्ष गोपाल शर्मा ने भी अपने-अपने वक्तव्यों में मोदी-मनोहर सरकार की नीतियों का बखान करते हुए मुख्यमंत्री मनोहर लाल को जन्म दिवस की बधाई दी। इस मौके पर कार्यक्रम के आयोजक एवं वरिष्ठ भाजपा नेता अजय गौड़ ने कार्यक्रम में आए हुए सभी अतिथियों, भाजपा कार्यकताओं एवं मातृशक्ति का आभार जताते हुए कहा कि आज मुख्यमंत्री मनोहर लाल जी का जन्म दिवस है, परंपरा रही है जन्म दिवस पर हम परिवार में केक काटते है दावत देते है, लेकिन मुख्यमंत्री मनोहर लाल जब से समाज सेवा के लिए उतरे है, उन्होंने लक्ष्य रखा कि अंतिम छोर के व्यक्ति का उत्थान कैसे हो, इसी को लेकर वह संघ में आए और अनेकों वर्षा तक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ में काम किया और यह हमारे के लिए गौरव की बात है कि फरीदाबाद से ही उन्होंने अपने सामाजिक जीवन की शुरूआत की और मुख्यमंत्री मनोहर लाल पिछले आठ सालों से वह सेवा दिवस के रूप में हरियाणा एक-हरियाणवीं एक के नारे के तहत लोगों की सेवा कर रहे है। 18 घंटे काम करने के बाद भी अंतिम व्यक्ति के बारे में सोचने और हर समस्या के समाधान ढूंढने का संकल्प मुख्यमंत्री रखते है, उन्हें भी मुख्यमंत्री के साथ काम करने का अवसर मिला।

## संक्षिप्त खबरें

### अग्रवाल महाविद्यालय के गणित विभाग द्वारा दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मलेन



**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव)**
**अग्रवाल** महाविद्यालय के गणित विभाग के तत्वाधान में रिसेंट एडवांसेज इन मैथमेटिक्स विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। यह राष्ट्रीय सम्मेलन महानिदेशक उच्च शिक्षा हरियाणा द्वारा अनुमोदित था। उद्घाटन समारोह के प्रथम सत्र में मुख्य अतिथि की भूमिका महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. कृष्ण कांत गुप्ता जी ने निभाई। विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व गणित विभागाध्यक्ष, प्रोफेसर बाबूराम एमडीयू, रोहतक तथा मुख्य वक्ता प्रोफेसर गोपाल दत्त गणित विभांग पीजीडीएवी दिल्ली विश्वविद्यालय रहे। उद्घाटन समारोह का शुभारंभ मां सरस्वती जी की आराधना एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। बीएससी मैथ ऑनर्स तृतीय वर्ष की छात्रा मानसी ने मां सरस्वती की आराधना में नृत्य द्वारा प्रस्तुति दी। अतिथियों को पौधा भेंट कर सम्मानित किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत ? गुप्ता जी ने बाहर से आए हुए विशेषज्ञों और प्रतिनिधियों का स्वागत किया तथा बताया कि गणित हमारे व्यवहारिक एवं आध्यात्मिक जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। गणित के माध्यम से सकारात्मक विचार उत्पन्न होते हैं। उद्घाटन सत्र में गणित विभागाध्यक्ष एवं कार्यक्रम संयोजक डॉ के. एल. कौशिक जी ने कार्यक्रम की थीम प्रस्तुत करते हुए कहा कि गणित मनुष्य में सामाजिक मूल्यों का निर्माण करता है। यह नैतिक मूल्यों, सच्चाई, ईमानदारी, नेतृत्व, शुद्धता, आत्मविश्वास इत्यादि को विकसित करता है। सम्मेलन में प्रथम दिन बड़ी संख्या में लोगों ने पंजीकरण करवाया। यह सम्मेलन मिश्रितमोड में आयोजित किया गया। इस सम्मेलन में प्रथम दिन कुल 4 तकनीकी सत्र रहे जिसमें द्वितीय सत्र में अध्यक्ष के रूप में प्रोफेसर एस.के. चक्रवर्ती पूर्व प्रोफेसर एनआईआईटी, कुरुक्षेत्र तथा सह-अध्यक्ष के रूप में डॉ. नरेश कामरा गणित विभाग अग्रवाल महाविद्यालय रहे। इस सत्र में आमंत्रित वार्ता प्रोफेसर गोपाल दत्त गणित विभाग पीजीडीएवी, दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारादी गई। आमंत्रित वार्ता का विषय 'मैट्रिक्स और ऑपरेटरइ रहा। सम्मेलन के तृतीय सत्र की अध्यक्ष डॉ. ममता ठाकुर तथा श्रीमती सहअध्यक्ष दीपांजलि रही तथा आमंत्रित वार्ता की भूमिका डॉ. एडमिन मशीह, मानव रचना यूनिवर्सिटी ने निभाई । इसी सत्र में दूसरी आमंत्रित वार्ता डॉ. अमित भूषण, जामिया हमदर्द दिल्ली यूनिवर्सिटी द्वारा दी गई। चौथे सत्र को पांच अलग-अलग स्थानों पर आयोजित किया गया। चौथे सत्र (ए) के अध्यक्ष डॉ. अमित भूषण जामिया हमदर्द तथा सह-अध्यक्ष की भूमिका डॉ. गीता त्रिपाठी अग्रवाल कॉलेज बल्लबगढ़ ने निभाई।

### वात्सल्या वटिका का 18 स्थापना दिवस हवन यज्ञ करके धूमधाम से मनाया

**टीम एक्शन इण्डिया कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक )वात्सल्य वाटिका** ब्रह्मा कालोनी, अमीन रोड़, कुरुक्षेत्र ने अपना 18वां स्थापना दिवस बड़ी धूमधाम और हर्षोल्लास से मनाया। सबसे पहले सुबह हवन यज्ञ हुआ । उसके उपरांत मां सरस्वती जी के चित्र समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री सुशील सदाना उपप्रधान सैंनसनस पेपर मिल पेहवा और विशिष्ट अतिथि के रूप में श्री रत्न चन्द सरदाना पूर्व प्राचार्य श्रीमद्भगवद्गीता वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कुरुक्षेत्र रहे । कार्यक्रम की अध्यक्षता सुप्रसिद्ध समाजसेवी राम निवास बंसल जी ने की। सभी अतिथिगणों का स्वागत माला अर्पण किया । फिर आए हुए अतिथियों का परिचय व स्वागत विद्यालय प्रधानाचार्य गौरव चौधरी करवाया । मंच का संचालन विद्यालय आचार्य पूनम सलूजा ने किया । विद्यालय छात्रों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की बहुत ही सुंदर व अद्भुत प्रस्तुतियाँ दी गई । विद्यालय गतिविधियों से अवगत विद्यालय प्रधानाचार्य गौरव चौधरी ने करवाया । मुख्य अतिथि सुशील सदाना जी ने अपने सम्बोधन में कहा कि समाज में वात्सल्य वाटिका का बहुत नाम है । वाटिका की खुशबू समाज में फैली हुई है । मैं वात्सल्य वाटिका के 18वां स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ और बधाई देता हूँ । मुझे आज वात्सल्य वाटिका में आकर बहुत अच्छा लगा, मैं पुनः जल्दी ही परिवार के साथ वात्सल्य वाटिका में आऊँगा।

# पूर्व उद्योग मंत्री ने छोटे बच्चों संग डिजिटल तरीके से मनाया मुख्यमंत्री का जन्मदिवस

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव)**
**भारतीय** जनता पार्टी के सारथी और हरियाणा के सिरमोर कहे जाने वाले मुख्यमंत्री मनोहर लाल के 70वें जन्मदिन को उनके कार्यकताओं द्वारा आज बड़ी धूमधाम से प्रदेश में कई जगहों पर मनाया गया। मुख्यमंत्री मनोहर लाल के जन्मदिन के मौके पर शुक्रवार को संत कबीर कुटीर में बधाई देने वालों का तांता लगा रहा। प्रदेश के विभिन्न हिस्सों से आए साधु-संतों ने भी मुख्यमंत्री को इस अवसर पर बधाई और आशीर्वाद दिया। मुख्यमंत्री ने अपने निवास स्थान संत कबीर कुटीर में सुबह हवन यज्ञ किया और प्रदेश की सुख समृद्धि की प्रार्थना की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता ही उनका परिवार है और उनका जीवन समस्त हरियाणा वासियों को समर्पित है। मुख्यमंत्री को उनके जन्मदिन पर योग गुरु स्वामी रामदेव, गीता



मनीषी स्वामी ज्ञानानंद, महामंडलेश्वर स्वामी धर्मदेव, अलवर से सांसद बाबा बालकनाथ सहित देश प्रदेश से आए साधु संतों ने आशीर्वाद दिया। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर युवाओं को तोहफा देते हुए कौशल रोजगार निगम के माध्यम से एक क्लिक से 896 युवाओं को नौकरी के ऑफर लेटर भेजे। साथ ही उन्होंने अनाथ बच्चों के कल्याणार्थ हरियाणा बाल कल्याण परिषद को 2 करोड़ रुपए की राशि प्रदान करने की घोषणा की। इसी कड़ी में आज फ?ीदाबाद के एनआईटी एक नंबर मे ऑफनेज होम में छोटे- छोटे बच्चो ने मिलर्क मुख्यमंत्री मनोहर लाल का 70वां जन्मदिन धूम धाम से मनाया। पूर्व उद्योग मंत्री विपुल गोयल आज मुख्यमंत्री मनोहर लाल को बधाई देने उनके चंडीगढ़ आवास पर पहुंचे ओर हवन में भाग लिया तथा वीडियो कॉलिंग के माध्यम से पूर्व मंत्री ने सीएम से मिलकर बच्चो से अपने मुख्यमंत्री को रूबरू करवाया। इस मौके पर छोटे -छोटे बच्चों ने तालियां बजाकर मुख्यमंत्री को जन्मदिवस की बधाई दी ओर दीघार्यु की कामना की ओर इसके बाद मुख्यमंत्री के जन्मदिवस के उपलक्ष्य मे सभी बच्चो के लिए पूर्व मंत्री द्वारा लजीज व्यंजनों का प्रबन्ध किया हुआ था जिसका सब बच्चो ने आनंद लिया। इस मौके पर मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने सभी बच्चों को संदेश देते हुए कहा की जन्मदिवस हमे केक काटकर नहीं बल्कि सभी को मिल-बांटकर मनाना चाहिए। पूर्व उद्योग मंत्री विपुल गोयल ने प्रदेश के मुखिया को इस मौके पर मिलकर बधाई देते हुए उनके उत्तम स्वास्थ्य की कामना की ओर कहा की मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में आज प्रदेश उन्नति की राह पर है ओर प्रदेश का हर वर्ग आज खुशहाल है। इस मौके पर पूर्व मंत्री ने कहा कि आज हरियाणा प्रदेश मनोहर लाल के नेतृत्व में अन्य सभी राज्यों की तुलना में बेहतर है ओर विकास के नये आयाम स्थापित कर कीर्तिमान बना रहा है। पूर्व मंत्री ने कहा की आखिरी पंक्ति में बैठे व्यक्ति को भी लाभ पहुंचाकर मनोहर लाल ने सबका साथ-सबका विकास की बात को सही मायने में चरितार्थ कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सपने को साकार करने का काम किया है। इस मौके पर पूर्व चैयरमेन मार्केट कमेटी पंडित मुकेश शास्त्री, राज कुमार राज वरिष्ठ नेता, अजय सोनी उर्फ टीटू, मनीष राघव एडवोकेट, सीमा भारद्वाज, सुन्दर सिंह मिलहार्ड कॉलोनी से हॉस्टल का स्टॉफ व अन्य लोग मौजूद थे।

# जे.सी. बोस विश्वविद्यालय से साहिल कौशिक संसद में देगा भाषण

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव)**
जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के छात्र साहिल कौशिक को गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर की जयंती समारोह के दौरान संसद में भाषण देने के लिए चुना गया है। कार्यक्रम 9 मई, 2023 को संसद के सेंट्रल हॉल में आयोजित किया जाएगा। संसद में भाषण देने के लिए देश भर के विभिन्न विश्वविद्यालयों के आठ छात्रों को इस कार्यक्रम के लिए चुना गया है। राष्ट्रीय नेताओं को उनकी जयंती पर पुष्पांजलि अर्पित करने में युवाओं की भागीदारी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से लोकसभा सचिवालय के संसदीय लोकतंत्र अनुसंधान और प्रशिक्षण संस्थान (प्राइड) द्वारा इस कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि लोकसभा सचिवालय द्वारा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के माध्यम से देश के विभिन्न विश्वविद्यालयों से कार्यक्रम में भाग लेने के लिए आवेदन आमंत्रित



किए गए थे। आयोजन के पहले चरण में लगभग 25 छात्रों का चयन किया गया था। ऑनलाइन मोड में आयोजित चयन के दूसरे चरण में प्रतिभागियों को उनकी प्रस्तुति के आधार पर जूरी द्वारा परखा गया तथा आठ छात्रों का चयन किया गया। चयन दौर में छात्रों ने हिंदी, अंग्रेजी, मराठी और बंगाली सहित विभिन्न भाषाओं में अपने विचार प्रस्तुत किए। फाइनल राउंड में साहिल ने 'रवींद्रनाथ टैगोर युवाओं के लिए ऊर्जा के स्रोत किस प्रकार है विषय पर अपने विचार रखे। साहिल कौशिक ने अपने चयन का श्रेय अपने माता-पिता और शिक्षकों को दिया है। कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर और कुलसचिव डॉ. एस.के. गर्ग ने संचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी विभाग के अंतर्गत सोशल वर्क के छात्र साहिल उसके चयनित पर बधाई दी है।

# कृषि ट्यूबवेल के आवेदक सौर ऊर्जा पंप का चयन करें: एडीसी अपराजिता



**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव)।**
**अतिरिक्त उपायुक्त** अपराजिता ने बताया कि नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विभाग हरियाणा द्वारा प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाभियान के तहत 75 प्रतिशत अनुदान पर सोलर पम्प हेतु आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं। इस योजना में केवल वही आवेदक पात्र होंगे जिन्होंने वर्ष 2019 से 2021 में दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम में 1 एच.पी. से 10 एच.पी. के बिजली आधारित पम्प हेतु आवेदन किया था। हरियाणा सरकार द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि इन आवेदनकताओं को अब 75 प्रतिशत अनुदान पर सोलर पम्प दिये जाएँगे। आवेदक की मौजूदा एप्लीकेशन आईडी जो बिजली आधारित कृषि ट्यूबवेल कनेशन का आवेदन करने के समय प्राप्त हुई थी, वह इस पोर्टल पर आवेदनकर्ता की यूज? आईडी होगी और इसमें आप द्वारा दिए गए मोबाईल नम्बर पर प्राप्त ओटीपी से चयन कर सकेंगे तथा मूल्य निर्धारण के उपरांत आवेदक इस पोर्टल पर जाकर कम्पनी का चयन करके लाभार्थी हिस्सा जमा करवा सकेंगे जिसकी सूचना आपके पंजीकृत मोबाईल नम्बर पर प्राप्त होगी। आवेदनकर्ता के पास परिवार पहचान पत्र व कृषि भूमि का होना अनिवार्य है। इसके अतिरिक्त आवेदक के परिवार के नाम पर कोई भी बिजली पम्प अथवा सोलर पम्प नहीं होना चाहिए तथा खेत में सूक्ष्म सिंचाई पाईप लाइन होने का प्रमाण होना अनिवार्य है। इच्छुक आवेदक दिनांक 28.04.2023 से 15.05.2023 तक विभाग के पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते है। अधिक जानकारी के लिये किसी भी कार्य दिवस पर अतिरिक्त उपायुक्त कार्यालय के कमरा न0. 403 चतुर्थ तल व दूरभाष नश. 0129-2227922 पर संपर्क कर सकते है।

# पुस्तकें करवाती हैं मतिष्क से साक्षात्कार: डॉ. राज

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव)**
**श्री विश्वकर्मा कौशल** विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. राज नेहरू ने कहा कि पुस्तकें मस्तिष्क से साक्षात्कार करवाती हैं। पुस्तकों के माध्यम से हम अपने व्यक्तित्व का विकास कर सकते हैं। किताबों में निहित ज्ञान हमारे जीवन की दिशा बदल सकता है। वे विश्वविद्यालय परिसर में पुस्तक प्रदर्शनी का उद्घाटन करते हुए मुख्यातिथि के रूप में बोल रहे थे। इस प्रदर्शनी में 20 से भी ज्यादा नामी प्रकाशनों ने हिस्सा लिया और अपनी पुस्तकें प्रदर्शित की। कुलपति डॉ. राज नेहरू ने इस मौके पर कहा कि पुस्तकों के माध्यम से हम सदियों



पूर्व के ज्ञान को वर्तमान में भी जान सकते हैं। यह ज्ञान को सहेजने का एक सर्वोत्तम माध्यम है। उन्होंने कहा कि पुस्तकें पढ? से हम न केवल अपना अकादमिक विकास कर सकते हैं, बल्कि पुस्तकों के ज्ञान से हमारा अंतः करण भी उज्ज्वल बनता है। कुलपति डॉ. राज नेहरू ने कहा कि श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के दुधौला परिसर में भव्य और विशाल पुस्तकालय का निर्माण अंतिम चरण में है। इस पुस्तकालय में दुनिया भर की श्रेष्ठ कृतियां सम्मिलित की जाएंगी। उन्होंने विद्यार्थियों को पुस्तकों के प्रति प्रेरित करते हुए कहा कि उन्हें नियमित तौर पर पुस्तकें अपने पास रखनी चाहिएं और पढ?ी चाहिएं। यह उनके करियर में सच्ची मित्र साबित होंगी। प्रदर्शनी में पियर्सन एजुकेशन, पीएचआई लर्निंग, नरोसा पब्लिकेशन, न्यू एज इंटरनेशनल, बीपीबी पब्लिशर्स, मैग्रा हिल, हिमालय और टैक्समैन सहित कई बड़े प्रकाशक शामिल हुए और उन्होंने अपनी प्रतिष्ठित पुस्तकें प्रदर्शित की। डिप्टी लाइब्रेरियन डॉ. जेके दुबे ने बताया कि इस प्रदर्शनी में पुस्तकों और ई-बुक्स के नवीनतम संस्करण प्रदर्शित किए गए, जिन्हें खूब पसंद किया गया।

# गर्मी के मौसम में पेयजल सप्लाई से जुड़ी हुई तमाम तैयारियां व प्रबंध करें सुनिश्चित: डीसी विक्रम सिंह

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव)।**
**डीसी विक्रम** सिंह ने जिला में गर्मी के मौसम में गर्मी में पेयजल सप्लाई से जुड़ी हुई तमाम तैयारियां व प्रबंधन बारे गर्मी के मौसम के मद्देनजर जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों के साथ आज शुक्रवार को समीक्षा बैठक की। अधिकारियों को दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार आजादी के अमृत महोत्सव की श्रृंखला में आम जनता के लिए गर्मी के मौसम के मद्देनजर जरूरत के अनुसार पेयजल सप्लाई से जुड़ी हुई तमाम व्यवस्थाएं संबंधित विभाग सुनिश्चित करें। वहीं आमजन को गर्मी में जलापूर्ति निर्धारित शेड्यूल अनुसार मिले। इसके लिए व्यापक व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। डीसी विक्रम सिंह जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग द्वारा क्रियान्वित की जा रही जिला में विभिन्न 17 विकास परियोजनाओं की बारीकी से एक एक करके समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पानी की चोरी को रोकना एक बड़ी चुनौती है, इसलिए वे अपने क्षेत्रों में पानी की चोरी की घटनाओं पर निगरानी रखें। यदि ऐसी कोई घटना घटित होती है, तो तुरंत उस पर सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार कार्रवाई करें। इसके लिए विशेष टीमें भी गठित की जा सकती हैं। इसके अलावा संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ तालमेल बैठकें निरन्तर जरूर करें, ताकि जिला में पानी की उपलब्धता की वास्तविक स्थिति का पता लग सके और यदि कहीं पानी की कमी की संभावना



बनती है। तो तुरंत उसकी सूचना मुख्यालय को दें। डीसी ने आमजन से आह्वान करते हुए कहा कि गर्मी से निजात दिलाने में जल अति महत्वपूर्ण है, ऐसे में कोई भी व्यक्ति किसी भी रूप से जल को व्यर्थ न बहाए। वहीं जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे जोखिम भरे क्षेत्रों की पहचान करें। सभी सार्वजनिक स्थानों जैसे बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, चौक, बाजार, अस्पताल, पब्लिक डीलिंग से संबंधित कार्यालयों में अन्य विभागों के सहयोग से पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने, मुख्य रूप से पानी की कमी वाले जोखिम वाले क्षेत्रों में पीने के पानी की आपूर्ति के लिए पानी के टैंकरों की सूची तैयार करने, पेयजल के स्रोत और जनसंख्या के अनुपात में इसकी क्षमता की पहचान करने, गर्मी की लहर से पहले यह सुनिश्चित कर लें कि पूरा पानी पंप सेट या तो डीजल या बिजली आधारित होना चाहिए और काम करने की अच्छी स्थिति में होने चाहिए। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों के यूसी और टारगेट जिला उपायुक्त मुख्यालय जरूरी भिजवाना सुनिश्चित करें। वहीं विकास कार्यों की वास्तविक स्थिति की जानकारी निरन्तर मिलती रहे। डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि विकास कार्यो को समय पर और पूर्ण गुणवत्ता के साथ पूरा टारगेट समय पर पूरा करवाना सुनिश्चित करें। वहीं विकास कार्यों में देरी होने पर अधिकारियों की जवाबदेही और ठेकेदारों पर पेनल्टी लगाने के दिए निर्देश भी दिए। डीसी विक्रम सिंह ने तिगांव और अन्य विधानसभा क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों को समय पर और पूर्ण गुणवत्ता के साथ पूरा करें। उन्होंने कहा कि यह विकास कार्य आम जनता के हित के लिए हैं और अगर वह समय पर पूरे होते हैं तो उससे लोगों को समय से सुविधाएं उपलब्ध हो जाती हैं । तिगांव विधानसभा क्षेत्र की विकासात्मक योजनाओं और परियोजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन बारे अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक में निर्देश देते हुए उपायुक्त विक्रम सिंह ने अधिकारियों को विकास कार्यों में देरी होने पर जवाब देही देने और ठेकेदारों पर पेनल्टी लगाने के निर्देश भी दिए गए हैं। समीक्षा बैठक में जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधीक्षक अभियंता संजीव दुहन ने डीसी विक्रम सिंह को विभाग की सभी विकास परियोजनाओं की एक एक करके वास्तविक स्थिति की जानकारी दी। उन्होंने जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग की विकासात्मक योजनाओं और परियोजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन के लिए तथा ऑनलाइन प्लेट फार्म प्रणाली को आधुनिक तौर-तरीकों के साथ विभागों तथा एजेंसियों से आपसी सहमति से करवाया जाने बारे भी बारीकी से जानकारी दी। वहीं निर्माण कार्य में इस्तेमाल हो रहे कंस्ट्रक्शन मटेरियल की जांच की ठीक प्रकार से करवाने और कार्य में कोताही बरतने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों के खिलाफ उचित कार्यवाही करने बारे भी बताया।

ACTION INDIA
# एक्शन इंडिया
Fro- t Page - 2
एक्शन इंडिया ▸ करनाल ▸ 06 मई 2023 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417

# कर्नाटक: संघ परिवार बना रहा है पैठ

## दलित-ओबीसी को हिंदुत्व और विरासत से जोड़ने की कोशिश, सोनिया की रैली 6 मई को

**टीम एक्शन इंडिया/बंगलुरू**
**कर्नाटक** में चाहे विधान सभा का चुनाव हो या लोकसभा का, मठों का सियासी दबदबा वर्षों से जारी है। लेकिन पहली बार कर्नाटक के भू-सियासी मानचित्र पर दलित और ओबीसी समुदाय को अपनी ओर लाने के लिए हिंदुत्व एजेंडा लाया गया है। संघ और इससे जुड़े संगठनों ने अंग्रेजी अक्षर वी आकार में नेलमंगला (बेंगलूरू) से लेकर मंगलुरू और मंगलुरू से गोकर्ण-कारवार के सियासी मानचित्र पर समर्थन जुटाना शुरू कर दिया है जिन पर अभी तक मठों और जातियों का दबदबा रहा है। लेकिन हिंदुओं के बीच बड़ा वर्ग है जो मठों के प्रभाव से दूर है। ऐसे तबके को विरासत और हिंदुत्व के नाम पर साथ लाने के प्रयास रंग ला रहे हैं।



**भाजपा के लिए वोट बैंक नहीं:** पूरे कर्नाटक में दलित और ओबीसी 40% से अधिक हैं। वोक्कालिग्गा और लिंगायत 36% हैं। राज्य में दलित-ओबीसी मुख्य रूप से कांग्रेस के समर्थक रहे हैं जबकि अपने प्रभाव वाले इलाके हासन, मांड्या जैसे क्षेत्र में इनका समर्थन जेडीएस को भी रहता है। भाजपा को इस समुदाय का वोट ज्यादा नहीं मिलता या इन्हें पार्टी का परंपरागत वोट बैंक नहीं गिना जाता है।

**हर शाम छोटी, हर महीने बड़ी बैठक:** इन समुदायों को अपना सरनेम रखने से भी परंपरागत रूप से रोका गया लेकिन संघ इन इलाकों में काम कर ऐसे लोगों को अपनी पहचान के साथ सामने आने के लिए प्रोत्साहित कर रहा है और जरूरी सहयोग भी करता है। हर गांव में ऐसे दलितों और ओबीसी की एक छोटी बैठक हर शाम होती है और महीने में एक बार बड़ी बैठक होती है। इन बैठकों में हिंदुत्व, देश और विरासत का जिक्र होता है और ओबीसी-दलित सुमुदाय के इतिहास में प्रसिद्ध रहे हस्तियों की कहानी और वीडियो साझा होती है।

### हिंदुत्व एजेंडा

कर्नाटक के भू-सियासी मानचित्र पर दलित और ओबीसी समुदाय को अपनी ओर लाने के लिए हिंदुत्व एजेंडा लाया गया है

**सोनिया गांधी की रैली आज:** कांग्रेस नेता सोनिया गांधी शनिवार को हुबली में चुनावी रैली करेंगी। यह उनकी पहली रैली होगी। वहीं गुरुवार को कनकगिरी में प्रियंका गांधी ने चुनावी रैली की।

**तेलुगु भाषी क्षेत्रों में रेड्डी भाजपा को पहुंचा सकते हैं नुकसान:** खनन कारोबारी जनार्दन रेड्डी ने कल्याण राज्य प्रगति पक्ष नाम से पार्टी बनाकर 41 उम्मीदवार कल्याण-कर्नाटक क्षेत्र में उतारे हैं जिसे पहले हैदराबाद-कर्नाटक नाम से बुलाया जाता रहा है। आंध्र प्रदेश से लगे इन इलाकों में तेलुगु भाषियों की संख्या अधिक है। यहां वे भाजपा के वोट काट सकते हैं।

# जम्मू-कश्मीर: आर्टिकल-370 हटा तो 14 लाख लोग बेघर होने से बचे

## जम्मू-कश्मीर में जनजाति समाज को वन अधिकार कानून लागू होने से हक मिला

**टीम एक्शन इंडिया/श्रीनगर**
**जम्मू-कश्मीर** से अनुच्छेद 370 हटाए जाने के बाद प्रदेश के 14 लाख लोग बेघर होने से बच गए। ये लोग गुज्जर, बकरवाल, गद्दी और दर्द शीन जनजातियों के लोग हैं, जो अपनी आजीविका के लिए जंगलों पर ही निर्भर हैं। ये लोग जंगलों में जानवर चराते हैं, जंगल की जमीन पर ही घर बनाते हैं, दूसरी जरूरतों के लिए भी जंगल पर ही निर्भर रहे हैं। राज्य सरकार इन्हें जंगलों से निकालने की कोशिश लंबे समय से कर रही है। इन्हें कई बार नोटिस भी थमाया गया। दरअसल राज्य के कानून के तहत जंगल में रहना गैरकानूनी था। इसे अतिक्रमण माना जा रहा था। अनुच्छेद 370 हटने के बाद जम्मू कश्मीर में भी वन अधिकार कानून 2006 लागू हो गया है। इसके बाद सदियों से जंगल पर निर्भर इन जनजातियों का जंगल पर अधिकार हो गया। वे हरे पेड़ों की लकड़ी छोड़कर जंगल की हर



चीज का अपनी जरूरतों के लिए इस्तेमाल कर सकते हैं। जंगल में अपने पशुओं को भी चरा सकते हैं।

**घर बचा तो खुश हैं जनजातियां:** स्थानीय अब्दुल मजीद बजरान कहते हैं- अगर यह कानून लागू नहीं होता तो शायद हम अपने घरों से ही निकाल दिए गए होते। इस कानून के बाद हमें जंगल से निकालने की कार्रवाई पर रोक लगी है। इससे पहले वन विभाग ने हमें हटने के लिए कई नोटिस भेजे। ट्राइबल रिसर्च फाउंडेशन के डॉक्टर जावेद राही कहते हैं कि सरकार का यह सराहनीय कदम है। जनजातियों के लोग चाहते हैं कि इसे धरातल पर सच किया जाए। मुलनार्द के शब्बीर अहमद कहते हैं- अब तक सरकार ने हमसे सिर्फ फॉर्म भरने को कहा है। इसके अलावा कुछ नहीं हुआ। जम्मू-कश्मीर में 20,230 वर्ग किमी में जंगल फैला है। बकरवाल घुमंतू लोग हैं। ये सदियों से गर्मियों में अपने जानवरों के साथ कश्मीर के पहाड़ों में जाते हैं और सर्दियां जम्मू में बिताते हैं। गुज्जर पूरे कश्मीर और जम्मू के रजौरी और पूंछ जिले में फैले हुए हैं।

# जीएसटी घोटाला: 8वीं पास ने 1500 डमी कंपनियां बनाईं

**टीम एक्शन इंडिया/सूरत**
**गुजरात** के सूरत में 1500 डमी कंपनियां बनाकर 2700 करोड़ की जीएसटी घोटाला करने वाला मास्टरमाइंड पकड़ा गया है। आरोपी ने केमिकल और कबाड़ के व्यापार के नाम पर फर्जी बिलिंग की। इस मास्टरमाइंड ने अकेले 901 करोड़ का जीएसटी घोटाला किया। इसके पूरे रैकेट में 35 लोग शामिल हैं। इनमें से 19 को पकड़ा जा चुका है, जबकि 16 अभी भी फरार हैं। जीएसटी घोटाले के मास्टरमाइंड सुफियान कापडिया को सूरत पुलिस की इकोनॉमिक सेल ने गिरफ्तार किया। सुफियान ने ही जीएसटी चोरी की शुरूआत की थी। उसके बाद उसने फर्जी दस्तावेजों के आधार पर डमी कंपनियां बनाई और फर्जी बिलिंग कर इनपुट टैक्स क्रेडिट लिया था। जीएसटी घोटाले में करोड़ों रुपए लेकर उसे किस इस्तेमाल किया है, यह अभी नहीं पता चल सका है। पुलिस को विश्वसनीय सूत्रों के अनुसार कई लोगों के फर्जी दस्तावेजों के आधार पर एबी एंटरप्राइज, बारिया एंटरप्राइज, गणेश एंटरप्राइज, जय अंबे एंटरप्राइज जैसी कई डमी कंपनी खोली गई हैं। जीएसटी लाइसेंस लेकर उस फर्म के नाम बैंक अकाउंट खुलवाया गया है। बैंक अकाउंट का उपयोग गैर कानूनी तरीके से व्यापार कर इनपुट टैक्स क्रेडिट ली गई।



### फर्जी दस्तावेज

आरोपी ने केमिकल-कबाड़ के व्यापार के नाम पर फर्जी बिलिंग की। अकेले 901 करोड़ का जीएसटी घोटाला किया

**15 राज्यों में भी 250 से अधिक फर्जी कंपनियां रजिस्टर्ड:** एसीपी वीरजीत सिंह ने बताया कि आरोपियों ने 250 से अधिक कंपनियां गुजरात से बाहर 15 राज्यों में अलग-अलग रजिस्टर्ड कराईं। सबसे पहले इस रैकेट में शामिल उस्मान को भावनगर से गिरफ्तार किया गया था। वह भावनगर और सूरत से जीएसटी चोरी गैंग ऑपरेट करता था। इस घोटाले का मुख्य सूत्रधार सुफियान कापडिया फरार चल रहा था, जिसे इकोनॉमिक सेल ने सूरत से गिरफ्तार कर लिया है।

# 'जातीय आधारित गणना का काम रोकना आश्चर्यजनक'

**टीम एक्शन इंडिया/पटना**
**वित्त मंत्री एवं जद (यू) के वरिष्ठ नेता विजय कुमार** चौधरी ने शुक्रवार को कहा कि उच्च न्यायालय द्वारा राज्य सरकार के जातीय आधारित गणना का काम रोक देना आश्चर्यजनक है। इस आदेश के अनुसार राज्य सरकार अपनी आबादी के विभिन्न समूहों की गणना एवं उनके आर्थिक स्थिति का सर्वेक्षण नहीं करा सकती है। विजय चौधरी ने कहा कि प्रश्न यह है कि कल्याणकारी राज्य में विभिन्न गरीब एवं वंचित परिवारों की पहचान कर उन्हें विशेष लाभ प्रदान करने के लिए योजनाएं फिर कैसे बन पायेंगी?



न्यायालय ने दोनों तरह की बातें की हैं, जिसमें कहा गया है कि विधानमंडल में जब सर्वसम्मत प्रस्ताव पारित हुआ, तो फिर इसके लिए कानून क्यों नहीं बनाया गया है ? इसके विपरीत इसी आदेश में यह भी कहा गया है कि इस पर कानून बनाना विधान सभा के क्षेत्राधिकार से बाहर है। दूसरी ओर, इसी प्रकार की सूचनाएं जब केंद्र सरकार के द्वारा सामान्य जनगणना में ली जाती हैं तो उससे निजता के अधिकार का हनन नहीं होता, तो फिर वैसी ही सूचनाएं

### उठाया सवाल

वित्त मंत्री चौधरी ने कहा कि उच्च न्यायालय के आदेश पर भाजपा नेताओं की अकबकाहट स्पष्ट प्रतीत हो रही

अगर राज्य सरकार संकलित करती है, तो फिर किसी व्यक्ति के निजता के अधिकार का हनन कैसे होगा जबकि आज सूचना के अधिकार के जमाने में सभी लोगों को सूचनाएं पाने का अधिकार प्राप्त है। वित्त मंत्री चौधरी ने कहा कि उच्च न्यायालय के आदेश पर भाजपा नेताओं की अकबकाहट स्पष्ट प्रतीत हो रही है।

# समलैंगिक विवाह रोकने के लिए राष्ट्रपति को लिखा पत्र

**टीम एक्शन इंडिया/सहरसा**
**भारत के सर्वोच्च न्यायालय** द्वारा समलैंगिक विवाह को मान्यता दिये जाने पर भारतीय समाज के लोग अचंभित है। इस कानून को निरस्त किये जाने की मांग विभिन्न सामाजिक एवं सांस्कृतिक संगठन द्वारा किया जा रहा है।इस कड़ी मे ब्राह्मण महासभा ने भी राष्ट्रपति के नाम पत्र लिखकर इस पर प्रतिबंध लगाए जाने की मांग की है। पत्र के माध्यम से उन्होने कहा कि विगत कुछ दिन पूर्व भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने समलैंगिक एवं विपरीत लिंगी आदि व्यक्तियों के विवाह के अधिकार को विधि मान्यता देने का निर्णय लेने की तत्परता दिखाई है। जिससे हमारी संस्कृति और सभ्यता को ठेस पहुंची है। ब्राह्मण महासभा सहरसा के अध्यक्ष ने कहा कि महामहिम राष्ट्रपति महोदया को चिट्ठी लिख कर अनुरोध किया गया है कि इसमें महामहिम महोदया संज्ञान ले ताकि अपनी संस्कृति को बचाया जा सके। ब्राह्मण महासभा सहरसा के कोषाध्यक्ष रौशन मिश्रा ने कहा कि भारत में विवाह का एक सभ्यतागत पारंपरिक महत्त्व है।

# जातीय जनगणना: हाई कोर्ट से जल्द सुनवाई की अपील की

**टीम एक्शन इंडिया/पटना**
**बिहार** में जातीय जनगणना के मामले में हाई कोर्ट से आये आदेश के बाद अब राज्य सरकार ने पटना हाई कोर्ट से आग्रह किया है कि इस पर सुनवाई जल्द की जाए ताकि इस मामले में फैसला जल्द आ सके। पटना हाई कोर्ट में राज्य सरकार ने राज्य में जातियों की गणना एवं आर्थिक सर्वेक्षण को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर तीन जुलाई के पूर्व ही कोर्ट की ओर से सुनवाई करने के लिए याचिका दायर की है। राज्य सरकार ने याचिका में कहा है कि इन जनहित याचिकाओं में उठाए गए मुद्दों पर कोर्ट ने अपना निर्णय अंतिम रूप से दे दिया है। इस कारण इन याचिकाओं की सुनवाई तीन जुलाई के पूर्व ही करके इनका निष्पादन कर दिया जाए ताकि इस मामले में फैसला जल्द आ आये। उल्लेखनीय है कि बीते गुरुवार को कोर्ट ने अंतरिम आदेश देते हुए जातीय जनगणना पर रोक लगा दी थी। मुख्य न्यायाधीश केवी चन्द्रन की खंडपीठ ने अंतरिम आदेश पारित करते हुए राज्य सरकार को निर्देश दिया था कि राज्य सरकार इस दौरान एकत्रित आंकड़ों को शेयर तथा उपयोग फिलहाल नहीं करेगी।




# चाचा ने भतीजे को उतारा मौत के घाट

**सुलतानपुर।** बल्दीराय थाना क्षेत्र के गौराबारामऊ गांव में कलयुगी चाचा ने भतीजे की गला घोंटकर हत्या कर दी। बच्चे की हत्या से क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। पुलिस ने आरोपी चाचा को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। बल्दीराय थाना क्षेत्र के गौराबारामऊ गांव निवासी बब्बन उर्फ गोलई पासी के 12 वर्षीय पुत्र शिवा की हत्या से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। शिवा कक्षा 6 में पढ़ता था। उसकी मौत की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची तो देखा कि बच्चे के मुंह और गले पर काला पड़ने का निशान है।

# पटना एयरपोर्ट: एयरवेज के विमान की इमरजेंसी लैंडिंग

**टीम एक्शन इंडिया/पटना**
**पटना एयरपोर्ट** पर शुक्रवार को बांग्लादेश के विमान की इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। यह फ्लाइट बांग्लादेश के ढाका से नेपाल के काठमांडू जा रही थी। फ्लाइट में करीब 77 यात्री थे। तकनीकी खराबी होने की वजह से इसे पटना एयरपोर्ट पर उतारा गया। एयरपोर्ट के तकनीकी टीम ने फ्लाइट की जांच की। करीब चार घंटे बाद फ्लाइट फिर काठमांडू के लिए रवाना हुई। पहले इन्हें अब एयर इंडिया की फ्लाइट से भेजने की तैयारी थी, लेकिन फ्लाइट की गड़बड़ी को



सुधार लिया गया। डीजीसीए ने बताया कि ढाका से काठमांडू जाने वाली विमान बांग्लादेश की फ्लाइट 371 को तकनीकी खराबी के चलते बिहार के पटना डायवर्ट कर दिया गया। फ्लाइट में सवार सभी 77 यात्री सुरक्षित हैं। इससे पहले पिछले साल 19 जून को पटना में भी स्पाइसजेट के विमान की लेफ्ट विंग में टेकऑफ के वक्त चिंगारी निकलने लगीं थीं।

**सुरक्षा का सवाल** — सांसद के सुरक्षाकर्मियों ने खदेड़ कर तीनों बदमाशों को पकड़ लिया और स्थानीय थाने को सुपुर्द कर दिया

# बिहार में बेखौफ बदमाश: सांसद पर तानी पिस्टल

**टीम एक्शन इंडिया/पटना**
**बिहार** में सुशासन के राज में अब सांसद भी सुरक्षित नहीं है। ताजा मामला औरंगाबाद से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सांसद सुशील सिंह से जुड़ा है, जिनके ऊपर शुक्रवार को तीन बदमाशों ने पिस्टल तान दी। जिले के बारुण थाना क्षेत्र में यह वारदात हुई। सांसद के सुरक्षाकर्मियों ने खदेड़ कर तीनों बदमाशों को पकड़ लिया और स्थानीय थाने को सुपुर्द कर दिया। भाजपा सांसद काफिले के साथ कहीं जा रहे थे। इसी दौरान बदमाश महिला का चेन छीन कर भाग रहा था।



बदमाशों को लगा की भाजपा सांसद पीछा करने लगे हैं। इसके बाद बदमाशों ने रुक कर उनपर पिस्टल तान दी। साथ ही कहा कि अगर पीछा करोगे तो गोली मार देंगे। तभी सांसद का सुरक्षा गार्ड गाड़ी खोलकर उतरने लगा। इसे देख बदमाश भागने लगे लेकिन सुरक्षा गार्डों ने एनएच-19 पर खदेड़ कर उन्हों धर दबोचा। पकड़े गए आरोपितों के पास से एक पिस्टल, एक देसी कट्टा और 7 कारतूस बरामद हुआ है। सभी को सांसद के सुरक्षा गार्डों ने स्थानीय थाना को सौंप दिया। स्थानीय सांसद सुशील सिंह ने हिन्दुस्थान समाचार से बातचीत में कहा कि जिसकी उम्मीद नहीं थी आज वैसा बिहार हमें दिख रहा है। कल्पना भी नहीं कर सकते हैं, जिस तरह से अपराधियों ने हिम्मत की है। इसे जंगलराज नहीं तो और क्या कहेंगे। अपराधी जब चाहे जहां चाहे किसी को भी टारगेट कर ले लेकिन गूंगी बहरी सरकार हाथ पर हाथ धरे बैठी रह जाएगी।